संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 12 मार्च 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक कार्यक्रम का रिबन काटकर शुभारंभ करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 69 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# मल्लिकार्जुन खरगे के एक शब्द पर संसद में तनातनी

● राज्यसभा में जमकर हंगामा, क्या-क्या ठोकना है, हम ठीक से ठोकेंगे, राज्यसभा में खरगे के बयान पर हंगामा,

**माफी मांगी**

**▶▶ आसन को कहा कि आपको नहीं, सरकार को ठोकेंगे। हम सरकार की बात कर रहे थे: खरगे**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान मंगलवार को राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने उपसभापति हरिवंश को कुछ ऐसा कह दिया, जिसे लेकर जमकर हंगामा हुआ। इसके लिए भाजपा ने उन पर जमकर निशाना साधा और माफी की मांग की। मामला बढ़ता देख मल्लिकार्जुन खरगे ने माफी भी मांग ली। उन्होंने हाथ जोड़कर सफाई दी। उन्होंने आसन को संबोधित करते हुए कहा कि आपको नहीं, सरकार को ठोकेंगे। हम सरकार की बात कर रहे थे।

**क्या है मामला?**
दरअसल, राज्यसभा की कार्यवाही चल रही थी। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष कुछ बोलना चाह रहे थे। तभी उपसभापति ने उन्हें रोका। उपसभापति ने उनकी जगह कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह को बोलने को कहा। इस बीच मल्लिकार्जुन खरगे अपनी सीट से उठे और बोलना शुरू कर दिया। जब उन्हें रोका गया तो उन्होंने तानाशाही का आरोप लगा दिया। उन्होंने सीधे आसन की ओर इशारा करते हुए कहा कि तानाशाही चल रही है। मैं बोलना चाहता हूं। इसकी तैयारी भी की है और आपको क्या-क्या ठोकना है, ठीक से ठोकेंगे। इस पर उपसभापति ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि आप सत्ता पक्ष से बहस करिए। इस बीच हंगामा शुरू हो गया। इस बीच खरगे ने यूटर्न लेते हुए कहा कि सरकार को ठोकेंगे। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने खरगे के बयान को सदन का अपमान करार दिया।





### केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सुनाई खरीखोटी

**केंद्रीय** मंत्री नड्डा ने मामले में खरगे को खूब खरीखोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि बहुत ही दुख की बात है कि विपक्ष के नेता ने ऐसी भाषा इस्तेमाल की। ऐसे शब्दों का इस्तेमाल आसन के लिए किया। वह अनुभवी हैं और लंबे समय तक संसदीय सदस्य के रूप में काम किया। उन्होंने राज्य में भी काम किया है और राष्ट्रीय राजनीति में भी काम किया है। उन्होंने जिस भाषा का उपयोग किया है, वह सदन का अपमान है।

### सदन में मंत्री नहीं थे उपस्थितः खरगे

**राज्यसभा** की कार्यवाही शुरू होने के बाद उपसभापति ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिह बिट्टू का नाम पुकारा और उन्हें सदन में आवश्यक दस्तावेज रखने को कहा लेकिन मंत्री सदन में मौजूद नहीं थे। इस पर विपक्षी सदस्यों ने आपत्ति जताई और मंत्री की अनुपस्थिति को शर्मनाक बताया। खरगे ने कहा कि नेता सदन ने कल नसीहत दी थी कि नेता प्रतिपक्ष और विपक्ष के सदस्यों को सदन के नियमों का फ्रेसर कोर्स कराने की जरूरत है लेकिन मैं पूछता हूं कि आप क्यों ट्रेनिंग नहीं लेते? आपके लोग समय पर नहीं आते। मंत्री गण भी

### त्रिभाषा को लेकर संसद के बाहर डीएमके के सांसदों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति और त्रिभाषा को लेकर संसद के बाहर द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के सांसदों ने प्रदर्शन किया। मंगलवार को राज्यसभा में हंगामे के बीच शून्य काल में सदन की बैठक को 12 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा। डीएमके सांसद कनिमोझी और अन्य सांसद काले कपड़े पहनकर तमिलनाडु पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की टिप्पणी का विरोध किया। उन्होंने प्रधान से माफी मांगने को कहा। डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा, 'केंद्र सरकार तमिलनाडु को मिलने वाले पैसे को रोक रही है। कह रही है कि हमें तीन-भाषा नीति और इनईपी पर हस्ताक्षर करना है।



दिल्ली भाजपा के होली मंगल मिलन में मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने जमकर खेली होली।

### केजरीवाल पर एफआईआर दर्ज करें: कोर्ट

**नई दिल्लीः आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए मंगलावर को एक बुरी खबर आई। राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने शिव कुमार सक्सेना की अर्जी को स्वीकार्य किया। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को 18 मार्च को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

शिकायतकर्ता ने द्वारका में बड़े होर्डिंग्स लगाए जाने को लेकर सार्वजनिक पैसों की बर्बादी मानते हुए कोर्ट में इसकी शिकायत की थी।

## नॉर्थ-ईस्ट के युवा को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा: शाह



**प्रेरित किया**

**▶▶ नॉर्थ-ईस्ट के छात्रों को 2047 तक मजबूत और विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा आयोजित नॉर्थ-ईस्ट छात्र एवं युवा संसद को संबोधित करते हुए कहा कि 10 साल के अंदर नॉर्थ-ईस्ट के एक भी युवा को रोजगार के लिए देश के दूसरे हिस्सों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें नॉर्थ ईस्ट में ही रोजगार के अवसर मिलेंगे। गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया और नॉर्थ-ईस्ट के छात्रों को 2047 तक मजबूत और विकसित भारत के निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाने, शैक्षिक पहल को बढ़ावा देने और नॉर्थ-ईस्ट के युवाओं के बीच सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में शांति नहीं होती है, वहां विकास नहीं हो सकता और मोदी सरकार ने नॉर्थ ईस्ट में शांति लाने का काम किया है। भाजपा सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने पूर्वोत्तर और शेष भारत के बीच की दूरी को कम कर दिया है। वर्ष 2027 तक नॉर्थ-ईस्ट की हर राजधानी ट्रेन, विमान और सड़क मार्ग से जुड़ जाएगी। शाह ने कहा कि आतंकवाद, अलगाववाद, हिंसा, ड्रग, बंद और प्रांतवाद ने नॉर्थ-ईस्ट को अनेक टुकड़ों में बांट दिया। इसके कारण पिछले 40 साल जब देश विकास के रास्ते पर चल रहा था, नॉर्थ-ईस्ट पिछड़ता गया। शाह ने कहा कि भाजपा शासन में हमेशा नॉर्थ-ईस्ट को वरीयता दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के शासन काल में पूर्वोत्तर के लिए अलग मंत्रालय का गठन किया गया।

### केंद्र ने कुश्ती संघ का निलंबन किया खत्म

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने भारतीय कुश्ती संघ के निलंबन को समाप्त कर उसकी मान्यता तत्काल प्रभाव से बहाल कर दी है। इसकी सूचना केंद्रीय युवा और खेल मंत्रालय ने दिल्ली हाई कोर्ट को दी। केंद्र की इस सूचना के बाद चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका निस्तारित कर दी। कोर्ट में केंद्र सरकार ने कहा कि खेल मंत्रालय के निदेशक के 10 मार्च के आदेश के मुताबिक 2023 में भारतीय कुश्ती संघ के निलंबन का आदेश वापस ले लिया गया है। इस आदेश के तहत भारतीय कुश्ती संघ को नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन के रूप में मान्यता दी गई है। कोर्ट ने कहा कि उसके पास सिंगल बेंच के आदेश को चुनौती दी गई है। सिंगल बेंच ने तदर्थ समिति की बहाली का आदेश दिया था। सिंगल बेंच ने कहा था कि भारतीय ओलंपिक संघ चाहे तो तदर्थ समिति का पुनर्गठन कर सकती है। चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने याचिका का निस्तारण करते हुए सिंगल बेंच को निर्देश दिया कि वो इस मामले पर सुनवाई में तेजी लाए।

### आयोग ने अनसुलझे मुद्दों के समाधान के लिए राजनीतिक दलों से मांगे सुझाव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए 30 अप्रैल तक सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से सुझावों को आमंत्रित किया है। आयोग ने एक बयान में इसकी जानकारी दी। आयोग की ओर से आज राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत पत्र जारी किए गए हैं। आयोग ने इनमें पार्टी के अध्यक्षों और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ एक पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए बातचीत का भी सुझाव दिया है।

## पीएम ने मॉरीशस के राष्ट्रपति से मुलाकात की

**द्विपक्षीय रिश्ते**

**▶▶ मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दूसरी बार शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पोर्ट लुईस में मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल से स्टेट हाउस में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मॉरीशस के राष्ट्रपति को पीतल-तांबे के बर्तन में हाल ही में प्रयागराज में संपन्न महाकुम्भ का पवित्र जल भेंट किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और मॉरीशस के बीच विशेष और घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस संदर्भ में दोनों देशों के बीच साझा इतिहास और लोगों के बीच मजबूत संबंधों के अस्तित्व को याद किया। मोदी ने कहा कि मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दूसरी बार शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री ने विशेष सम्मान के तौर पर राष्ट्रपति गोखूल और प्रथम महिला वृंदा गोखूल को ओसीआई कार्ड सौंपे। प्रधानमंत्री ने भारत सरकार के सहयोग से स्थापित स्टेट हाउस में आयुर्वेद उद्यान का भी दौरा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुर्वेद सहित पारंपरिक चिकित्सा के लाभों को आगे बढ़ाने में मॉरीशस भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। वार्ता के बाद राष्ट्रपति गोखूल ने प्रधानमंत्री के सम्मान में राजकीय भोज का आयोजन किया।

## 'पंजाब सरकार शिक्षा का राजनीति न करें'



**आरोप**

**▶▶ राजनीतिक स्वार्थ के लिए राज्य की शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए राज्य की शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए छात्रों के भविष्य को दांव पर लगाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राज्य में शिक्षा का राजनीतिकरण बंद हो, वर्ना जनता करारा जवाब देगी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने मंगलवार को मीडिया से कहा कि 36 महीने बीतने के बाद भी आप सरकार ने पंजाब के लिए एक भी नया काम नहीं किया, उल्टा पूरे प्रदेश का बेड़ा गर्क कर दिया। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने पंजाब बोर्ड की 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान परीक्षा में पूछे गए सवालों को लेकर आप सरकार को आड़े हाथों लिया।

## किसानों के विरोध के एक दिन बाद प्याज की नीलामी शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक में स्थित एशिया में प्याज के सबसे बड़े थोक बाजार में प्याज की नीलामी मंगलवार को एक बार फिर शुरू हो गई है। एक दिन पहले प्याज की कीमत में गिरावट के विरोध में किसानों ने कुछ समय के लिए इसकी नीलामी रोक दी थी। किसानों ने कीमतों में गिरावट के खिलाफ पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध-प्रदर्शन किया था। लासलगांव कृषि उत्पाद बाजार समिति (एपीएमसी) के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को प्याज पर लागू 20 फीसदी का निर्यात शुल्क हटाए जाने की मांग की। उनका दावा है कि निर्यात शुल्क के कारण कीमतों में गिरावट हो रही है।

## केंद्र ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को 31 मार्च 2026 तक बढ़ाया

**उत्पादन**

**▶▶ डीजीएफटी ने अधिसूचना में कहा कि उड़द की मुफ्त आयात नीति 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दी गई है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दिया है। घरेलू उत्पादन में कमी के कारण यह कदम उठाया गया है। इससे पहले यह मियाद 31 मार्च 2025 तक थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने सोमवार को एक अधिसूचना में कहा कि उड़द की मुफ्त आयात नीति 31 मार्च, 2026 तक बढ़ा दी गई है। इसके साथ ही डीजीएफटी ने जारी अन्य अधिसूचना में पीली मटर के शुल्क मुक्त आयात की समय-सीमा को 31 मार्च, 2025 तक बढ़ाने की जानकारी दी। सरकार के इस इस कदम से घरेलू बाजार में दलहन की कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में उड़द का आयात अप्रैल से नवंबर के दौरान 60.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा है, जिसमें 54.9 करोड़ डॉलर का आयात म्यांमार से किया गया है। भारत, म्यांमार के अलावा सिंगापुर, थाईलैंड और ब्राजील से उड़द का आयात करता है। उल्लेखनीय है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा उड़द उत्पादक और उपभोक्ता भी है।

**ट्रेन हाईजैक** कई ट्रेन के चालक समेत कई यात्री घायल हो गए हैं, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली

# सुरंग में कई घंटे से खड़ी हाईजैक ट्रेन, 182 यात्री कैद, 20 सैनिकों की हत्या...



**बंधक बनाया**

**▶▶ रिंद ने कहा कि पहाड़ी इलाका होने के कारण अधिकारियों को घटनास्थल तक पहुंचने में कठिनाई हो रही**

**टीम एक्शन इंडिया**
**बलूचिस्तानः** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में मंगलवार को ट्रेन पर फायरिंग की गई। रिपोर्ट के मुताबिक बलूचिस्तान के माच क्षेत्र में हथियारबंद लोगों ने बोलन जिले के पास क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला कर दिया। हमले में कई ट्रेन के चालक समेत कई यात्री घायल हो गए हैं। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली है। रेलवे के मुताबिक नौ कोच वाली ट्रेन में 500 यात्री सवार हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन यात्रियों को बंधक बना लिया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बलूचिस्तान सरकार ने २ लागू कर दिया है।
पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक रेलवे नियंत्रक मुहम्मद काशिफ ने कहा कि क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस को छह हथियारबंद लोगों ने पेहरो कुनरी और गदलार के बीच सुरंग नंबर आठ के पास रोक लिया। डॉन न्यूज के मुताबिक नौ कोच वाली इस ट्रेन में 450 से 500 यात्री सवार हैं। ट्रेन के हाईजैक की सूचना मिलने पर बलूचिस्तान सरकार ने आपातकाल लागू कर दिया है। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि सिबी अस्पताल में आपातकाल लागू कर दिया गया है। जबकि एंबुलेंस और सुरक्षा बल घटनास्थल की ओर रवाना हो गए हैं।
रिंद ने कहा कि रेलवे ने भी बचाव कार्य शुरू कर दिया है। रिंद ने कहा कि पहाड़ी इलाका होने के कारण अधिकारियों को घटनास्थल तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर छह हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी की। जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। हमले में कई यात्री घायल हो गए। ट्रेन के चालक को गंभीर चोटें आई हैं। बचाव दल और सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और हमलावरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।
पिछले साल अक्तूबर में पाकिस्तान रेलवे ने डेढ़ महीने से अधिक समय के निलंबन के बाद क्वेटा और पेशावर के बीच रेल सेवाएं बहाल करने की घोषणा की थी। बलूचिस्तान में पिछले साल आतंकी हमलों में वृद्धि देखी गई है। नवंबर 2024 में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर एक आत्मघाती विस्फोट के बाद कम से कम 26 लोग मारे गए और 62 घायल हो गए।

## देश को 15 से 20 वर्षों में 30 हजार पायलटों की होगी जरूरत: नायडू




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने मंगलवार को कहा कि भारत को अगले 15 से 20 साल में 30 हजार पायलट की जरूरत होगी। इसकी वजह घरेलू एयरलाइनों ने अपने नेटवर्क का विस्तार करने के लिए 1,700 से ज?यादा विमानों का ऑर्डर देना है, जबकि वर्तमान में 800 से अधिक विमान हैं।
केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ने एयरो क्लब ऑफ इंडिया और शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के बीच 200 प्रशिक्षक विमानों के ऑर्डर के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दानिश उर्फ मोहम्मद आदिल** पुत्र **मोहम्मद अकिल** निवासी **105–ए, ब्लॉक–ए, सुभाष मोहल्ला, गली बजरंग बली वाली, मौजपुर, दिल्ली** एवं **10–बी/65, गली नं. 12, शिव मंदिर, मौजपुर, दिल्ली** ने case **FIR No. 393/13 U/s 379/411 IPC, थाना दरिया गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **दानिश उर्फ मोहम्मद आदिल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दानिश उर्फ मोहम्मद आदिल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 393/13 U/s 379/411 IPC, थाना दरिया गंज, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दानिश उर्फ मोहम्मद आदिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 19.04.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**डॉ. राज कुमार सिंह**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 (केन्द्रीय)**
**कमरा नं. 241**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/2878/CD/2025(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कोमल पत्नी संजू उर्फ कांजा** निवासी म.नं. **638**, गली नं. **74**, लखपत कॉलोनी, पार्ट–II, मिठापुर **एक्सटेंशन, जैतपुर, नई दिल्ली** ने case **FIR No. 122/2023 U/s 33 Delhi Excise Act, थाना जैतपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **कोमल** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कोमल** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है।)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि case **FIR No. 122/2023 U/s 33 Delhi Excise Act, थाना जैतपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कोमल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 17.04.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री छवि बंसल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–II**
**दक्षिण पूर्व जिला, कमरा नं. 9**
**साकेत कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/2973/SE/2025(Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरव नागर**, **पुत्र** : श्री विनय नागर, **पता:** मकान नं. 280–डी, पॉकेट–ई, दिलशाद गार्डन, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 18517/2018 U/S 379/411 IPC, थाना: जीटीबी एन्कलेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव नागर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव नागर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 18517/2018 U/S 379/411 IPC, थाना: जीटीबी एन्कलेव, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गौरव नागर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री संघमित्रा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–01**
**कमरा नं. 54, कड़कड़डूमा, दिल्ली**

**DP/2956/SHD/2025 (Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम: **आमिर उर्फ सलीम उर्फ टिल्लन उर्फ शमशाद, निवासी: सी–61/13, गली नंबर 4, मोहनपुरी, मौजपुर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.555/2024 दिनांक 16.12.2024 U/s. 221/132/109(1)/317(2) BNS & 25/27 आर्म्स अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना स्पेशल सेल, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **आमिर उर्फ सलीम उर्फ टिल्लन उर्फ शमशाद** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **आमिर उर्फ सलीम उर्फ टिल्लन उर्फ शमशाद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **आमिर उर्फ सलीम उर्फ टिल्लन उर्फ शमशाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अनुज कुमार सिंह**
**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,**
**नई दिल्ली जिला, 25, ग्राउंड फ्लोर,**
**पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/3010/Spl. Cell/2025**


# कमरे में इस हाल में मिले पति-पत्नी के शव, युवक की जेब से मिला ये सामान

**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के कविनगर क्षेत्र स्थित महिंद्रा एन्क्लेव में दंपती ने सोमवार की रात फांसी लगाकर जान दे दी। आसपास के लोगों को घटना की जानकारी शाम करीब चार बजे लगी। पुलिस के मुताबिक, मृतक पीयूष (24 वर्ष) और उसकी पत्नी निशा (18 वर्ष) के शव एक ही फंदे से लटके हुए मिले हैं। पीयूष मूल रूप से फरुर्खाबाद के अलापुर गांव का रहने वाला था। पीयूष मजदूरी करता था और कई दिनों से काम पर भी नहीं जा रहा था। पार्षद अमित कुमार ने बताया कि दंपती 18 फरवरी को ही रहने आया था। पड़ोसियों ने कल रात करीब साढ़े 10 बजे उन्हें देखा था लेकिन उसके बाद दोनों बाहर नहीं निकले। आज

## बाबरपुर बस टर्मिनल का नाम छत्रपति संभाजी महाराज रखे जाने की मांग

**दिल्ली :** छत्रपति संभाजी महाराज के 336 वें बलिदान दिवस पर उनको श्रद्धांजलि देकर उन्हें नमन करने का कार्यक्रम यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट दिल्ली इकाई द्वारा उत्तरी-पूर्वी दिल्ली के बाबरपुर विधानसभा क्षेत्र के बाबरपुर टर्मिनल पर रखा गया। स्थानीय आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी, यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के पदाधिकारी व अन्य हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने पहुंचकर संभाजी महाराज को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट व वरिष्ठ नेता भाजपा श्री जय भगवान गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि अब समय आ गया है कि आक्रांताओं के नाम से बने रोड़, गांव शहर व उनकी मजारे हटनी चाहिए और संभाजी महाराज के बलिदान दिवस पर ये सच्ची ही श्रद्धांजलि होगी। क्रूर आक्रांता औरंगजेब की कब्र को सदा-सदा के लिए संभाजी नगर से हटाया जाए और भारत माता के महान सपूत छत्रपति संभाजी महाराज जिन्होंने 9 सालां में 120 युद्ध लड़कर सभी जीते। सबसे पहले मुगलों के शहर बुरहानपुर को नष्ट कर उन्हें चुनौती दी। संभाजी महाराज ने हिन्दू धर्म की सभी जातियों को एकजुट कर-के शिवाजी महाराज की तरह अपनी मजबूत सेना का गठन कर रखा था जो हर समय हिन्दुत्व व स्वराज के लिए लड़ने-मरने को तैयार रहती थी। शिवाजी महाराज जी के जाने के बाद मराठा हिन्दुओं का खून ठण्डा नहीं हुआ था औरंगजेब ने धोखे से संभाजी को गिरफ्तार कर 40 दिनों तक बंदी बनाकर उनकर खूब जुल्म ढहाए कड़ी यातनाएं दी।

## म्यांमार में बंधक बनाए गए 283 लोग लाए गए भारत... सीबीआई

**गाजियाबाद :** म्यांमार में बंधक 530 लोगों में से 283 को सोमवार की देर रात सीआईआई और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसी की निगरानी में हिंडन एयरपोर्ट पर लाया गया। इनमें से कुछ आईटी विशेषज्ञ भी हैं। हिंडन एयरपोर्ट पर करीब एक घंटे तक इनसे पूछताछ की गई। इसके बाद इन्हें बसों द्वारा सीआरपीएफ की निगरानी में मधुबन बापूधाम स्थित सीबीआई एकाडेमी में लाया गया। जहां रातभर पूछताछ करने के बाद सुबह सात बजे इन्हें उनके घर भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि मंगलवार की देर शाम 247 बंधकों को विमान से हिंडन एयरपोर्ट पर लाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार सीबीआई की पूछताछ में बंधनमुक्त आईटी विशेषज्ञों ने बताया कि उन्हें म्यांमार से कॉल करके विदेश में नौकरी का झांसा देकर बुलाया गया।


## उत्तर रेलवे

**शुद्धि पत्र**

संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक **73/2024-2025** दिनांक **19-11-2024**
ii) निविदा संख्या **15245204 13/03/2025** को देय है।

1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में पात्रता मानदंड को संशोधित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

**773/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

**होली त्यौहार–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का दिल्ली क्षेत्र के स्टेशनों से तिथिवार संचालन निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 12.03.2025 (बुधवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सैंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 09004 | दिल्ली जं. | 13:05 | मुंबई सेन्ट्रल | 13:30 | दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाडी जं., अलवर, बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिंडवाड़ा, आबू रोड, पालनपुर जं., महेसाणा जं., साबरमती बीजी, वडोदरा जं., उधना जं., वलसाड, वापी और बोरीवली स्टेशन। |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन। |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, हाथीदह जं., लक्खीसराय जं., किउल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. और सुल्तानगंज स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सैंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर और पटना जं. स्टेशन। |
| 04072 | नई दिल्ली | 14:45 | कटिहार जं. | 14:00 | दिल्ली जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया और मानसी स्टेशन |
| 04076 | नई दिल्ली | 19:15 | कामाख्या जं. | 08:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगडिया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूच बिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड और रंगिया जं स्टेशन |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05306 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जंक्शन, गोंडा जंक्शन, मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन और सीवान जंक्शन स्टेशन। |
| 04074 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | जोगबनी | 23:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया जं. और फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| **दिनांक 13.03.2025 (बृहस्पतिवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04024 | दिल्ली जं. | 19:30 | वाराणसी जं. | 09:45 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जंक्शन और मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन स्टेशन। |
| 04026 | दिल्ली जं. | 23:05 | रक्सौल जं. | 19:00 | गाजियाबाद, हापुड, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जंक्शन, गोरखपुर और नरकटियागंज जंक्शन स्टेशन। |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन। |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | गया जं | 01:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम और डेहरी–ऑन–सोन स्टेशन। |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जं. | 22:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर . जं., समस्तीपुर जं., दलसिंहसराय, बरौनी जं., बेगुसराय, खगड़िया जं. और मानसी जंक्शन स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेन्द्र नगर | 07:45 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर और पटना जं. स्टेशन। |
| 04078 | नई दिल्ली | 14:45 | कटिहार जं. | 14:00 | दिल्ली जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, बरौनी, बेगू सराय, खगड़िया और मानसी स्टेशन |
| 04084 | नई दिल्ली | 19:15 | कामाख्या जं. | 08:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., बारसोई जं., किशनगंज, न्यू जलपाईगुडी, न्यू कूच बिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बोंगाईगांव, बारपेटा रोड और रंगिया जं स्टेशन |
| 04014 | आनन्द विहार (ट.) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर पाटलिपुत्र, हाजीपुर जंक्शन, मुजफ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, दरभंगा जंक्शन और मधुबनी स्टेशन |
| 04028 | आनन्द विहार (ट.) | 23:55 | जोगबनी | 03:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया, अररिया और फोर्बसगंज स्टेशन। |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05114 | आनन्द विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा जंक्शन, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, पडरौना, तमकुही रोड, थावे जंक्शन, दिघवा दुबौली, मशरख और छपरा कचहरी स्टेशन। |
| 03012 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | हावड़ा | 03:00 | टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, धनबाद, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान और बैंडेल स्टेशन। |
| 01708 | आनन्द विहार (ट.) | 18:05 | जबलपुर जं. | 10:00 | गाजियाबाद, अलीगढ़ जंक्शन, टूंडला जंक्शन, इटावा जंक्शन, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जंक्शन, शंकरगढ़, मानिकपुर जंक्शन, सतना, मैहर और कटनी स्टेशन। |
| 04080 | आनन्द विहार (ट.) | 19:00 | जोगबनी | 23:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नौगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया जं. और फारबिसगंज जं. स्टेशन |
| 08761 | हज़रत निज़्ज़ामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 13:50 | मथुरा जंक्शन, आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, उमरिया, शहडोल, अनुपपुर जंक्शन, पेंड्रा रोड, उसलापुर और रायपुर जंक्शन स्टेशन। |
| **दिनांक 14.03.2025 (शुक्रवार) को दिल्ली क्षेत्र से प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04012 | दिल्ली जं. | 19:30 | दरभंगा | 16:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढी और जनकपुर रोड स्टेशन। |
| 04062 | दिल्ली जं. | 23:55 | पटना जं. | 16:40 | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन। |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन और अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन। |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टुंडला जं., इटावा, गोविंदपुरी और फतेहपुर स्टेशन। |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, गोंडा जं. और बस्ती स्टेशन। |
| 02436 | नई दिल्ली | 08:30 | पटना जं. | 20:10 | गाजियाबाद, अलीगढ़, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा स्टेशन। |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पडित दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं. एवं बिहार शरीफ जं. स्टेशन। |
| 04018 | आनन्द विहार (ट.) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:00 | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., नरकटियागंज जं., सगौली जं. और बापूधाम मोतिहारी स्टेशन। |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 00:30 | सीतामढ़ी | 02:00 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी जं., औंड़िहार, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. और मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन। |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन। |
| 05578 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जंक्शन, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर जंक्शन, कप्तानगंज जंक्शन, बगहा, नरकटियागंज जंक्शन, रक्सौल जंक्शन, बैरगनिया, सीतामढी, जनकपुर रोड, दरभंगा जंक्शन, सकरी जंक्शन, झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल और गढ़ बरुआरी स्टेशन। |
| 05204 | आनन्द विहार (ट.) | 09:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 05:00 | गोविंदपुरी, प्रयागराज जंक्शन, पं. उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर जंक्शन और हाजीपुर जंक्शन स्टेशन। |
| 07708 | हज़रत निज़्ज़ामुद्दीन | 03:15 | चर्लपल्ली | 09:30 | आगरा कैंट, वीरांगना लक्ष्मीबाई (झांसी), बीना जंक्शन, रानी कमलापति (भोपाल), नागपुर, चंद्रपुर महाराष्ट्र, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, मंचेरियल रामागुंडम और काजीपेट जं. स्टेशन. |
| 02982 | हज़रत निज़्ज़ामुद्दीन | 06:00 | सोगरिया | 13:10 | मथुरा जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, बयाना जंक्शन, हिण्डौन सिटी, गंगापुर सिटी और सवाई माधोपुर स्टेशन। |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — पर हमें फॉलो करें


# क्लासीफाइड

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं।

## नाम परिवर्तन

**मैं** विनोद कुमार सचेदवा पुत्र श्री श्रीचंद सचदेवा ए49/50 दूसरी मंजिल, लेफ्ट साईड, केवल पार्क एक्सटेंशन, आजादपुर, दिल्ली-110033 का निवासी हूं। मेरा सही नाम विनोद कुमार सचेदवा है जोकि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में भी उल्लेखित है। पूर्व में मैं विनोद सचदेवा के नाम से जाना जाता था। विनोद कुमार सचेदवा और विनोद सचदेवा दोनों मेरा ही नाम है। भविष्य में मुझे विनोद कुमार सचेदवा के नाम से जाना जाए।

## बेदखली सूचना

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।





# निगम पार्षद अजीत यादव ने स्कूलों में किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बादली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अजेश यादव के नेतृत्व में वार्ड-17 के निगम पार्षद अजीत यादव ने वार्ड 17 के भलस्वा गांव स्थित प्राइमरी स्कूलों में सफाई व्यवस्था को लेकर अचानक निरीक्षण किया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि मैं समय-समय पर क्षेत्र का निरीक्षण कर रहा हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रहा हूं और अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है, उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## चार साल के बच्चे को परिजनों से मिलवाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दक्षिण जिले के लोधी कॉलोनी थाना पुलिस ने घर से लापता चार साल के बच्चे को परिवार से मिलवाया है। बच्चा घर से दूर लोधी रोड लाल बत्ती तक आ गया था। वहां से वह घर का रास्ता भूल गया। पुलिस ने बच्चे के संबंध में जानकारी जुटाने के बाद उसके परिजनों को सूचित किया। पुलिस के अनुसार लोधी कॉलोनी पुलिस को सोमवार शाम सूचना मिली कि लोधी रोड पर दयाल सिंह कॉलेज के समीप एक बच्चा लावारिस हालत में खड़ा है और रो रहा है। तत्काल थाने से एक पुलिस टीम मौके पर भेजी गई। वहां पता चला कि बच्चे की उम्र चार साल है। वह अपने माता पिता का नाम व पता बताने में असमर्थ था।

## विधानसभा नियमों और संसदीय परंपराओं की गरिमा दिल्ली में फिर से हुई बहाल: गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि उपराज्यपाल द्वारा दिल्ली की 8वीं विधानसभा के पहले सत्र को समाप्त करने और दूसरे सत्र को 24 से 28 मार्च तक बुलाने के आदेश से संविधान, विधानसभा नियमों और संसदीय परंपराओं की गरिमा दिल्ली में फिर से बहाल हो गई है। उन्होंने कहा कि पिछली आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार ने संवैधानिक प्रावधानों, विधायी प्रक्रियाओं और संसदीय परंपराओं की खुली अवहेलना करते हुए दिल्ली विधानसभा को एक दिखावटी मंच बना दिया था। विधानसभा अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि आमतौर पर



भारत की संसद और सभी राज्य विधानसभाओं में हर साल तीन सत्र होते हैं। बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र। इसके अतिरिक्त खास परिस्थितियों में कभी-कभी विशेष सत्र भी बुलाए जाते हैं लेकिन 2020 से 2025 तक के पांच साल के कार्यकाल में सातवीं दिल्ली विधानसभा ने केवल चार सत्र आयोजित किए। कुछ मामलों में बिना विधानसभा को औपचारिक रूप से समाप्त किए ही सत्र बुलाए गए, जिनका उपयोग संवैधानिक संस्थाओं और अन्य राज्य सरकारों की आलोचना के लिए किया गया। गुप्ता ने कहा कि अब नई सरकार के सत्ता में आने के बाद विधानसभा की गरिमा और प्रतिष्ठा बढ़ी है। पहले सत्र को औपचारिक रूप से समाप्त कर दिया गया है और अब दूसरा सत्र यानी बजट सत्र बुलाया जा रहा है। अब से विधानसभा हर साल निर्धारित तीन सत्रों का पालन करेगी, जिसमें प्रश्नकाल, निजी विधेयकों पर चर्चा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर बहस होगी।

## विद्यालयों की गौरवशाली परंपरा को पुनर्स्थापित करने की माँग: जीएसटीए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिख कर राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालयों की पुनर्स्थापना और संरक्षण हेतु त्वरित हस्तक्षेप की माँग की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वर्ष 1997 में भाजपा सरकार द्वारा स्थापित इन विद्यालयों ने दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले मेधावी और वंचित छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान की थी, जिससे हजारों छात्र देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे इसरो



गूगल, आईआईएम, आईआईटी व सिविल सेवाओं और अन्य बड़े संस्थानों में स्थान प्राप्त कर चुके हैं। महासचिव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार ने आरपीवीवी को समाप्त करने की योजना बनाकर दिल्ली की सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास किया। 'स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस' के नाम पर इन विद्यालयों को समाप्त करने का षड्यंत्र रचा गया, जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता को दरकिनार कर राजनीतिक प्रचार को प्राथमिकता दी गई। दिल्ली बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन को सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम के तहत पंजीकृत कर यह बदलाव लागू किया गया, जिससे न केवल आरपीवीवी की मूल भावना और उद्देश्य पर गहरा आघात पहुँचा, बल्कि छात्रों के लिए शिक्षा में असमानताएँ भी उत्पन्न हुईं।

## दिल्ली लोकतंत्र सेनानी संघ ने वीरेंद्र सचदेवा को सौंपा ज्ञापन: असडी





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र सचदेवा को दिल्ली प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संघ ने दिल्ली लोकतंत्र सेनानी संघ के सम्मान को लेकर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा व दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर बधाई देते हुए 21 मार्च विजय दिवस कार्यक्रम में आने के लिए न्यौता भी दिया गया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय संरक्षक डॉक्टर सत्यनारायण जटिया, महामंत्री राजिंदर गहलौत, ओपी बब्बर, सुभाष आर्या, संतोष शर्मा, लोकतंत्र सेनानी संघ दिल्ली प्रदेश हरीश असडी सहित दिल्ली प्रदेश के कई पदाधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। असडी ने बताया कि इस दौरान विरेंद्र सचदेवा ने सेनानी संघ को विश्वास दिलाते हुए कहा कि भाजपा व उनसे जितनी मदद बन पाएगी पूरी की जाएगी। इस दौरान हरीश असडी ने कहा कि 21 मार्च को लोकतंत्र सेनानी संघ द्वारा मीसा के बंदीयों की याद में कार्यक्रम आयोजित कर उन सभी देश भक्तो को याद किया जाएगा, जिन्होंने कांग्रेस के शासन काल में साल 1975 मार्च से लेकर साल 1977 तक तिहाड जेल में सजा काटने के साथ ही यातनाएं भी सही, लेकिन अत्याचार के आगे झूके नहीं और हंसते-हंसते यातनाएं सहन करते रहे।

इसके साथ ही हरीश असडी ने कहा कि मीसा बंदी के सेनानीयों को सरकार द्वारा सम्मानित किया जाना चाहिए।

## हाउस टैक्स विभाग की विस्तारित इमारत का हुआ लोकार्पण





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम, केशव पुरम जोन के हाउस टैक्स विभाग की विस्तारित इमारत का भव्य लोकार्पण किया गया। इस भवन में पूर्व में स्थान की कमी के कारण जनता एवं अधिकारियों को असुविधा का सामना करना पड़ता था, जिसे ध्यान में रखते हुए इस नए विस्तार को जनता की सुविधाओं के मद्देनजर तैयार किया गया है। इस अवसर पर केशव पुरम जोन के अध्यक्ष योगेश वर्मा (एडवोकेट), केशव पुरम जोन के उपायुक्त संदीप कुमार, हाउस टैक्स विभाग के अधिकारी कमल कुमार एवं दिनेश शर्मा सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान केशव पुरम जोन के अध्यक्ष योगेश वर्मा ने कहा कि "हाउस टैक्स विभाग दिल्ली नगर निगम का सबसे अधिक राजस्व एकत्रित करने वाला विभाग है। लेकिन दुर्भाग्यवश, टैक्स जमा करने आने वाले नागरिकों और अधिकारियों के लिए बैठने तक की उचित व्यवस्था नहीं थी। अब इस विस्तारित भवन के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हमें अपने कार्य को सेवा के रूप में देखना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि टैक्स देने आने वाले लोगों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। उपायुक्त संदीप कुमार ने भी अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि, "हमें निगम के हित में कार्य करते हुए टैक्स कलेक्शन को अधिकतम बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए।

## विज्ञान भवन: यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे, तो प्रकृति हमारी रक्षा करेगी: भूपेंद्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शैक्षिक फाउंडेशन द्वारा शिवाजी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय सिंधी भाषा संवर्धन परिषद के सहयोग से विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय स्वदेशी ज्ञान परंपरा और धारणक्षम विकास पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और नीति-निमार्ताओं ने भाग लिया और पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक शिक्षा और धारणक्षम विकास के साथ जोड़ने पर विचार-विमर्श किया। केंद्रीय



पर्यावरण, जल और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली ऐसी प्राचीन बुद्धिमत्ता को दशार्ती है, जो पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देती है। उन्होंने जागरूक और वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले ऐसे व्यक्तियों के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया, जो दुनिया का सकारात्मक नेतृत्व कर सकें। वैज्ञानिक अनुसंधान के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने मशीन लर्निंग और उसके नैतिक उपयोग में संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे, तो प्रकृति हमारी रक्षा करेगी," और ऊर्जा, जल, भोजन संरक्षण के साथ ही स्वस्थ और धारणक्षम जीवनशैली को बढ़ावा देने के प्रयासों का आह्वान किया।



वजीरपुर वार्ड में महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी के साथ में है क्षेत्र की महिलाएं।

## राष्ट्रवादी जन लोक पार्टी (सत्य) ने किया होली मिलन समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी(सत्य)ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें पार्टी के पदाधिकारियो और सदस्यों ने एक-दूसरे को चंदन का तिलक लगाकर फूलों के साथ होली मिलन मनाया। इस अवसर पर अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश सत्यपाल सिंह सिसोदिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम के पूर्व पार्टी की अध्यक्षा स्वर्गीय श्रीमती सत्यवती राणा की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन व्रत रख कर श्रद्धांजलि दी। फिर कई कार्यकर्ताओं ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर ठाकुर दुष्यंत सिंह राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश सत्यपाल सिंह सिसोदिया,






उपाध्यक्ष दिल्ली प्रदेश आलोक सिंह, महासचिव अरुण सिंह परिहार, संगठन मंत्री दिल्ली प्रदेश रोहित हाशिया, गुंजन सिंह युवा मोर्चा उपाध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, अभिषेक कुमार सिंह सचिव दिल्ली प्रदेश, विपिन सिंह यूथ महासचिव दिल्ली प्रदेश, जोगिंदर राणा यूथ अध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, कृष्ण मुरारी सचिव दिल्ली प्रदेश, ओपी पवार सचिव दिल्ली प्रदेश, यूथ उपाध्यक्ष करण सिंह सिसोदिया, उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा प्रभारी सत्येंद्र सिसोदिया, सीमा सिंह महिला मोर्चा अध्यक्षा दिल्ली प्रदेश, संगठन मंत्री महिला मोर्चा गीता गौतम, डी पी तोमर राष्ट्रीय अध्यक्ष कामगार सैल, प्रवक्ता व चुनाव प्रभारी ललित तोमर, दिल्ली प्रदेश कोर कमेटी अध्यक्ष चंद्रपाल चौहान आदि ने भारी भाग लिया।

उपस्थित सभी पदाधिकारियों के बीच दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिसोदिया ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं।

## मॉडल टाउन विधानसभा: जनता की रसोई में खाना ही नहीं, परोसा जाता है प्यार: विजय मेहता







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मॉडल टाउन पार्ट-तीन स्थित जय हिंद चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से लगातार 6 सालों से संचालित जनता की रसोई ने इस रविवार को भी हजारों भूखे लोगों को खाना खिलाकर उनका पेट भरा। आपको बतादें कि हर रविवार की तरह इस रविवार को भी रसोई में विशेष कार्यक्रम कर रसोई का फीता काटकर रसोई आरंभ की गई। इसके साथ ही पूजा आराधना कर विधिवत रूप से मेहमानों द्वारा रसोई का फीता काटा गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मॉडल टाउन वार्ड नंबर-68 से निगम पार्षद विकेश सेठी ने शिरकत की। इसी के साथ ही पार्षद सेठी ने जनसेवा के लिए 51 हजार रूपए का चैक दिया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के प्रधान विजय मेहता ने पार्षद विकेश सेठी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विजय मेहता ने बताया कि इस बार की रसोई में सेवा के लिए पार्षद विकेश सेठी के साथ-साथ संजय सहगल, संजीव शर्मा, रमेश जैन, शिव शंकर नरूला, ब्रिजकिशोर गुप्ता, अतुल अरोडा, आशीष गुप्ता, अजय शर्मा, प्रेम अग्रवाल, एससी जिंदल, जवाहर गोयल, राकेश साहनी, निर्भय नरूला, आनंद शर्मा, मुकेश शर्मा एलआईसी, जेके डाबर, हरीश चैधरी, राज जोशी, राजेश शर्मा सहित क्षेत्र के कई जाने-माने समाज सेवी भी मौके पर मौजूद रहे। ट्रस्ट के प्रधान विजय मेहता ने बताया कि हमारी संस्था की ओर से समय-समय पर भंडारे के साथ ही अन्य कार्य भी समाज हित में किए जाते रहते है।

# हरियाणा पुलिस अकादमी में वॉलीबॉल क्लस्टर का हुआ समापन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस
**करनाल।** करनाल में मधुबन स्थित हरियाणा पुलिस अकादमी के परिसर में 73वें अखिल भारतीय पुलिस वॉलीबाल क्लस्टर 2024-25 का समापन हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खेल कौशल का प्रदर्शन है, बल्कि हमारे पुलिस बल की एकता, अनुशासन और समर्पण का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि पुलिस महकमे ने अपने कठिन कर्तव्यों के बीच खेल भावना को जीवंत बनाए रखा और इस प्रतियोगिता को आप लोगों ने सफल बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं होता, बल्कि यह अनुशासन, धैर्य और आत्मबल को विकसित करने को विकसित करने का माध्यम है। खेल मानसिक मजबूती को भी बल प्रदान करते हैं। इस खेल





प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की 35 टीमों के 1088 पुलिसकर्मी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। इनमें 791 में पुरुष और 297 महिलाओं के अतिरिक्त 65 तकनीकी अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होंने पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि हमारी पुलिस न केवल अपने कर्तव्यों को निभा रही है, बल्कि खेलों में भी अपनी छाप छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि आज खिलाड़ियों के दम पर भारत ओलंपिक और अन्य अंतर्राष्ट्रीय खेलों में बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है। हरियाणा के खिलाड़ियों का सर्वाधिक योगदान रहा है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कुछ ही दिन पहले हरियाणा के 11 खिलाड़ियों को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सम्मानित किया गया है। वर्ष 2024 के लिए इनमें से एक खिलाड़ी को मेजर ध्यानचंद अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। 10 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड और एक कोच को द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने भी अंतर्राष्ट्रीय खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। 2024 के पेरिस ओलिंपिक में 6 पदकों में से 5 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते थे। इसी तरह से 2020 के टोक्यो ओलिंपिक में 7 पदक देश को मिले, जिसमें से 4 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों के थे। यही नहीं एशियाई खेलों में भी हरियाणा प्रदेश का प्रदर्शन बड़ा सराहनीय रहा। एशियाई खेल 2022 में 111 पदकों में से 28 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते थे। राष्ट्रमंडल खेलों में भी हरियाणा के खिलाड़ियों ने 20 पदक जीते थे। ये उपलब्धियां हरियाणा की दूरदर्शी खेल नीतियों का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमने उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए रोजगार सुनिश्चित करने हेतु उत्कृष्ट सेवा नियम 2021 बनाने व इसके तहत खेल विभाग में 550 नए पद भी लगाए है। इसके अलावा 224 खिलाड़ियों को हमने सरकारी नौकरी दी है। खिलाड़ियों के लिए क्लास-4 तक के पदों में सीधी भर्तियों में आरक्षण का प्रावधान भी रखा है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है, जो पदक जीतने वाले खिलाडि़यों को सबसे अधिक नगद पुरस्कार देता है। हमने अब तक हरियाणा प्रदेश में खिलाड़ियों को 593 करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार देने का काम किया है। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 298 खिलाड़ियों को मानदेय भी देने का काम किया जा रहा है।

सीएम ने कहा कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले और पदक जीतने वाले छात्रों को छात्रवृति प्रदान की जा रही है। वर्ष 2014 से अब तक 29 हजार से अधिक 5345 लाख रुपए की छात्रवृति पदान की गई है। बचपन से ही खिलाड़ी खेलों की तरफ बढ़े, इसके लिए प्रदेश में 1089 खेल नर्सरियां चलाई जा रही है।

**सेवा नियम**

**प्रतियोगिता न खेल कौशल का प्रदर्शन है, बल्कि पुलिस बल की एकता, अनुशासन और समर्पण का भी प्रतीक**

## नूंह के जच्चा-बच्चा अस्पतालों में बच्चों की मौत का मुद्दा उठा

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़। पुन्हाना** से कांग्रेस विधायक मामन खान इंजीनियर ने मंगलवार को विधानसभा में आरोप लगाया कि नूंह में ज्यादातर अस्पताल किराए की डिग्रियों के सहारे चल रहे हैं। मामन खान ने सदन में आंकड़े रखते हुए कहा कि 35 जच्चा-बच्चा की जान जाने की रिपोर्ट उनके पास है। उन्होंने इसे सरकारी रिपोर्ट बताते हुए इसकी जांच करवाने की मांग की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मामन खान की मांग पर कहा कि सरकार इस मामले की जांच करवाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। विधानसभा में पानीपत सिटी से भाजपा के प्रमोद कुमार विज ने कहा कि ईएसआई अस्पताल खंडर बिल्डिंग में चल रहा है। श्रम विभाग ने श्रमिकों के उपचार के लिए जिले के 21 प्राइवेट अस्पतालों को पैनल पर रखा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईएसआई अस्पताल से मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में रैफर कर दिया जाता है। कई अस्पतालों के नाम लेते हुए उन्होंने अस्पतालों में रैफर किए गए मरीजों की संख्या और सरकार द्वारा किए गए भुगतान पर सवाल उठाए। इस पर श्रम मंत्री अनिल विज की गैर-मौजूदगी में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने जवाब दिया। प्रमोद विज जब उनके जवाब से संतुष्ट नहीं हुए तो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मोर्चा संभाला। मुख्यमंत्री ने बताया कि पैनल पर शामिल प्राइवेट अस्पतालों को 34 करोड़ रुपये की राशि दी गई है। साथ ही, उन्होंने ऐलान किया कि पानीपत में आठ एकड़ जमीन पर ईएसआई अस्पताल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पानीपत में श्रमिकों की संख्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### 26 वार्ड सदस्य चुने जा चुके हैं निर्विरोध: धनपत सिंह

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** चंडीगढ़, 11 मार्च – हरियाणा के राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं में 26 वार्ड सदस्य निर्विरोध चुने जा चुके हैं। चुने गए सभी वार्ड सदस्यों को सम्बन्धित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्विरोध चुने जाने बारे प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह ने विस्तार पूर्वक बताया कि नगर निगम फरीदाबाद के वार्ड नंबर 36 से कुलदीप सिंह, गुरुग्राम नगर निगम के वार्ड नंबर 22 से विकास यादव, नगर निगम करनाल के वार्ड नंबर 8 से संकल्प भंडारी और वार्ड नंबर 11 से संजीव कुमार मेहता तथा नगर निगम यमुनानगर के वार्ड नंबर 9 से भावना निर्विरोध वार्ड सदस्य चुने जा चुके हैं। इसी प्रकार नगर परिषद अम्बाला सदर के वार्ड नंबर 24 से महेश नागर, नगर परिषद थानेसर के वार्ड नंबर 7 से निशा रानी और वार्ड नंबर 32 से सुधीर कुमार घुघ निर्विरोध वार्ड सदस्य चुने जा चुके हैं। उन्होंने आगे बताया कि नगर पालिकाओं लोहारू (भिवानी) के वार्ड नंबर 4 से महेश, सिवानी (भिवानी) के वार्ड नंबर 9 से दीप चंद, बेरी (झज्जर) के वार्ड नंबर 4 से सुरेश, जुलाना (जींद) के वार्ड नंबर 4 से मोनू और वार्ड नंबर 8 से संदीप, कलायत (कैथल) के वार्ड नंबर 8 से महीपाल और वार्ड नंबर 16 से नीलम देवी, पूंडरी (कैथल) के वार्ड नंबर 2 से कर्णजीत कौर और वार्ड नंबर 11 से संगीता रानी, इंद्री (करनाल) के वार्ड नंबर 2 से शशीकांता, वार्ड नंबर 4 से अनिल कुमार और वार्ड नंबर 14 से जितेन्द्र कुमार, हथीन (पलवल) के वार्ड नंबर 6 से उर्मिल, वार्ड नंबर 10 से संतोष और वार्ड नंबर 11 से सिराजुल निशा, खरखोदा (सोनीपत) के वार्ड नंबर 12 से पूनम, तावडू (गुरुग्राम) के वार्ड नंबर 1 से बिमला देवी तथा लाडवा (कुरुक्षेत्र) के वार्ड नंबर 11 से कर्ण सिंह निर्विरोध वार्ड सदस्य चुने जा चुके हैं।

### हरियाणा की आंगनबाड़ियों में हेल्पर, वर्कर के हजारों पद खाली

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** हरियाणा में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों में इस समय कर्मचारियों के हजारों पद रिक्त पड़े हुए हैं। राज्य सरकार केंद्र की गाइडलाइन के अनुसार इन पदों को भरने के लिए नियमावली को तैयार कर रही है। मंगलवार को विधानसभा में कांग्रेस विधायक पूजा ने यह मुद्दा उठाते हुए सरकार से आंगनबाड़ी केंद्रों में हेल्पर, वर्करों तथा सुपरवाइजरों के रिक्त पदों के बारे में जानकारी मांगी। इसके जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने बताया कि प्रदेश में इस समय आंगनबाड़ी वर्कर के 25 हजार 962 स्वीकृत पद हैं। इनमें से 23 हजार 413 पद भरे हुए तथा 2549 पद रिक्त हैं। आंगनबाड़ी हेल्पर के 25 हजार 450 पद स्वीकृत हैं, जिसकी एवज में 21011 पद भरे हुए हैं तथा 4439 पद रिक्त हैं। सुपरवाइजन के लिए 1016 पद स्वीकृत हैं। इनमें 898 भरे हुए तथा 118 पद रिक्त हैं। सरकार के अनुसार इन पदों को भरने के लिए केंद्र के निर्देशानुसार नियम तय किए जा रहे हैं। यह नियम बहुत जल्द फ्रेम हो जाएंगे। इसी वर्ष के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों को भर लिया जाएगा। सरकार के अनुसार सुपरवाइजरों के रिक्त पदों को भरने के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को मांग भेजी जा चुकी है। हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों के संबंध में मंगलवार को जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार राज्य के सोनीपत जिले में सबसे अधिक आंगनबाड़ी वर्करों के 225 पद तथा आंगनबाड़ी हेल्परों के 360 पद रिक्त हैं।

### रेवाड़ी के पंद्रह गांवों में केमिकलयुक्त पानी से पलायन के हालात

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** हरियाणा के रेवाड़ी तथा सिरसा जिले के रानिया में नलकूप आधारित भूमिगत पेयजल में फ्लोराइड व यूरेनियम की मात्रा लगातार बढ़ रही है। जिस कारण लोगों में कैंसर जैसी बीमारियां पनप का डर बना रहता है। इससे परेशान लोग अब गांव से पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। हालांकि पानी में केमिकल की बात को राज्य सरकार ने गलत बताया है। इस संबंध में रेवाड़ी से भाजपा विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि उनके इलाके के पंद्रह गांवों में केमिकलयुक्त पानी की वजह से लोग खेती नहीं कर पा रहे हैं। स्थिति यह हो गई है कि लोग गांवों से पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं।

## कैग ने किया हरियाणा में कोरोना काल में किए शराब घोटाले का खुलासा

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा में वर्ष 2020-21 में कोरोना काल में लागू लॉकडाउन के दौरान हुए शराब घोटाले को लेकर विधानसभा में हंगामें हुए और इस घोटाले की जांच के लिए गठित एस आई टी की रिपोर्ट सरकार ने सार्वजनिक नहीं की लेकिन अब कैग रिपोर्ट में आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए गए हैं।

कैग रिपोर्ट में विभिन्न स्तरों पर अनियमितताएं बताई गई हैं, जिससे प्रदेश सरकार को करोड़ों रुपये का चूना लगा। आबकारी नीति में प्रावधान है कि गलत तरीके से शराब बेचने वाले ठेकेदारों पर जुर्माना लगाया जाएगा। लाइसेंस फीस और लंबित लाइसेंस फीस के विलंबित भुगतान पर भी ब्याज लिया जाएगा। अधिकारियों ने देनदार ठेकेदारों से जुर्माने से लेकर लाइसेंस फीस और ब्याज वसूलने में गंभीरता नहीं दिखाई। इस कारण सरकार के राजस्व को करीब साढ़े सात करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। विशेषकर एल-1 और एल-13 लाइसेंस के उल्लंघन के मामलों में कम जुर्माना वसूला गया। कैग की जांच में खुलासा हुआ कि वर्ष 2020-21 में अंबाला में उप-आबकारी एवं कराधान आयुक्त ने एल-1 और एल-13 लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन को लेकर मैसर्ज शौकीन वाइन पर करीब छह करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। इसमें से सवा करोड़ रुपये की प्रतिभूति राशि के



विरुद्ध एक करोड़ रुपये समायोजित कर दिए गए। शेष पांच करोड़ रुपये की वसूली नहीं की गई। मैसर्ज सुशील कुमार पर तीन करोड़ 85 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था, जिसमें से करीब दो करोड़ 12 लाख रुपये की वसूली प्रतिभूति राशि से कर ली गई, जबकि करीब पौने दो करोड़ रुपये छोड़ दिए गए। दोनों शराब ठेकेदारों पर करीब पौने सात करोड़ रुपये अब भी बकाया हैं। अंबाला में ही अगस्त 2021 और जुलाई 2022 के रिकॉर्ड की जांच में सामने आया कि शराब दुकानों के कुल 58 में से 42 वेंडों के जोन ने 53 करोड़ रुपये की लाइसेंस फीस की मासिक किस्तों का भुगतान देरी से किया। करीब एक करोड़ रुपये का ब्याज लिया जाना था, लेकिन आयुक्त ने कोई कार्रवाई शुरू नहीं की।

**उठे सवाल**

**अब कैग रिपोर्ट में आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए गए हैं**

शहरों के साथ लगते क्षेत्रों में जमीन का पंजीकरण (रजिस्ट्री) करने वाले अधिकारियों ने आवासीय प्लॉटों पर कृषि भूमि की दरें लगाकर खजाने को चूना लगाया। नगरपालिका सीमा के भीतर आने वाले 1000 वर्ग गज से कम क्षेत्र के 14 प्लॉटों की बिक्री के मामले में गलत मूल्यांकन करने से 57 लाख रुपये के स्टांप शुल्क एवं पंजीकरण फीस का नुकसान हुआ। इसी तरह जमीन के मुआवजे से आवासीय और व्यावसायिक भूमि खरीदने वाले 50 किसानों को गलत तरीके से स्टांप शुल्क और पंजीकरण में छूट दी गई, जिससे सरकार को एक करोड़ 61 लाख रुपये की चपत लगी। कृषि भूमि के लिए निर्धारित सामान्य दरों पर प्राइम खसरा भूमि का गलत निर्धारण किया जिससे 64 लाख रुपये का स्टांप शुल्क कम मिला। रजिस्ट्री अधिकारियों ने स्टांप शुल्क के अतिरिक्त लेन-देन पर दो प्रतिशत की दर से शुल्क प्रभारित किए बिना ग्राम पंचायत और जिला परिषद के क्षेत्रों में 176 रजिस्ट्रियां की जिससे 68 लाख रुपये के स्टांप शुल्क का कम उद्ग्रहण हुआ।

## महाराष्ट्र, दिल्ली के बाद बिहार तक पहुंचेगी गोहाना की जलेबी

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़। सहकारिता** मंत्री डॉ अरविन्द शर्मा ने कहा है कि गोहाना की जलेबी की मिठास और इसकी कामयाबी महाराष्ट्र, दिल्ली के बाद अब बिहार तक पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश किसान, गरीब, युवा, महिलाओं के उत्थान को लेकर मजबूत और प्रभावी योजनाएं बनाकर हर वर्ग का भरोसा जीत रही है। मंगलवार को बजट सत्र के तीसरे कार्यदिवस में राज्यपाल के अभिभाषण पर विधायक घनश्याम अरोडा के प्रस्ताव के समर्थन में अपने विचार रखते हुए सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द शर्मा ने कहा कि प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जनहित के निर्णयों और जनता के मजबूत भरोसे के कारण बनी है। आज प्रदेश की जनता को यह विश्वास है कि नायब सिंह सैनी जो कहेंगे, वो करके दिखाएंगे। अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायकों द्वारा वर्ष 2004 से वर्ष 2014 तक के कार्यकाल को बेहतर बताने पर कैबिनेट मंत्री डॉ अरविन्द शर्मा ने सवाल किया कि अगर उनकी सरकार इतनी बढिया थी तो क्या हुआ, जो वर्ष 2014 से वो सत्ता से बाहर हैं। कांग्रेसी कभी नहीं समझ पाएंगे कि वो सत्ता से क्यों बाहर हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गोहाना में जलेबी तलकर महाराष्ट्र और दिल्ली में कामयाबी का झंडा गाडा। अब यह जलेबी बिहार में भी भाजपा की कामयाबी सुनिश्चित करेगी।

### सरकारी स्कूलों में पढ़कर कितने बने इंजीनियर व डाक्टर, सरकार के पास नहीं हैं आंकड़े

**चंडीगढ़।** हरियाणा के स्कूली विद्यार्थी अक्सर संवाद के दौरान बड़े होकर डाक्टर या इंजीनियर बनने की बात करते हैं लेकिन हरियाणा सरकार के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कितने विद्यार्थी अब तक इंजीनियर या डाक्टर बने हैं। हरियाणा विधानसभा में मंगलवार को समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना ने यह मुद्दा उठाते हुए सरकार से पूछा कि पिछले पांच वर्षों के दौरान राजकीय विद्यालयों से पास होने के बाद स्नातक तथा स्नातकोत्तर करने वाले विद्यार्थियों की संख्या कितनी है।

## आज होगी मतगणना: धनपत



टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री धनपत सिंह ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न नगर निगमों, नगर परिषदों तथा नगर पालिकाओं के महापौर/प्रधान तथा वार्ड सदस्यों के लिए हुए चुनाव के लिए 2 मार्च को मतदान हुआ था। इसी प्रकार नगर निगम पानीपत के मेयर के पद तथा वार्ड सदस्यों के चुनाव के लिए 9 मार्च को वोट डाले गए थे। इन सभी मतों की गणना 12 मार्च को प्रातः 8 बजे से शुरू होगी तथा मतगणना पूर्ण होने पर इसी दिन चुनावों के परिणाम भी घोषित किये जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री धनपत सिंह ने बताया कि राज्य चुनाव आयोग की वेबसाइट पर चुनावों के परिणामों को देखा जा सकेगा। मतगणना के दौरान किसी भी प्रत्याशी अथवा उनके गणना एजेंट एवं मतगणना स्टाफ को अपने साथ मतगणना केन्द्र में मोबाइल फोन, पेन ड्राइव, कैमरा, लैपटॉप, पैन, डिजीटल घड़ी, आदि कोई भी इलैक्ट्रिकल यंत्र ले जाने की अनुमति नहीं होगी। राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के मतगणना के कार्य को सही तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए आयोग तथा सम्बन्धित जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबन्ध किये गए हैं। सभी सम्बन्धित स्थानों पर मतगणना स्टाफ के साथ-साथ इनेक्शन आब्जर्वज भी मौजूद रहेंगे। सुरक्षा के दृष्टिगत विशेषकर ईवीएम की सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूम से मतगणना केन्द्र तक ईवीएम ले जाने वाली पार्टी के साथ पुलिस बल रहेगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त धनपत सिंह ने आगे बताया कि नगर निगम मानेसर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, हिसार, रोहतक, करनाल, यमुनानगर तथा पानीपत में महापौर (मेयर) और वार्ड सदस्यों के पदों के लिए हुए चुनावों की मतगणना का कार्य होगा।

**तैयारियां पूरी**

**मतगणना सुबह 8 बजे से होगी शुरू, इसी दिन परिणाम किये जाएंगे घोषित: राज्य निर्वाचन आयुक्त**

## सदन में रोजगार गारंटी कानून पर चर्चा करें: दिग्विजय

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने युवाओं के लिए रोजगार की गारंटी का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के विधायकों को विधानसभा बजट सत्र के दौरान सदन में पिछली सरकार द्वारा पारित रोजगार गारंटी कानून पर गंभीरता से चर्चा करनी चाहिए ताकि युवाओं के हित में बड़ा फैसला लिया जा सके। दिग्विजय ने कहा कि आज प्रदेश का युवा बेरोजगारी के चलते लाखों रुपए लगाकर विदेश जाने को मजबूर है और हाल ही में अमेरिका से डिपोर्ट हुए हरियाणवी युवाओं ने अपना यह दर्द बयां किया है। साथ



ही उन्होंने हरियाणा रोजगार कौशल निगम के माध्यम से मिलने वाले रोजगार पर भी सरकार से जवाब मांगा है। दिग्विजय ने सरकार से पूछा कि एचकेआरएन के माध्यम से अब तक कितने अनुबंधित कर्मचारी जुड़ पाए है और कितने कर्मचारियों को सैलरी मिलनी शुरू हो गई है ? उन्होंने कहा कि सभी अनुबंधित कर्मचारियों को कौशल रोजगार निगम से जोड़ने की घोषणा को 7 महीने हो गए हैं लेकिन यह काम अभी तक पूरा नहीं हुआ है। जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी की खाई भरने के लिए सरकार के साथ-साथ सभी विधायकों को अपनी अहम भूमिका निभाने होगी। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर युवाओं को सुरक्षित रोजगार मुहैया करवाने की दिशा में काम करना होगा। दिग्विजय ने कहा कि बजट सत्र में सभी विधायक रोजगार गारंटी बिल पर चर्चा करके युवाओं के सुरक्षित भविष्य के बारे में सोचे। उन्होंने कहा कि अगर हरियाणा में युवाओं को रोजगार की गारंटी होगी तो उन्हें नौकरी के लिए विदेश जाने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा। दिग्विजय चौटाला ने रोजगार से जुड़े एक और गंभीर विषय पर भी सरकार का ध्यान खींचते हुए कहा कि अनुबंधित कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अधीन करने का कार्य अधूरा क्यूं है? उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि कितने कर्मचारियों को एचकेआरएन के माध्यम से सैलरी मिलने लगी है और किन विभागों के कितने कर्मचारी एचकेआरएन से जोड़े जाने बाकी है।

## प्रदूषण नियंत्रण के लिए कड़े कदम उठाएगा जिला प्रशासन: प्रदीप दहिया

टीम एक्शन इंडिया
**झज्जर। उपायुक्त** प्रदीप दहिया ने मंगलवार को हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और जिले में प्रदूषण नियंत्रण के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अवैध औद्योगिक या व्यावसायिक गतिविधि, जो पर्यावरण और नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो, उसके खिलाफ तुरंत एक्शन लिया जाए। बैठक में एचएसपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी शक्ति सिंह ने उपायुक्त को प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विभिन्न एजेंडा बिंदुओं से अवगत कराया। डीसी ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण एक सामूहिक प्रयास है और इसके लिए सभी संबंधित विभागों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने बिजली निगम, नगर परिषद, पंचायती राज, जनस्वास्थ्य, परिवहन विभाग सहित अन्य एजेंसियों को निर्देश दिए कि प्रदूषण फैलाने वाले कारकों की नियमित निगरानी की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर बेहद गंभीर है। मीटिंग में डीसीपी लोगेश कुमार पी, एडीसी सलोनी शर्मा, एसडीएम बादली सतीश यादव, एसडीएम झज्जर रविंद्र यादव, डीडीपीओ निशा तंवर, एसई सिंचाई विभाग सतीश जनावा , एक्सईएन यूएचबीवीएन प्रदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। डीसी प्रदीप दहिया ने परनाला गांव में अवैध रूप से प्लास्टिक जलाने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एचएसपीसीबी व अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस विषय में तुरंत कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी अवैध रूप से प्लास्टिक या अन्य हानिकारक पदार्थ जलाने की घटनाएं सामने नहीं आनी चाहिए जो नागरिकों की स्वास्थ्य के लिए प्रतिकूल है।

## भाजपा जेजेपी गठबंधन सरकार के दौरान हरियाणा को 1103 करोड़ का नुकसान हुआ

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़ :** हरियाणा में अक्टूबर 2019 से मार्च 2024 तक रही भाजपा-जननायक जनता पार्टी गठबंधन सरकार में 1103 करोड़ 94 लाख रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है। इसका खुलासा कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया (कैग) की रिपोर्ट में किया गया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 की रिपोर्ट में बिक्री कर, राज्य उत्पाद शुल्क, स्टैंप शुल्क और पंजीकरण फीस में यह नुकसान हुआ है। कैग की 104 यूनिट के 2,552 मामलों की जांच में यह गड़बड़ी सामने आई। 1077 मामलों में 643.07 करोड़ रुपए की कमियां खुद विभागों ने स्वीकार की हैं।

कैग ने रिपोर्ट में कहा है कि सरकार में राजस्व से जुड़े ऐसे कई फैसले लिए गए, जिससे सरकार को नुकसान उठाना पड़ा। इसमें कुछ चीजें टैक्स फ्री कर दी गईं। अवैध शराब की पेनल्टी नहीं वसूली गई। प्राइवेट फर्मों को रजिस्ट्री में 3 करोड़ की छूट दी गई। इसके अलावा गलत रेट से रजिस्ट्री करने की वजह से भी करोड़ों का नुकसान हुआ। कैग की रिपोर्ट में सरकार के राजस्व संग्रह पर सवाल उठाए गए हैं। कैग के मुताबिक, वित्त वर्ष के दौरान टैक्स निर्धारण संस्थाओं ने कुछ वस्तुओं पर टैक्स लगाने के बजाय उन्हें टैक्स फ्री कर दिया, जिससे राजस्व को करीबन 5 करोड़ का नुकसान हुआ। इसके अतिरिक्त सरकार को 4 करोड़ 77 लाख रुपए का ब्याज भी कम मिला। रिपोर्ट में टैक्स निर्धारण करने वाले जिम्मेदारों ने वित्तीय वर्ष के दौरान टैक्स निर्धारण भी गलत तरीके से किया। इस दौरान जहां 36 करोड़ 61 लाख का टैक्स निर्धारण होना चाहिए था, वहां टैक्स प्राधिकरणों ने करीब 28 करोड़ निर्धारित किया। इससे सरकार को करीबन एक करोड़ कम टैक्स मिला। उत्पाद शुल्क संग्रह पर भी कैग ने सवाल उठाए। कैग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अवैध शराब के लिए अपराधियों से पेनल्टी वसूलने, लाइसेंस फीस और ब्याज वसूलने में पहल नहीं की गई। इसके चलते सरकारी राजस्व को साढ़े 7 करोड़ का नुकसान हुआ। जमीन की खरीद-फरोख्त में स्टैंप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस अनियमितताओं के कारण सरकार को 26 करोड़ रुपए कम राजस्व मिला।

दी रजिस्ट्री अथॉरिटी ने मार्केट कमेटी गुरुग्राम, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण और उत्तर हरियाणा बिजली प्रसारण निगम लिमिटेड को सरकारी संस्था मानते हुए स्टैंप ड्यूटी में 3.11 करोड़ रुपए की गलत तरीके से छूट दी।कई नगर पालिकाओं की सीमा के अंदर आने वाले 1 हजार वर्ग गज से कम के प्लॉटों की 14 बिक्री मामलों में आवासीय भूमि के बजाय कृषि भूमि की दरों से स्टैंप फीस ली गई। इससे राजस्व को 57 लाख स्टाफ ड्यूटी का नुकसान हुआ। 50 मामलों में किसानों को स्टैंप ड्यूटी में छूट की अनुमति दी गई। जबकि वे मुआवजे या फिर व्यवसायिक प्लॉट खरीदे गए थे। ये प्लॉट हरियाणा सरकार के नवंबर 2010 में जारी आदेश के अनुसार नहीं थे। इससे राजस्व को एक करोड़ 61 लाख रुपए के कम शुल्क और पंजीकरण फीस का नुकसान हुआ। कई जगहों पर ऐसे मामले भी सामने आए, जहां रजिस्ट्रेशन अधिकारियों ने कृषि भूमि के लिए निर्धारित सामान्य दरें पर प्राइम खसरा भूमिका गलत निर्धारण किया।

**नुकसान**

**रिपोर्ट में बिक्री कर, राज्य उत्पाद शुल्क, स्टैंप शुल्क और पंजीकरण फीस में यह नुकसान हुआ है**

# भगवा त्रिशूल यात्रा का पूर्ण मूर्ति कैंपस में हुआ भव्य स्वागत

**मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, जसबीर दोदवा, डा. विजयपाल नैन आदि ने भगवा त्रिशूल यात्रा में शामिल धर्मप्रेमियों का मनोबल बढ़ाया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की ओर से आयोजित भगवा त्रिशूल यात्रा का पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड में पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। भारी संख्या में मौजूद छात्र-छात्राओं के साथ ही श्रद्धालुओं और सनातन धर्म प्रेमियों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। सनातन प्रेमियों ने यात्रा में शामिल अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री व भगवा त्रिशूल यात्रा के संयोजक दीप सिहाग सिसाय, परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डा. नवीन नैन भालसी, परिषद की राष्ट्रीय प्रवक्ता दामिनी वशिष्ठ के साथ यहां पहुंचे धर्म प्रेमियों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विशेष रूप से पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी भगवा त्रिशूल यात्रा में शामिल लोगों का मनोबल बढ़ाया । इस दौरान श्रद्धालु शिव भोले की आराधना में नृत्य करते नजर आए । इस मौके पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि भगवा त्रिशूल यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस आध्यात्मिक यात्रा का उद्देश्य धार्मिक स्थलों का संरक्षण और युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने श्रद्धालुओं का आह्वान किया कि वैश्विक स्तर पर सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के भगवा त्रिशूल यात्रा में जोर-शोर से शामिल हों और इसके उद्देश्यों से आम लोगों व युवाओं को अवगत करवाएं ।

**हवन यज्ञ में डाली गई आहुति :** इस अवसर पर धार्मिक स्थलों के संरक्षण और युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष रूप से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया । यात्रा में शामिल धर्मप्रेमियों के साथ मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन, संस्था के सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंधक निदेशक कपिल भाटिया, एमडी संदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा.स्वीटी, परिसर निदेशक कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, डीन अकादमिक संदीप कुमार व छात्र-छात्राओं ने हवन में आहुति डाली

**देश-विदेश के 120 शिव मंदिरों को डिजिटल रूप से जोड़ने का लिया गया है संकल्पः डा. विजयपाल नैन**
पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन ने कहा कि इस पहल के तहत देश-विदेश के 120 शिव मंदिरों को डिजिटल रूप से जोड़ने का संकल्प लिया गया है, जिनमें से 12 मंदिर विदेशों में स्थित हैं।

# मंडी का दौरा कर एसडीएम ने रबी फसल खरीद की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। मंडियों** में रबी फसल की खरीद के लिए तैयारियों को लेकर एसडीएम प्रवेश कादियान ने नई अनाज मंडी का दौरा किया। दौरे के दौरान एसडीएम ने मार्केट कमेटी के अधिकारियों व मंडी के आढ़तियों से बातचीत की। एसडीएम ने कहा कि मंडियों में 15 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो जाएगी। वहीं, 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरू होगी। ऐसे में मार्केट कमेटी के सचिव मंडियों में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने मार्केट सचिव का सख्त आदेश दिए कि मंडियों और खरीद केंद्रों पर बिजली, पेयजल व शौचालय इत्यादि की व्यवस्था खरीद का कार्य शुरू होने से पूर्व की जाए। विभिन्न एजेंसियों की ओर से गेहूं की खरीद की जाएगी। आढ़तियों के पास इलेक्ट्रिक झारना, सिलाई की मशीन, तरपाल व वुडन क्रेट्स की व्यवस्था होनी चाहिए। मंडी व खरीद केंद्रों पर खरीद के दौरान जाम न लगे इसका विशेष ध्यान रखा जाए। मंडी सचिव आढ़ती एसोसिएशनों के साथ बैठक करें। इस मौके पर मार्केट कमेटी सचिव जगबीर, आढ़ती बिजेन्द्र, धर्मेन्द्र, विपिन, जयबीर आदि मौजूद थे।

# मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन ने होली मिलन समारोह मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। बड़ी इंडस्ट्रीयल मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन द्वारा** जी टी रोड स्थित कनक गार्डन में होली मंगल मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में गन्नौर एसडीएम प्रवेश कादियान, खरखौदा के एसडीएम डा. निर्मल नागर व एसीपी मलकीत सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के संपदा अधिकारी विनोद कात्याल, सीनियर मैनेजर जसबीर देशवाल, मैनेजर रोहताश पंवार, एसएसएमई के निदेशक, एसडीओ तरूण मलिक, जेई अजीत कुंडू भी विशिष्टातिथि के तौर पर उपस्थित हुए। एसोसिएशन के प्रधान अमित गोयल, उपप्रधान संजय जैन चिल्ली, सदस्यों ने समारोह में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया और पगड़ी पहनाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में आए कलाकारों ने उद्योगपतियों का मनोरंजन करवाया और कविताओं के माध्यम से सामाजिक बुराईयों को दूर करने का संदेश दिया। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रधान अमित गोयल, संरक्षक श्रवण झांब, चेयरमैन राजेंद्र सिंगला, महासचिव विरेंद्र जैन, एसोसिएशन के उपप्रधान पवन जैन, संजय जैन, नवीन गर्ग, विनोद जैन, नरेंद्र , सुनील बब्बर आदि आदि मौजूद थे।

**समारोह**
उद्योगपतियों का मनोरंजन करवाया और कविताओं के माध्यम से सामाजिक बुराईयों को दूर करने का संदेश दिया

# बीएमसी गठन से पूर्व ग्राम सचिवों को प्रशिक्षण देना जरुरीः आस्था

**समितियां**
अधिनियम, 2002 के अनुसार, जिले में जैव विविधता प्रबंधन समितियाँ गठित करनी है



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः एक मीटिंग के दौरान** आस्था गर्ग खंड विकास अधिकारी खरखौदा ने बताया की एक अच्छी,जागरूक और शिक्षित बीएमसी बनाने के लिए ग्राम सचिवों को एक ट्रेनिंग की जरुरत है ताकि जैव विविधता अधिनियम, 2002 के अनुसार, जिले में जैव विविधता प्रबंधन समितियाँ गठित करनी है। इन समितियों का उद्देश्य जैव विविधता का संरक्षण एवं सतत उपयोग को बढ़ावा देना तथा उसका अभिलेखीकरण करना है। बढ़ते प्रदुषण, बढ़ती जन आबादी, प्रकृति में बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप, घटते वन और मानव द्वारा अन्य जीवों के आवास के अतिक्रमण से कई जीव-जंतुओं, पौधों, पक्षी और सूक्ष्मजीवों के अस्तित्व पर गहरा संकट पड़ा है। इससे धरती के जैविक विविधता को नुकसान हुआ है और इसमें निरंतर वृद्धि हो रही है इसलिए जैव विविधता बचाने के लिए हमें मिलकर प्रयास करना होगा। बीडीओ खरखौदा ने बैठक में मौजूद हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड के जिला समन्वयक श्यो प्रसाद को विश्वास दिलाया की जल्द ही खरखौदा ब्लॉक के सभी ग्राम सचिवों की एक मीटिंग की जाएगी। बीएमसी गठन के बारे में जिला समन्वयक ने बताया की समिति में एक अध्यक्ष के साथ-साथ अधिकतम छह ऐसे व्यक्ति होंगे जिन्हें स्थानीय निकाय नामित करेगा। इन छह व्यक्तियों में कम से कम एक तिहाई स्त्रियाँ होनी चाहिएँ और कम से कम 18% अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के होने चाहिए।

# पुरानी पेंशन बहाली का प्रस्ताव करेंगे पासः सुशील गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सर्व कर्मचारी संघ** हरियाणा की जिला कमेटी करनाल आगामी 17 मार्च को कर्मचारी जन असेम्बली का आयोजन करेगा, जिसमें सर्वकर्मचारी संघ के साथ-साथ कर्मचारी, जनसंगठन, महिला संगठन, छात्र संगठन भाग लेंगे। संघ के जिला प्रवक्ता कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि कर्मचारी जन असेम्बली विधानसभा बजट सत्र की तरह से आयोजित होगी, जिसमें जनहित, कर्मचारी हित के मुद्दे बहस के बाद प्रस्ताव के रूप में पेश करके पास किए जाएंगे और फिर सरकार को भेजे जाएंगे। जिला प्रधान सुशील गुर्जर सिरसी ने कहा कि सरकार तत्काल यूपीएस को वापिस लेकर पुरानी पेंशन बहाल करे और न्यूनतम वेतन छब्बीस हजार रुपये प्रतिमाह लागू करे। जिला सचिव सेवा राम बड़सर ने मांग की कि सभी विभागों में लगे तमाम कच्चे कर्मचारियों को पक्का करके, तमाम खाली पड़े पदों पर रेगुलर भर्ती की जाए, साथ ही हरियाणा प्रदेश के कर्मचारियों के अलग से वेतन आयोग का गठन हो और तब तक अंतरिम राहत के तौर पर पांच हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाए।

# होली के रंगारंग उत्सव में भाईचारे और सौहार्द का दिया संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। नगरपालिका रोड** स्थित गायत्री विद्यापीठ में होली के पावन अवसर पर रंगों का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि नीतू जग्गा, भावना जग्गा, आशा बत्रा और आभा गर्ग ने शिरकत की। आभा गर्ग ने भारतीय संस्कृति और सभ्यता को रेखांकित करते हुए कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी भाईचारे, स्नेह और सौहार्द का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व सभी को जोड़ने और प्रेम के रंग में रंगने का अवसर है। स्कूल की मुखयाध्यापिका शकुंतला कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया। स्कूल के निदेशक राजेंद्र कौशिक ने सभी का आभार व्यक्त किया। शिक्षिका डिंपल शर्मा और छवि गौड ने मंच संचालन किया।कार्यक्रम में आए अभिभावकों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें म्यूजिकल चेयर और फूलों की होली प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रेम और खुशबू से महकता वातावरण बना रहा।

# मेयर उप-चुनाव व खरखौदा नपा चुनाव के लिए आज होने वाली मतगणना की तैयारियां पूरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोनीपत/ सोनीपत, उपायुक्त डॉ मनोज** कुमार ने कहा कि 12 मार्च को नगर निगम सोनीपत मेयर उप-चुनाव व खरखौदा नगर पालिका चुनाव की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मेयर उप-चुनाव के लिए बीट्स मोहाना तथा खरखौदा नगर पालिका चुनाव के लिए कन्या कॉलेज खरखौदा में बनाए गए मतगणना केंद्रों पर व्यवस्था दुरुस्त हैं। मतगणना केंद्रों पर सिक्योरिटी, काउंटिंग स्टॉफ की ड्यूटी, उनकी ट्रेनिंग, परिसर में इन्फ्रास्ट्रक्चर, आदि कार्यो को लेकर सभी तैयारियां पूरी हैं। उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने मंगलवार को बीट्स कॉलेज में स्थापित मतगणना केन्द्र में तैयारियों निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनाम कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नगर निगम उप-चुनाव के दृष्टिगत होने वाली मतगणना को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाएं। मतगणना के कार्य को निष्पक्ष और सुचारू रूप से सम्पन्न करवाना हम सबकी सांझी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सुबह 8 बजे मतगणना का कार्य सुचारू रूप से शुरू कर दें। मतगणना के कार्य को राज्य चुनाव आयोग की हिदायतों अनुसार एवं पूरी पारदर्शिता व निर्धारित मापदंडों के तहत पूरा करें। उन्होंने कहा कि चुनाव से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों ने निगम उप-चुनाव को शांतिपूर्वक व पूरी पारदर्शिता के साथ करवाने में बेहतर तरीके से काम किया है। जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार वह मतगणना के कार्य को भी पूरी पारदर्शिता से करना सुनिश्चित करें। काउंटिंग हाल में मतगणना के समय राजनैतिक पार्टी के एजेंट व उनके प्रतिनिधियों द्वारा जो भी मतगणना से जुड़े कार्य के बारे में उनसे पूछा जाए तो वे उनकी बात को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनकी शंकाओं को दूर करें। अपने कार्य को जल्दी से करें लेकिन निर्धारित मापदंडों का ध्यान रखें। उन्होंने यह भी बताया कि काउंटिंग का कार्य बुधवार प्रातः 8 बजे शुरू हो जायेगा, टेबलों पर ईवीएम मशीनें रख दी जायेंगी। इसलिए सम्बन्धित काउंटिंग स्टाफ समय से पहले पहुंचना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जायेगी। उपायुक्त ने कहा कि मतगणना के कार्य में लगने वाले स्टॉफ की ड्यूटी व उनकी ट्रेनिंग के कार्य को पूरा कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त मतगणना केंद्रों पर अस्थाई कंस्ट्रक्शन करके मतगणना केंद्रों पर उम्मीदवार तथा उनके एजेंट आदि के बैठने की उचित व्यवस्था कर दी गई है। सभी मतगणना केंद्र 360 डिग्री सीसीटीवी फुटेज की कवरेज में हैं। वहां बिजली, पानी, काउंटिंग टेबल, वीवीपैट टेबल, आब्जर्वर के बैठने की व्यवस्था अच्छे से की गई है।

# राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में में विधायक ने रखा अपना वक्तव्य



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः विधायक निखिल** मदान ने मंगलवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण का समर्थन करते हुए अपना वक्तव्य रखा। निखिल मदान ने कहा कि वो राज्यपाल के विकसित भारत विकसित हरियाणा के विजन से सहमति जताते हैं। साथ ही वो सोनीपत और हरियाणा की देव तुल्य जनता का आभार व्यक्त करते हैं, जिनके आशीर्वाद से लगातार तीसरी बार प्रदेश में पूर्ण बहुमत से भाजपा सरकार बनी।विधायक निखिल मदान ने कहा कि उन्हें इस चीज की सुखद अनुभूति होती है कि हरियाणा सरकार प्रदेश की देवतुल्य जनता की उन सभी उम्मीदों पर खरी उतरी है।आज सरकार के 150 दिनों की कार्य प्रणाली को देखें तो सरकार ने प्रदेश की 36 बिरादरी, हर वर्ग हर समाज के लिए जन हितैषी फैसले लिए है।जल्द ही सरकार द्वारा प्रदेश के गरीब परिवारों को 100-100 गज के फ्री प्लाट दिए जाएंगे। इसके साथ ही आयुष्मान योजना के तहत गरीब परिवारों को पहले ही ?5 लाख तक के फ्री इलाज के सुविधा दी जा रही है। साथ ही अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को ?5 लाख तक की मुफ्त इलाज की योजना को भी प्रदेश भर में लागू कर दिया गया है। किसान कल्याण के लिए सरकार द्वारा पहले ही 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा इसके साथ ही पीएम सम्मान निधि के तौर पर 6563 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदेश के किसानों को सरकार द्वारा दी जा चुकी है। समस्त सोनीपत वासियों के लिए हर्ष का विषय है कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा रिठाला से कुंडली तक मेट्रो रेल परियोजना के विस्तार की सौगात भी सोनीपत वासियों को दी गई है ,उसके लिए भी वो केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार का धन्यवाद करते है । इसके अतिरिक्त सोनीपत जिले के चारों तरफ एक्सप्रेस वे और हाईवे का ऐसा जाल भाजपा सरकार ने बिछाया है कि घंटों का सफर मिनटों में तय किया जा रहा है। ऐसे विकास कार्य प्रदेश के इतिहास में मील का पत्थर साबित होंगे। गौ संरक्षण को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने प्रदेश में गौशाला सेवा आयोग बनाया है। साथ ही गौ माता के चारे के लिए सरकार ने 151 करोड़ रुपए की मदद की है और 51 नए शेड बनाने का भी निर्णय लिया गया है। जो गौ माता की सेवा के लिए प्रदेश भाजपा सरकार के संकल्प को दर्शाता है।

# मतगणना को लेकर किए गए सभी आवश्यक प्रबंध : सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर 12 मार्च को मतगणना का कार्य शुरू होगा। जिला प्रशासन ने इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हो जाएगी। इसलिए सभी काउंटिंग स्टाफ, उम्मीदवार व उनके एजेंट निर्धारित समय पर मतगणना केंद्रों में पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार या उनके एजेंट की मौजूदगी में स्ट्रॉग रूम का दरवाजा खोला जाएगा। इसकी वीडियोग्राफी भी होगी।

# जगमोहन आनंद ने विकास कार्यों के लिए सीएम का किया धन्यवाद



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। करनाल के** विधायक जगमोहन आनंद ने मंगलवार को हरियाणा विधानसभा में कविता की पंक्तियां गुनगुनाई। उन्होंने बजट सत्र के अवसर पर राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में हिस्सा लिया। इस दौरान अपना वक्तव्य देते हुए उन्होंने हरियाणा सरकार के विकास कार्यों पर मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सौम्य व्यक्तित्व, कर्मठता के लिए एक कविता गुनगुनाई, जिसके शब्द थे कि. मुझे आगे बढ़ ?! है सूरज की तरह चमकना है, मुझे खुद से लड़ ?! है तारों की तरह चमकना है, मुझे अब ना किसी से डरना है, सफलता की सीढ़ि ?! चढ़ ?! है, मुझे अब नया वक्त बनाना है, मुझे मेरा हरियाणा निखारना है, मुझे आगे बढ़ ?! है, मुझे बार-बार प्रयास करना है, मुझे प्रदेश को आगे बढ़ाना है, सूरज की तरह हरियाणा को चमकाना है।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा जो सबसे पहले सबसे गरीब के उत्थान की बात कही गई है, उसका मैं हृदय से अभिनन्दन करता हू। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन पर चलते हुए सभी पिछड़े और वंचित वर्गों के कल्याण और उत्थान के लिए जो ठोस कदम उठाये जा रहे हैं, उसके लिए सरकार की जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अन्तर्गत कम आय वाले परिवारों के बुजुर्गों को अयोध्या तीर्थ की यात्रा एवं हाल ही में प्रयागराज में हुए महाकुम्भ में संगम स्नान भी करवाया गया है। हैप्पी योजना के तहत प्रदेश के 11 लाख 64 हजार 692 लोगों ने दिसम्बर, 2023 से अब तक कुल 42.14 करोड़ किलोमीटर मुफ्त यात्रा की है।

**हरियाणा एकमात्र राज्य जहां एमएसपी पर हो रही फसलों की खरीद**
विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि सरकार की जो नीतियां किसान-कल्याण पर केन्द्रित हैं। हरियाणा देश का एकमात्र राज्य है, जहां न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सभी चैबीस फसलों की खरीद की जाती है। गत वर्ष मानसून देरी से आने के कारण किसानों की खरीफ फसलों की बिजाई के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने पड़े। उन्हें राहत के लिए हर किसान को दो हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से तेरह सौ पैंतालीस करोड़ रुपये का बोनस दिया गया है।

**पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्यों का मानदेय बढ़ाया**
विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 1,068 करोड़ रुपये की लागत से 2,447 किलोमीटर लम्बी सडकों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और 49 किलोमीटर लम्बी सडकों का कार्य प्रगति पर है। जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, पंचायत समिति अध्यक्ष, पंचायत समिति उपाध्यक्ष, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच तथा पंच, सभी का मानदेय बढ़ाया गया है। शहरों की मूलभूत नागरिक सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2015 से लेकर अब तक 2,145 अवैध कॉलोनियां नियमित की गई हैं।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप. मु. सं. एवंदू. अभि. नि./सी.डब्लू., नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड सिंगल पैकेट प्रणाली निविदा फार्म एस्टब्लिशड कॉन्ट्रैक्टर्स जिनके पास सीमिलर नेचर का कार्य का अनुभव है एवं जो संतोषजनक न्यूनतम एलिजिब्लिटी क्राईटेरिआ फुल फिल करते है, निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा आमंत्रित कर रहा है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के रोजा – सीतापुर दोहरीकरण के सम्बन्ध में रोजा जंक्शन स्टेशन (चरण–III) पर मेधा के ईआई में संशोधन का प्रावधान। | | | | |
| पूरा होने की अवधि | 06 महीना (अनुबन्ध पत्र जारी होने की तिथी से) | कार्य की अनुमानित लागत | ₹114 लाख (अनुमानित) | धरोहर राशि | ₹2,07,000/- (रूपए दो लाख सात हजार केवल) (केवल ऑनलाइन जमा किया जाना है) |
| निविदा खुलने की तारीख एवं समय | निविदा कर्ता केवल ई– निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 07.04.2025 को 11:30 बजे तक IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर अपलोड करे। निविदा दिनांक 07.04.2025 को 11:30 बजे के बाद खोला जाएगा | | | | |
| स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है। | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज–IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 13.03.2025 से 11:30 बजे दिनांक 07.04.2025 तक IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर उप्लब्ध रहेगा, दिनांक 13.03.2025 से 07.04.2025 को 11:30 बजे तक निविदा में भाग लेने के लिये निविदा डालने से पहले, निविदा कर्ता जो उपरोक्त वेब साइट पर निविदा में भाग लेने के लिए इच्छुक हैं रजिस्टर होने की सलाह दी जाती है। निविदाकर्ता को आई टी अधिनियम 2000 के तहत क्लास सी.सी.ए.III डिजिट्ल प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा (अगर पहले से नहीं लिया है) उपरोक्त ई–निविदा की सभी नियम एवं शर्ते निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा नोटिस का विवरण उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। | | | | |

संख्याः 178-सिग/सी.डब्लू./32/112 दिनांकः 11.03.2025 764/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# सवाल संसदीय परंपरा का ही

**लगातार** दो बार प्रचंड बहुमत से दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने वाली आम आदमी पार्टी (आआपा) आसानी से इस बार विधानसभा चुनाव में हुई हार को पचा नहीं पा रही है। जिसके कार्यकाल में विधानसभा और संसदीय मयार्दा तार-तार हुई हो उसी पार्टी ने विधानसभा की पहली ही बैठक में उसके शासन के भ्रष्टाचार के कारनामों से जुड़े सीएजी (कैग) रिपोर्ट सार्वजनिक करने से बौखला कर विधानसभा को दंगल बनाने की असफल कोशिश की। विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने आआपा विधायकों को विधानसभा के साथ-साथ विधानसभा परिसर से निकाल दिया तो पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी समेत आआपा नेताओं ने इसे संसदीय लोकतंत्र पर हमला बताया। उनके अपने कार्यकाल में न तो नियमों के हिसाब से विधानसभा की बैठक बुलाई जाती थी और न ही विपक्ष को किसी सत्र में ढंग से बोलने दिया जाता था। विपक्ष यानी भाजपा के सदस्य ज्यादातर बैठकों में सदन से बाहर ही रहे। 1993 में दिल्ली विधानसभा का मौजूदा स्वरूप बनने के बाद इसकी नियमावली बनानेवाले दिल्ली विधानसभा और लोकसभा के पूर्व सचिव सुदर्शन कुमार शर्मा का कहना है कि विधानसभा से निष्कासन का मतलब विधानसभा परिसर से निष्कासन हो सकता है- इस पर चर्चा हो सकती है लेकिन वे कैसे सवाल उठा सकते हैं, जिन्होंने विधानसभा में कोई नियम ही लागू नहीं होने दिया। तभी तो दिल्ली संशोधन विधेयक पर बिल पास करवाने से पहले केन्द्रीय गृह मंत्री ने चेतावनी दी थी कि कहीं नियमों को न मानने वालों की सरकार विधानसभा से ही हाथ धो बैठे। आआपा के दिल्ली पर शासन के दौरान दिल्ली में तीन उप राज्यपाल बने और तीनों से उनकी लड़ाई चलती ही रही। आआपा ने कई नई परंपराएं शुरू करके संवैधानिक व्यवस्थाओं को खतरे में डाल दिया था। 2012 में नई पार्टी बनकर पहले 2013 में अल्पमत सरकार नियमों के खिलाफ बिना उप राज्यपाल की अनुमति से जन लोकपाल विधेयक विधानसभा में न लाने देने पर 49 दिन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया। नियमों से परे जाकर सार्वजनिक अवकाश के दिन रामलीला मैदान में विधानसभा बुलाने पर केजरीवाल अड़े रहे। यह अलग बात है कि दो बार भारी बहुमत से सरकार बनने बाद दोबारा उनकी सरकार ने जन लोकपाल की चर्चा भी नहीं की गई। खुद अपने लोकपाल को पार्टी से ही विदा कर दिया। विधान में विधानसभा की बैठक अधिकतम छह महीने पर बुलाने का प्रावधान है। इसी के चलते लोकसभा से विधानसभा तक साल में तीन सत्र होते हैं। साल के शुरू में होने वाली बैठक को बजट सत्र कहा जाता है और उसकी शुरूआत संसद में राष्ट्रपति और दिल्ली में उप राज्यपाल के अभिभाषण से होता है। परंपरा के तौर पर सरकार के कामकाज को ही अभिभाषण में जगह दी जाती है। उस सत्र में इस प्रस्ताव को पास करवाने से लेकर बजट पास किया जाना मुख्य काम रहता है। जुलाई-अगस्त में होने वाले सत्र को मानसून और नवंबर-दिसंबर में होने वाले सत्र को शीतकालीन सत्र कहा जाता है। हर सत्र को बुलाने और सत्रावसान करने के लिए मंत्रिमंडल अपना प्रस्ताव उप राज्यपाल को भेजती है। अमूनन उस पर उप राज्यपाल की तुरंत मंजूरी आ जाती है। विशेष परिस्थिति में विशेष सत्र की भी इजाजत उसी तरह से ली जाती है।

# जो रंग बरस रह्यौ बरसाने, सो रंग तीन लोक में नाहें



नवीन गौतम

"कंठ-हार हमेल, हथफूल व कर्णफूल आदि अनेकानेक आभूषण उनके अंग-प्रत्यंग की शोभा बढ़ाते हैं। इसके अलावा उनके हाथों में लंबी-लंबी लाठियां और मुँह पर लंबे-लंबे घूंघट होते हैं। यह गोपिकाएँ अपने-अपने घूंघटों की ओट से नंदगाँव के हरियारों पर उछल-उछल कर अपनी-अपनी लाठियों से बड़े ही प्रेम पूर्ण प्रहार करती हैं। इन प्रहारों को नंदगाँव के हरियारे अपनी-अपनी ढालों पर रोकते हैं। यह प्रहार बड़े ही जबरदस्त होते हैं। गोपिकाओं की लाठियों के प्रहारों से देखते ही देखते नंदगाँव के हरियारों की ढालें छलनी हो जाती हैं। यदि इस लट्ठमार होली में किसी के खून आदि निकल आये तो उसे एक शुभ-शगुन समझा जाता है। उससे किसी में कोई दुर्भावना उत्पन्न नही होती है। नंदगाँव के हरियारों को बरसाना की गोपिकाओं की लाठियां भी इतनी अच्छी लगती हैं"

**बरसाना** भगवान श्रीकृष्ण और उनकी स्वरूप भूता आल्हादिनी शक्ति राधा की लीला भूमि रही है। फाल्गुन शुक्ल नवमी को होने वाली यहां की लट्ठमार होली न केवल अपने देश में अपितु विदेशों तक में प्रसिद्ध है। जिसे देखने के लिए दुनियां के प्रत्येक कोने से लाखों लोग प्रति वर्ष यहां आते हैं। बरसाना, दिल्ली-आगरा राजमार्ग पर स्थित कोसीकलां से 19 किलोमीटर और मथुरा से (वाया गोवर्धन) 47 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। बरसाना की लट्ठमार होली में अन्य स्थानों की होली के अनुरूप रंग-अबीर एवं नृत्य-संगीत के अलावा लाठियों से होली खेलने की जो विशिष्टता है, वो इस बात की द्योतक है कि राधा-कृष्ण की इस लीला भूमि के कण-कण में आज भी इतना रस व्याप्त है कि यहां लाठियां चल कर भी रस की वृष्टि होती है। होली का रंग यहां स्थित श्रीजी मन्दिर में बसन्त पँचमी के दिन होली का डॉढ़ा गड़ते ही छाने लग जाता है। साथ ही मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों के माथे पर गुलाल लगना प्रारम्भ हो जाता है। इसके अलावा मन्दिर में प्रतिदिन सायंकाल समाज गायन होता है। महाशिवरात्रि के दिन मन्दिर से रँगीली गली तक होली की प्रथम चौपाई अत्यंत धूमधाम के साथ निकाली जाती है। इस चौपाई में गोस्वामीगण संगीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य होली के पदों का गायन करते हुए साथ चलते हैं। फाल्गुन शुक्ल सप्तमी को श्रीजी मन्दिर में राधा रानी के छप्पन प्रकार के भोग लगते हैं। फाल्गुन शुक्ल अष्टमी को श्रीकृष्ण के प्रतीक के रूप में नंदगाँव का एक गुसाईं बरसाना की गोपिकाओं को होली खेलने का निमंत्रण देने बरसाना आता है। बरसाना की गोपीकाओं द्वारा इस गुसाईं का लड्डुओं और माखन-मिश्री से अत्यधिक स्वागत सत्कार किया जाता है।इसके साथ ही वह होली खेलने का निमंत्रण स्वीकार कर लेती हैं। बरसाना का भी एक गुसाईं नंदगाँव जाकर वहां के गुसाइयों को बरसाना में होली खेलने हेतु आने का निमंत्रण देता है।इसी दिन बरसाना के श्रीजी मन्दिर से होली की दूसरी चौपाई सुदामा मोहल्ला होकर रँगीली गली तक जाती है। साथ ही इसी दिन फाल्गुन शुक्ल अष्टमी को श्रीजी मन्दिर प्रांगण में लड्डू होली व पाण्डे लीला का भव्य आयोजन होता है। जिसमें गोस्वामीगण भक्तों व श्रद्धालुओं पर लड्डुओं और जलेबियों आदि की बौछार करते हैं। अगले दिन फाल्गुन शुक्ल नवमी को नंदगाँव के तकरीबन 600 गोस्वामी परिवारों के हुरियारे अपनी-अपनी ढालों को लेकर नंदगाँव



स्थित नंदराय मन्दिर में एकत्रित होते हैं और वहां से पैदल ही गाते-बजाते, नाचते-झूमते लगभग 9 किलोमीटर दूर बरसाना पहुँचते हैं। नंदगाँव के इन हरियारों का बरसाना में पहला पड़ाव "पीली पोखर" (प्रिया कुंड) पर होता है। यह वही सरोवर है जिसमें राधा रानी ने हल्दी का उबटन लगा कर स्नान किया था। इस कारण इसका रंग आज भी पीला है। नंदगाँव के हुरियारे पीली पोखर में स्नान आदि कर यहां स्थित वट वृक्ष के तले बरसाना की गोपिकाओं के साथ होली खेलने के लिए सजते-संवरते हैं। वह अपनी ढालों को भी सजाते हैं। साथ ही वह चिलम पीते हैं,हुक्का गुड़गुड़ाते हैं और सिल-बट्टा चला-चला कर भांग-ठण्डाई छानते हैं।इस सबके नशे से वह इतना मदमस्त हो जाते हैं कि उनके नेत्र व होठ आदि फड़क उठते हैं। यह नशा वह इसलिए करते हैं ताकि वह गोपीकाओं के द्वारा किये जाने वाले लाठियों के प्रहारों को अपनी ढालों पर आसानी से झेल सकें। नंदगांव के हरियारों में 10-12 वर्ष के बच्चों से लेकर 60-70 वर्ष के बूढ़े तक हुआ करते हैं। इस सबके बाद यह हुरियारे अपरान्ह लगभग 3 बजे नंदगांव के नंदराय मन्दिर का झंडा लेकर अपनी पारम्परिक वेशभूषा में "बम्म" (बड़ा नगाड़ा) व मंजीरों की ताल पर होली व रसिया आदि गाते हुए श्रीजी मन्दिर की ओर चल पड़ते हैं। रास्ते में इनकी बरसाना के वयोवृद्ध गुसाइयों के द्वारा उसी प्रकार "मिलनी" की जाती,जिस प्रकार की विवाहों में कन्या पक्ष की ओर से वर पक्ष की "मिलनी" होती है। यह "मिलनी' गले मिलकर, रंग-अबीर लगा कर और इलायची-मिश्री आदि खिलाकर होती है। होली के रसिया गाते,अबीर-गुलाल उड़ाते और नाचते-झूमते नंदगाँव के हुरियारे 250 सीढ़ियों की कवायद कर बरसाना के ब्रह्मेश्वर गिरि के उच्च शिखर पर स्थित श्रीजी मन्दिर में पहुँचते हैं। यहां राधा रानी की मनोहारी प्रतिमा के समक्ष बरसाना और नंदगाँव के गुसाइयों द्वारा समाज गायन होता है। इस समाज में नंदगाँव के गुसाईं अपने को श्रीकृष्ण का प्रतिनिधि मान कर राधा रानी के प्रतीक के रूप में बरसाना के गुसाइयों को और बरसाना के गुसाईं अपने को राधा रानी का प्रतिनिधि मान कर, श्रीकृष्ण के प्रतीक के रूप में नंदगांव के गुसाइयों को प्रेम भरी गालियाँ सुनाते हैं। साथ ही सभी परस्पर टेसू के फूलों से बने रंग के द्वारा होली खेलते हैं। ,ततपश्चात नंदगाँव के हुरियारे मन्दिर की सीढ़ियां उतर कर रँगीली गली में प्रवेश करते हैं, जहां पर कि रंगों की बौछारों एवं सङ्गीत की मृदुल स्वर लहरियों के मध्य ठिठोली यानी हंसी-मजाक की जमकर होली होती है। ठिठोली होली में नंदगाँव के हुरियारे बरसाना की गोपिकाओं के साथ श्रृंगार रस से परिपूर्ण हंसी-मजाक करते हैं। इस हंसी-मजाक में बरसाना की गोपिकाएँ भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती हैं। आखिर लें भी क्यों न, होली कौन सी रोज-रोज होती है। ठिठोली होली हो चुकने के बाद बरसाना की गोपिकाएँ (श्रीजी मन्दिर के गुसाईं घरों की स्त्रियां) एवं नंदगाँव के हरियारे लट्ठमार होली खेलने हेतु रँगीली गली के चौक पर एकत्रित होते हैं। उनके हाथों में मेहन्दी, पांव में महावर और आंखों में कटीला काजल हुआ करता है। कंठ-हार हमेल, हथफूल व कर्णफूल आदि अनेकानेक आभूषण उनके अंग-प्रत्यंग की शोभा बढ़ाते हैं। इसके अलावा उनके हाथों में लंबी-लंबी लाठियां और मुँह पर लंबे-लंबे घूँघट होते हैं। यह गोपिकाएँ अपने-अपने घूंघटों की ओट से नंदगांव के हरियारों पर उछल-उछल कर अपनी-अपनी लाठियों से बड़े ही प्रेम पूर्ण प्रहार करती हैं। इन प्रहारों को नंदगाँव के हरियारे अपनी-अपनी ढालों पर रोकते हैं। यह प्रहार बड़े ही जबरदस्त होते हैं। गोपिकाओं की लाठियों के प्रहारों से देखते ही देखते नंदगाँव के हरियारों की ढालें छलनी हो जाती हैं। यदि इस लट्ठमार होली में किसी के खून आदि निकल आये तो उसे एक शुभ-शगुन समझा जाता है। उससे किसी में कोई दुर्भावना उत्पन्न नही होती है। नंदगाँव के हरियारों को बरसाना की गोपिकाओं की लाठियां भी इतनी अच्छी लगती हैं कि जब-जब गोपिकाओं का लाठियां चलाने का जोश ठंडा पड़ता है, तब-तब नंदगाँव के हुरियारे श्रृंगार रस की कड़ियाँ गा-गाकर उन्हें उत्तजित कर देते हैं। अतः यह लट्ठमार होली काफी देर तक चलती है। जब यह होली हो चुकती है तब बरसाना की गोपिकाएँ अपनी लाठियों को दर्शकों के माथे पर टिका-टिका कर उनसे इनाम माँगती हैं।जो देना चाहे वह दे,किसी से कैसी भी कोई जबरदस्ती नही होती है। लट्ठमार होली के खेलने की तैयारी बरसाना की गोपिकाएँ और नंदगांव के हुरियारे कई महीनों पूर्व से बड़े ही उत्साह व उमंग के साथ किया करते हैं। बरसाना में जिस दिन यह होली खेली जाती है उस दिन लोग-बाग इस होली को देखने के लिये सुबह से ही घरों की छतों पर बैठना शुरू कर देते हैं। रँगीली गली के किनारे बने सारे मकानों के छज्जे इस होली के असँख्य दर्शकों से पट जाते हैं। इसके अलावा रँगीली गली में भी दर्शकों का सैलाब उमड़ पड़ता है।बरसाना में जिस दिन लट्ठमार होली होती है उस दिन यहां सुबह से ही घर-घर में पूड़ी-पकवान बनने शुरू हो जाते हैं। क्योंकि पता नही कब और किसके घर पर बरसाना की लट्ठमार होली देखने हेतु मेहमान आ जाएं। इस दिन प्रायः प्रत्येक बरसाना वासी के यहां कोई न कोई मेहमान अवश्य आता है। अगले दिन यानी फाल्गुन शुक्ल दशमी को इसी प्रकार की लट्ठमार होली नंदगाँव में गांव से बाहर रंगीली चौक पर होती है। नंदगाँव में होने वाली लट्ठमार होली में हुरियारे होते हैं बरसाना के गुसाईं और लाठियां चलाती हैं नंदगाँव की गोपिकाएँ। नंदगाँव में होली खेलने हेतु बरसाना के गुसाईं बरसाना स्थित श्रीजी मन्दिर की ध्वजा को लेकर नंदगाँव जाते हैं। वहां के यशोदा मन्दिर में उनका भांग-ठण्डाई से स्वागत-सत्कार किया जाता है।उसके बाद नंदराय मन्दिर में संगीत समाज होता है। ततपश्चात वहां होती है बरसाना की भांति लट्ठमार होली।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## कविता

वो कहते हैं कि
होली तो लुच्चे लफंगों का त्यौहार है
हो हल्ला करते हुड़दंगियों का त्यौहार है
रंग बिरंगा रूप धरे छपरियों का त्यौहार है।
खून उबाल आ जाता है जब ये सुनना पड़ता है
कि होली तो आवारा मनचलों का त्यौहार है।

चाहे तो उन्हीं की भाषा में, समझा दें हम
एक बोल पर, कीप साइलेंट करवा दें हम
बस व्यर्थ की बातों में उलझने से बचते हैं
अन्यथा बेगैरतों को, नाकों चने चबा दें हम।

हमारे संस्कार हमारी संस्कृति रोक देती है हमें
कदम आगे बढ़ाने पर, मां टोक देती है हमें
उनका एक इशारा, नृपादेश से कम नहीं
अन्यथा जीती बाजी ,पलटाना आता है हमें।

कहती है क्या वो भी सुन ले
तो होश ठिकाने आ जायेंगे
कड़वी बेलों पर पल भर में
अमृत से फल लद जायेंगे।

कहती हैं कि
कुत्तों के चिल्लाने से कभी ,
कि कुत्तों के चिल्लाने से कभी
मृगेंद्र राह बदला नहीं करते
मेंढकों के टरार्ने से कभी
गजेन्द्र नद छोड़ा नहीं करते।

इसलिए जिसे कुछ समझ नहीं
उसे फिर समझाना क्यों ?

जड़ मूढ़,ढेले विदूषक को
भगवत ज्ञान सुनाना क्यों?
उनका काम बस भौंकना भर है

तो भौंकने दो उन्हें
कुछ फर्क नहीं पड़ता हमें
चीखने दो, चिल्लाने दो उन्हें।

जवाब हमें कर्म से देना है जुबान से नहीं
भटकाना चाहते हैं वो, पर भटकना नहीं।

वक्त आने पर पत्थर भी पिघल जाया करते हैं
कुत्सित अभिमानी मिट्टी में मिल जाया करते हैं।
देखें है बड़े बड़े, नत हो दर पर शीश नवाए,
गरजने वाले बादल कभी बरसा नहीं करते।

जरूरी नहीं, रोने से हर बार मिल जाए झुनझुना
बहलाव, सहलाव या मिल जाए प्यार की थप्पी
पासे की कभी कभी ,उल्टी भी पड़ जाती है चाल
आघात, प्रहार मारकुट संग कटि, हस्त पग चप्पी।

इसलिए उन्हें बता देता हूं मैं
एक बार फिर समझा देता हूं मैं
कि होली न लफंगों का त्यौहार है
न हुड़दंगियों का त्यौहार है

सुशील कुमार

# बदलते जमाने की रंग बदलती होली

**प्रियंका सौरभ**

**होली** ऐसा त्यौहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं। लोग दुश्मनी भुलाकर एक-दूसरे के गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियाँ अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफसोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। रंगों की बौछारें और होली की जीवंतता ने उत्सव के बाद जैसी शांत ले ली है। "आओ राधे खेलें फाग, होली आई" के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाजें समय के साथ दबती जा रही हैं। फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग खुशी से एक-दूसरे पर रंग डालते और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस खुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थी और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे।

हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नजर आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए "हैप्पी होली" के साथ शुरू और खत्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय मोबाइल पर समय बिताने में ज्यादा रुचि रखते हैं। पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदायिक भावना कम होती जा रही है। फोन पर एक साधारण "होली मुबारक" ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं। इस बदलाव के कारण परिवार अपनी बहू-बेटियों को दोस्तों या रिश्तेदारों से मिलने देने में हिचकिचाते हैं। पहले लड़कियाँ होली के दौरान खुशी और हंसी-मजाक करती हुई खुली हवा में घूमती थीं, लेकिन अब अगर कोई लड़की किसी रिश्तेदार के घर ज्यादा देर तक रुकती है, तो उसके परिवार में चिंता पैदा हो जाती है। होली का त्यौहार खुशियों का मौसम हुआ करता था।

## विचार

# गोश्त के साथ रंगीन पानी ना हो तो कैसा

**संजय सक्सेना**

**पूरे देश की** तरह लखनऊ में भी होली के रंग अलग-अलग देखने को मिलते हैं। यहां आज भले ही किसी एक वर्ग को होली के रंगों से परहेज हो,लेकिन एक समय यहां के मुगल नवाबों के यहां होली पर कई दिनों तक जश्न मनाया जाता था। होली की पहचान रंगों के अलावा खाने-पीने से भी जुड़ी हुई है। होलाष्टक लगते ही पूरा शहर मस्ती में झूमने लगता है। सबसे अधिक भीड़ तो मयखानों और गोश्त की दुकानों में दिखाई पड़ती है। और जब खाने पीने की बात चलती है तो इसमें सबसे ऊपर नाम कायस्थों का आता है,जिनके यहां होली पर बने लजीज व्यंजन हर बिरादरी के यार-दोस्तों को अपने यहां खींच लाते हैं।की होली ऊपर से दिखती तो एक जैसी ही है, लेकिन उसके भीतरी रंग में जातीय विशेषताएं भी घुली रहती हैं। लखनवी नफासत-नजाकत से लेकर होली के हुड़दंग में भी अपनी अलग पहचान बनाए रहती थी तो उसका बहुत हद तक श्रेय यहां की कायस्थ बिरादरी को भी जाता है। लखनऊ में कायस्थों की बड़ी आबादी रहती है। एक मोटे अनुमान के अनुसार लखनऊ में कायस्थों की आबाद डेढ़ लाख के करीब है।वैसे तो यह वर्ग नौकरीपेशे वाला माना जाता है,लेकिन तीज त्योहार मनाने में मामले में भी इसकी कहीं कोई बराबरी नहीं है। गौरतलब है कि मुस्लिम बिरादरी आमतौर पर होली के रंग से परहेज करती है, जबकि लखनवी तहजीब की बुनियाद तो मुस्लिम समुदाय ने ही डाली थी तो होली पर इस तहजीब की रंगत अगर किसी ने बरकरार रखी है तो वह लखनऊ की कायस्थ बिरादरी ही है। तो लखनऊ के ब्राह्मणों का भी इसमें खासा योगदान रहा है,जो कायस्थों के यहां बने नॉनवेज का पूरा लुफ्त उठाते हैं।लखनऊ के पुराने कायस्थों को तो आधा मुसलमान ही माना जाता था क्योंकि गोश्त-शराब उनकी दिनचर्या में शामिल रहा है। होली हो और गोश्त न बने तो कैसा कायस्थ? और यह भी नहीं कि सिर्फ गोश्त ही बने, कलेजी भुनी हुई न हो तो शराब हलक के नीचे उतरे कैसे। इसलिए कलेजी तो जरूरत की चीज समझी जाती थी होली में। हरी मटर फागुन में बहुतायत से और सस्ती मिलती है। कीमा मटर बहुत पसंद किया जाता रहा है। इसी को जब सूखा यानी बगैर शोरबे के बनाते हैं तो उसे दुलमा कहा जाता है। यहां यह भी ध्यान रहे कि 1950 के दशक में न गैस के चूल्हे थे और न ही कुकर। कायस्थों के घर में ये सब मांसाहारी व्यंजन पकाने और बनाने में खासा वक्त और मेहनत लगती थी। इसका श्रेय निश्चित रूप से महिलाओं को ही दिया जाता है और दिया भी जाना चाहिए। आज भी जब कायस्थों के यहां शादियां तय होती हैं तो पहली बात यही पूछी जाती है कि लड़की शाकाहारी है कि मांसाहारी। अगर शाकाहारी है तो क्या घर में मांस बनने से परहेज तो नहीं होगा? यानी कि घर में बने तो वह घिनाएगी तो नहीं। कायस्थों के यहां एडजस्टमेंट की काफी गुंजाइश रहती है। मेरे पिता मांसाहारी थे, जबकि मॉ प्योर शाकाहारी,लेकिन उनके हाथ के बने नॉनवेज की तारीफ कई बार हम सुन चुके हैं। उनका खाना पहले बनाकर अलग रख दिया जाता था, उसके बाद चौके में मांसाहार भी बनता था। अनेक कायस्थ परिवारों में यह परंपरा आज भी जारी है। कोई गोश्त-शराब का शौकीन है तो कोई परहेज गार है। लेकिन परिवार तो परिवार है, खान-पान के सबब से हरगिज नहीं टूटेगा।

लखनऊ के कायस्थों की होली में खानपान के साथ इत्र भी महकता रहता है। अबीर-गुलाल में खस मिलाने की परंपरा लखनऊ में बहुत पुरानी है। यहां तक कि गीले रंग में भी इत्र मिलाया जाता था ताकि रंग की फुहार पड़े तो बदन महकने लगे और खुद को अच्छा लगे। अमीनाबाद से चौक की तरफ जाने लगिए तो रकाबगंज पड़ता है। यहां दाहिने हाथ एक ढाल उतरती है और एक मोहल्ला मशकगंज कहलाता है। जहां बड़ी सख्या में कायस्थ रहते हैं,इसी तरह से निवाजगंज,बाबूगंज, नौबस्ता मौहल्ला कभी कायस्थों का गण हुआ करता था,होली पर यहां हर घर से नॉनवेज की खुशबू आती थी तो रंगीन पानी के शौकीन ह्यगिलास लड़ातेह्न मिल जाते थे। गरीब से गरीब कायस्थ भले ही फटा-पुराना कपड़ा पहन कर रंग खेलते रहे हों, लेकिन खाते-पीते घर के कायस्थ हमेशा ही सफेद-धुले, बरकाबरक कपड़ों में ही रंग खेलना पसंद करते थे। रंग पड़े तो खिले भी। कालिख मुंह पर पोतना-पुतवाना, उन्हें नागवार ही गुजरता था। गोश्त-शराब का जिक्र पहले हो चुका है। यहां सिर्फ यह बताना जरूरी है कि बहुत से वैश्य और ब्राह्मण घरों में इसे निषिद्ध माना जाता था। लेकिन इनकी युवा पीढ़ी की जुबान लांय-लांय करती थी। सो ऐसे युवा तुर्क होली में कायस्थों के घर जरूर पहुंचते थे। उन्हें पता होता था कि किन-किन घरों में मांसाहार जरूर बना होगा। कायस्थों को खुद खाने के अलावा खिलाने का भी शौक रहा है, इसलिए उनके घरों में हमेशा ही उनका स्वागत होता आया है। आओ भाई, लो पीयो और खाओ। दुलमा तो चख के देखो ही। एक बार मेरे गरीबखाने पर पड़ोस के एक वैश्य सज्जन आए। पीते तो थे, मगर मांस नहीं खाते थे। औरों को दुलमा खाते देख उन्होंने भी मटर की सब्जी समझ के दुलमा चख लिया।



# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com




### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# हास्य हृदय अजब किस्से

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**वो अजब** शहर था, जहाँ हंसी में दर्द छुपा और हर चेहरे पर एक अनकही कहानी झलकती थी। यहाँ की गलियाँ उस समय की गूंज सुनाती थीं, जब असली सच्चाई को पर्दे में छुपा कर दिखाया जाता था, और पर्दे के पीछे लोगों की आँखों में आंसुओं के साथ मुस्कान भी झलकती थी। क्या सच है, क्या फसाना? यही सवाल हर मोड़ पर गूंजता था, जब शहर के किसी भी मोड़ पर एक नई चाल चल दी जाती थी। उस शहर के बाजार में, जहाँ दुकानदार अपने माल के साथ साथ अपने दर्द का भी प्रचार करते थे, एक बूढ़ा कबूतर अपनी आखिरी उड़ान भर रहा था। उसकी आवाज में सटीकता और कटाक्ष दोनों का मिश्रण था झ ह्लमेरे पंख तो टूट गए, पर मेरा हौसला अभी तक सलामत है!ह्व पंच लाइन की तरह उसका यह संवाद सबको चौंका देता था। इस शहर में, जहाँ हर एक इमारत एक इतिहास कहती थी और हर दीवार पर अनसुने किस्से लिखे थे, लोगों के दिलों में वह पुराना दर्द नाचता रहता था। दुकानों के बाहर लगे बड़े-बड़े पोस्टर, फिल्मों के डायलॉग की तरह, कुछ हंसी के साथ कुछ आंसुओं की भी कहानी सुनाते थे झ जब भी दिल टूटे, तो उस दर्द को हँसी में बदल दो। हर मोड़ पर फिल्मी संवादों की तरह कटाक्ष बिखरे रहते थे, जो न केवल हृदयस्पर्शी थे बल्कि व्यंग्यात्मक भी थे। यहाँ के लोग, जो अपने अंदर के दर्द को छुपाकर जी रहे थे, एक दूसरे को बिना शब्दों के समझ लेते थे। कभी-कभी तो दिल की आवाज भी म्यूट हो जाती है, पर उसका इम्पैक्ट सुनाई देता है,ह्व एक बूढ़े बुजुर्ग का कथन था, जिसे सुनकर हर कोई रुककर सोच में पड़ जाता था। इस शहर की कहानी में, जहाँ सब कुछ व्यंग्यात्मक था, हर घटना एक नई पंच लाइन के साथ सामने आती थी। ह्लमगर क्या करें, यहाँ के दर्द भी तो फैशन में हैं! यह जिक्र करते हुए एक युवा ने चुटकी ली, जिससे हंसी के साथ-साथ गहरी व्यथा भी व्यक्त हुई। वैसे तो शहर के हर कोने में एक कहानी थी, लेकिन ये कहानी कुछ और ही थी झ दर्द में भी हंसी, और हंसी में भी दर्द। हर इक पल में वक्त ने अपनी अनकही दास्तां लिख दी थी, और ये दास्ताँ आज भी उन गलियों में गूंजती है, जहाँ हर धुन एक नए व्यंग्य का आरंभ करती है।

# सनातन संस्कृति में छिपा है पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान

**प्रो. महेश चंद गुप्ता**

**भारतीय सनातन संस्**कृति और पर्यावरण के बीच युगों पुराना नाता है। एक सनातन संस्कृति ही है, जिसमें प्रकृति को केवल अस्तित्व का आधार ही नहीं बल्कि पूजनीय माना गया है। आधुनिक विज्ञान में जिस पर्यावरणीय संतुलन की वकालत की जाती है, उस संतुलन को सनानत परंपराओं में सदियों से साधा जा रहा है। सनातन संस्कृति में प्रत्येक प्राकृतिक तत्व को दिव्य माना गया है। हमारे लिए सूर्य, जल, वायु और वनस्पति सबको देवतुल्य हैं। जरूरत के समय पेड़ों को काटने से पहले उनकी अनुमति मांगने और तुलसी पत्र तोड़ते समय विनम्र भाव से क्षमा मांगने की विनम्रता केवल हमारी संस्कृति में ही है। हम सूर्यास्त के बाद फूल-पत्तियां इसलिए नहीं तोड़ते क्योंकि तब तब वे विश्राम की अवस्था में होते हैं। न केवल भारत में बल्कि विदेशों में बसा हिंदू समुदाय भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है। इस बात को अब विदेशों में भी स्वीकार कर इससे प्रेरणा ली जाने लगी है।

ब्रिटेन के इंस्टीट्यूट फॉर द इम्पैक्ट ऑफ फेथ इन लाइफ (आईआईएफएल) की ओर से हाल में किए गए एक अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया है। अध्ययन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि पर्यावरण सुरक्षा के मुद्दे पर ब्रिटेन में हिंदू समुदाय बाकी समुदायों की तुलना में सबसे ज्यादा सक्रिय है। अधिकांश हिंदू पर्यावरण के लिए कुछ न कुछ कर रहे हैं। कण-कण में भगवान के होने का विश्वास उनका प्रेरणास्त्रोत है। 64 फीसदी हिंदू ह्यरीवाइल्डिंगह्न यानी इको सिस्टम को नई जिंदगी देने में शामिल हैं। 78 फीसदी हिंदू अपनी आदतों में इसलिए बदलाव लाते हैं ताकि पर्यावरण को नुकसान कम हो। 44 प्रतिशत हिंदू पर्यावरणीय संगठनों से जुड़े हैं। अध्ययन में हिंदू, मुस्लिम और ईसाई समुदायों के पर्यावरण संबंधी नजरिये और गतिविधियों का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट से पता चलता है कि ब्रिटेन के 82 फीसदी ईसाई धर्म को पर्यावरण सुरक्षा से जोड़ते हैं पर उनके सुरक्षा संबंधी काम सबसे कम हैं। 31 फीसदी ईसाई जलवायु परिवर्तन को ही नकारते हैं, जो किसी भी धार्मिक समूह में सबसे ज्यादा है।

## न्यूज फ्लैश

### खुले में रखे मिले तो ड्यूल डेस्क तो स्कूल मुखिया पर होगी कार्रवाई

**गन्नौर। हरियाणा विद्यालय** शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित 10वीं व 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त डा. मनोज कुमार को गन्नौर के विद्यालयों में कक्षा में उपयोग होने वाले ड्यूल डेस्क खुले में रखे में पाए गए। इससे सरकारी संपत्ति के खराब होने की आशंका जताई गई है। इस पर नाराजगी जताते हुए संबंधित स्कूल मुखियाओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद शिक्षा विभाग ने सभी राजकीय स्कूलों को सख्त निर्देश जारी कर दिए हैं। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों को लिखित निर्देश जारी किए हैं कि यदि कक्षाओं के बाहर ड्यूल डेस्क पाए गए तो स्कूल प्रमुख पर कार्रवाई की जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह ने कहा कि सरकारी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह निर्देश जारी किए गए हैं। क्योंकि हाल ही में 6 से 7 हजार रुपये प्रति यूनिट की लागत से खरीदे गए ये ड्यूल डेस्क बारिश या धूल-मिट्टी के कारण खराब हो सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी संसाधनों की बबार्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### गन्नौर बार एसोसिएशन के नए प्रधान गौरव त्यागी ने संभाला कार्यभार



**गन्नौर। बार एसोसिएशन** की नव नियुक्त कार्यकारिणी ने बुधवार को विधिवत कार्यभार संभाल लिया है। बार रूम में आयोजित समारोह में बार एसोसिएशन के निवर्तमान प्रधान युद्धबीर ने नए प्रधान गौरव त्यागी को चार्ज सौंपा। सबसे पहले हॉल में आरंभ में निवर्तमान कार्यकारिणी ने प्रधान गौरव त्यागी व नए पदाधिकारियों का स्वागत किया। इसके बाद अन्य पदाधिकारियों को मंच पर बुलाया और उन्हें पद ग्रहण करवाया। नव नियुक्त प्रधान गौरव त्यागी ने सभी वकीलों का आभार जताया।

### अवैध खनन करने वालों के खिलाफ मुहिम जारी : निरंजन लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला के खनन** अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि खनन व भू विज्ञान विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के निदेर्शानुसार जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ मुहिम जारी है। उन्होंने बताया कि इंद्री व कैथल रोड पर तथा घरौंडा क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग की गई। चैकिंग के दौरान वाहनों के ई-रवाना बिल सही पाए गए। उन्होंने बताया कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### गली में बैठी महिलाओं पर चढ़ी कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के एक गांव** में देर रात एक एक तेज रफ्तार कार ने गली में बैठी बुजुर्ग महिला और छोटे बच्चों को टक्कर मार दी। इस हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि दो लड़कियों व एक अन्य महिला घायल हो गई। इस दौरान कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और एयर बैग खुल गए। हादसे के बाद कार सवार युवती उतर कर भाग गई, वहीं युवक कार में ही बैठा रहा। पुलिस ने उसको हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार काछवा गांव के संजय ने बताया कि सोमवार रात को वहां से गुजर रही एक काले रंग की कार सडक किनारे एक छोटे पेड़ से टकरा गई। इसके बाद वहां पास में बैठी महिला और उसके पोते-पोतियों को टक्कर मार दी। हादसे में सुलतानी देवी (70 वर्ष) की मौत हो गई, जबकि 5 साल की खुशी और 15 साल की प्रियंका और एक अन्य महिला प्यारी देवी कार की चपेट में आने से घायल हो गई। पुलिस ने आज महिला का पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिया।

# विधायक ने गन्नौर में जलभराव, जाम और कालेज भवन का मुद्दा उठाया

**खानपुर जाने वालों की संख्या ज्यादा है, लेकिन सरल मार्ग नहीं है। इस रास्ते को एनएच या स्टेट हाईवे से जोड़ा जाए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। विधायक देवेंद्र** कादियान ने विधानसभा सत्र के दौरान गन्नौर क्षेत्र की विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए सरकार से उनके समाधान की मांग की। विधायक कादियान ने सदन में बताया कि जीटी रोड से रेलवे स्टेशन तक जाने वाले रेलवे रोड के साथ बने नाले की सफाई न होने से हल्की बारिश में ही जलभराव हो जाता है। जलभराव के कारण सड़क बार-बार टूट रही है। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के मंत्री से शहर की निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग की। इस पर मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि इस नाले की सफाई नगरपालिका करती है। सड़क की हालत ह्यादा खराब नहीं है। विधायक की मांग पर जनस्वास्थ्य विभाग निकासी व्यवस्था में सुधार करने का काम कराएगा।

-कालेज का भवन बनाने की मांग
विधायक कादियान ने कहा कि गन्नौर में सरकारी कालेज पास हो चुका है। दूसरा सत्र चल रहा है, लेकिन कालेज अभी स्कूल की पुरानी बिल्डिंग में चल रहा है। वहां सुविधाओं की कमी है। नया भवन जल्द बनाया जाए।

**जाम व अनांज मंडी का मुद्दा उठाया**
गन्नौर में बाईपास की जरूरत है, प्रस्तावित है, लेकिन अब तक कोई काम नहीं हुआ। बाईपास न होने से जाम लगता है। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी शहर के बीचोंबीच है। जगह कम पड़ने से किसानों और आढ़तियों को दिक्कत होती है। ऐसे में मंडी को शिफ्ट करने से किसानों और आढ़तियों को सहूलियत मिलेगी।

**गन्नौर से गोहाना वाया खानपुर को अंतर्राष्ट्रीय मंडी से जोड़ें**
विधायक कादियान ने बताया कि गन्नौर में एशिया की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी बन रही है। इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और क्षेत्र का विकास होगा। गन्नौर से गोहाना वाया खानपुर को अंतरराष्ट्रीय मंडी से जोड़ा जाए। खानपुर जाने वालों की संख्या ज्यादा है, लेकिन सरल मार्ग नहीं है। इस रास्ते को एनएच या स्टेट हाईवे से जोड़ा जाए।

-एचकेआरएन की प्रक्रिया जटिल
हरियाणा कौशल रोजगार निगम पर विधायक कादियान ने कहा कि युवाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया जटिल है।

## ठगी के शिकार जमाकर्ता व एजेंट 20 को जंतर मंतर पर करेंगे प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**निवेशकों से हजारों** करोड़ रुपये हड़प कर भाग जाने वाली हयूमन वेल्फेयर सोसाइटी कम्पनी के मालिकों की गिरफ्तारी व रुपये वापसी की मांग को लेकर लघु सचिवालय पर प्रदर्शन कर डी एस पी को मांग पत्र दिया गया । आज के इस प्रदर्शन में शामिल जिला पानीपत के जमा कर्ता व कम्पनी के एजेंटों ने इसी मुद्दे पर मजदूर संगठन सीटू की अगुवाई में 20 मार्च को दिल्ली जंतर मंतर पर होने वाले प्रदेशव्यापी प्रदर्शन में बढ़ चढ़ कर शामिल होने का फैसला लिया । समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पी पी कपूर ने इस आंदोलन का समर्थन करते हुए जमा कताओं का पैसा वापिस दिलवाने, कम्पनी मालिकों की गिरफ्तार करने की मांग की । सोनीपत से आए सीटू नेता कॉमरेड आनंद ,पवन, विपुल, बालकिशन व एडवोकेट सुरेंद्र रोहिल्ला ने कहा कि हजारों जमा कर्ता व कम्पनी के एजेंट्स इस कम्पनी की ठगी के शिकार हो गये । भारत सरकार के कृषि मंत्रालय , सहकारिता मंत्रालय व आरबीआई से कम्पनी की मान्यता होने के कारण एजेंट्स व निवेशक लुट गये।

### फूलों व सूखे रंगों से खेलें होली: मुक्तानंद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। सेक्टर-13** स्थित गीता मंदिर में होली के उपलक्ष्य में रामचरितमानस एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इस मौके पर मंदिर में होली भी खेली गई। बड़ी संख्या में भक्तजनों ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और रामचरित्र मानस व सुंदर कांड पाठ किया। पाठ के बाद मुक्तानंद जी महाराज द्वारा सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया और आशीर्वाद दिया। मुक्तानंद जी महाराज ने कहा कि रामचरित मानस एवं सुंदरकांड पाठ करने और सुनने से मानसिक शांति, आत्मविश्वास, और जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

## कलाकारों ने किया अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। चाहत कराओके** अकैडमी द्वारा करनाल क्लब में एक यूजिकल इवेंट का आयोजन किया गया, जिसमें करनाल के अलावा गुरुग्राम, पंचकुला व यमुनानगर से आए कलाकारों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इवेंट का आरंभ आठ वर्ष के कलाकार मास्टर रुद्र ने मातारानी जी के भजन चलो बुलावा आया है, से किया। इसके बाद रवि ने तू जहां जहां चलेगा, रेणु ने आ लग जा गले, रंजना ने हमने देखी है इन आंखों, श्रवण बेहाल ओ मेरे दिल के चैन, रमेश अरोड़ा ओह रे ताल मिले नदी के जल में, प्रेम मेहता सुहानी चांदनी रातें, नरेन्द्र वर्मा रंग बरसे भीगे चुनर वाली, पंचकुला से सोनिया ने आ चल के तुझे मैं लेके चलूं , यमुनानगर से ओम प्रकाश धीमान ने आज से पहले आज से ज्यादा, गुरुग्राम से राज मोहिनी ने बहारो मेरा जीवन भी संवारो, अवतार सिंह अय्यो बल्ली प्यार का दुश्मन, मिंकू बेदी तेरे लिए, प्रदीप त्यागी एक दो तीन चार पांच छः सात आठ नौ, अनीता भारद्वाज रहें ना रहें हम, नीरु चौधरी दिल चीज क्या है आप मेरी जान लीजिए, राजेश खुराना जब महोब्बत जवान होती है, जितेंद्र बाली कभी रात दिन, राजेश बिंदल चांद से परदा कीजिए, अशोक महेंद्रू तु हें अपना बनाने की कसम, ध्यान ऊर्जा यह इश्क.है बैठे बिताई, संजीव कुमार जानम देख लो, श्रवण बठला मेरे महबूब क?ामत होगी, केपी अग्रवाल ना तुम हमें जानो, चंद्र मेहता ने हम तो हैं परदेस में, देस में निकला होगा चांद के अलावा चाहत कराओके एकाडमी की टीम मैनेजर किरण चड्ढा ने ये समां समां है ये प्यार का, टीम ऑर्गनाइजर विनोद वर्मा ने इक दिन बिक जाएगा माटी के मोल व मंच संचालन में माहिर चांद कश्यप ने अपने गीत व शायरी की प्रस्तुति देते हुए इवेंट में आए हुए सभी विशिष्ट अतिथियों व श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

चाहत कराओके एकाडमी द्वारा इवेंट में आए हुए सभी प्रतिभागियों, विशिष्ट अतिथियों व स्पांसर्स शंकरा इंस्टीट्यूट, करण मसाले से साहिल कालड़ा, चेतना कालड़ा, चंद्र मेहता, समाज सेविकासेवी चौधरी जी, पीके केमिकल्स अजय, ज्वैलर्स तरुण बंसल, समाज सेवी मदनलाल गुप्ता, कृष्णा गुप्ता को पटका पहनाकर, मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### पटवारखाने की बिजली कटी, नहीं कराया गया बिल जमा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के** पटवारखाने की बिजली एक बार फिर काट दी गई है। कारण यह है कि कई महीनों से बिजली बिल जमा नहीं किया गया, जिसके चलते विभाग को कनेक्शन काटने की नौबत आ गई। इससे कानूनगो और पटवारियों को अंधेरे में काम करना पड़ रहा है, वहीं दस्तावेजों से जुड़े काम अटकने के कारण लोग भी परेशान हैं। पटवारखाने में आए लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ा, क्योंकि बिजली न होने के कारण कंप्यूटर से जुड़ा कोई भी काम नहीं हो पाया। जुंडला निवासी अमरजीत अपने जमीन से जुड़े कार्य के लिए पटवारखाने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि स्टाफ ने उनके काम में पूरा सहयोग किया, लेकिन जब कंप्यूटर से जुड़ा काम करना था, तो बिजली न होने के कारण वह अटक गया। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब सरकारी विभाग ही बिजली बिल नहीं चुका रहा, तो आम जनता पर बकायेदारी को लेकर सख्ती क्यों की जाती है? इसी तरह प्रवीन कुमार भी कई बार पटवारखाने के चक्कर काट चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह हैरानी की बात है कि सरकारी विभाग ने ही सरकारी विभाग का कनेक्शन काट दिया। यह अपने आप में हास्यास्पद स्थिति है। साथ ही, हर बार नया बहाना मिल जाता है, जिससे काम अधूरा रह जाता है।

## 12 ज्योतिर्लिंग-चार धाम-12 शक्तिपीठ का हुआ भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**अन्तरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक** परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि भारतीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक इतिहास में पहली बार आयोजित 12 ज्योतिर्लिंग, चारधाम और 12 शक्तिपीठों की महासंगम यात्रा के उपरांत, अब भगवा त्रिशूल यात्रा की भव्य शोभायात्रा 10 मार्च को हरियाणा के कुरुक्षेत्र सें शुरूआत करके करनाल व उसके बाद बडोता,गगसीना,मुनक,रेर कलां,धर्मगढ.पहुंची। उसके बाद गाँव कवि पहुँचने पर हरियाणा सरकार के शिक्षा मन्त्री के बड़े भाई हरपाल ढाड़ा व छोटे भाई बिट्टू ढाड़ा ने जोरदार स्वागत किया उसके बाद मडलौडा होते हुए गंगा हेचरी भालसी पर पहुँचने पर चौधरी प्रेम सिंह भालसी व समस्त ग्राम वासियों ने यात्रा का स्वागत किया व हरियाणावी सुपर स्टार बिन्दर दनौदा,विनू गौर व मनीष मस्त कलाकारों ने शिव भक्ति के गीतों से शिव आराधना की,इस भव्य आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है। इस दौरान दीप सिहाग सिसाय ने बताया कि पवित्र यात्रा का उद्देश्य भगवान शिव के प्रति आस्था को जागृत करना, सनातन संस्कृति को बढ़ावा देना और जनमानस को आध्यात्मिक ऊर्जा से प्रेरित करना है। इस यात्रा का आयोजन अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद द्वारा किया जा रहा है, जिसके राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. नवीन नैन भालसी ने यात्रा से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि इस भव्य शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु भगवा ध्वज, त्रिशूल एवं शिव मंत्रों के उद्घोष के साथ चल रहे है।

**यात्रा का महत्व और आयोजन की विशेषताएं**
डाक्टर नवीन नैन भालसी ने बताया कि यह भगवा त्रिशूल यात्रा न केवल एक आध्यात्मिक आयोजन है, बल्कि यह सनातन संस्कृति और शिवभक्तों की एकता का प्रतीक भी है।

## सहयोग एक कोशिश संस्था की पहली वर्षगांठ पर सदस्यों को दी शुभकामनाएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : धर्मनगरी** कुरुक्षेत्र में युवाओं के सहयोग से सहयोग एक कोशिश संस्था द्वारा चलाई जा रही रसोई का भोलेनाथ जी के आशीर्वाद से एक वर्ष हुआ है। संस्था के प्रधान साहिल गाबा ने बताया कि सहयोग की रसोई की पहले वर्षगांठ पर संस्था ने सैंकड़ों लोगों के लिए लंगर का आयोजन किया। लंगर में करीब एक हजार लोगों ने भोजन ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ जी के आशीर्वाद से संस्था हर तरह की सेवा हर समय तैयार रहती है। समय समय समाज के सहयोग के लिए कार्य करती है। इस क्रम में जरूरतमंद लड़कियों के विवाह की सेवा, जरूरतमंद लड़कियों के लिए फ्री में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, गर्मियों में जहां जरूरत हो वहां वाटर कूलर की सेवा, हर महीने जरूरतमंद महिलाओं को राशन सेवा इत्यादि उपलब्ध करवाती है। इस अवसर पर ईशा, उर्वशी, साहिल, शिव कुमार, हर्ष, संयम, गौरव कुमार, हितेन, अमन, कविता, कनिका व दर्पण इत्यादि सदस्य भी मौजूद रहे।

## 10 हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र** सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने एनडीपीएस के मामले में 10 हजार के इनामी आरोपी को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद सहित काबू करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। आरोपी की पहचान फरमान निवासी भूरा शामली यूपी के रूप में हुई। उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र कादियान ने मंगलवार को समालखा उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोह की एक टीम सोमवार को गश्त के दौरान सनौली रोड तामशाबाद बंधा के पास मौजूद थी। तभी टीम को यमुना नदी के बंधे की और से एक युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पुलिस टीम को देखकर वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान फरमान पुत्र नसीम निवासी भूरा शामली यूपी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने युवक की तलाशी ली तो उसकी पहनी हुई पेंट की जेब से एक 315 बौर का देसी पिस्तौल बरामद हुआ। पिस्तौल को खोलकर चेक किया तो बैरल में एक जिंदा रौंद मिला। पुलिस टीम ने पिस्तौल को अनलोड कर युवक को देसी पिस्तौल का लाईसेंस व परमिट दिखाने के लिए कहा तो कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। आरोपी एनडीपीएस के मामले में वांछित था, आरोपी पर10 हजार का इनाम घोषित थाउप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी का आपराधिक रिकार्ड खंगाला तो आरोपी थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में वाछित पाया गया। आरोपी पर उक्त मामले में 10 हजार रूपए का इनाम घोषित है। उन्होंने बताया कि हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरों की टीम ने 7 अगस्त 2023 को जीटी रोड़ स्थित शामली बाईपास पुल के नीचे स्वीफट कार सवार नशा तस्कर आरोपी अलीशान उर्फ बल्लू निवासी बापौली को 50 किलो 800 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया था उसको बापौली निवासी दिलशाद ने उक्त गांजा तस्करी करने के लिए दिया था। थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपी अलीशान को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था। आरोपी दिलशाद ने उच्च न्यायालय से उक्त मामले में अग्रिम जमानत ले ली थी।

## खिलाड़ियों को अब निशुल्क मिलेगी आधुनिक जिम की सुविधाएं: मनोज



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला खेल** अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि द्रोणाचार्य स्टेडियम के हजारों खिलाडि?ों को अब आधुनिक जिम की निशुल्क सेवाएं मिल पाएगी। इस स्टेडियम के लिए सांसद नवीन जिंदल ने आधुनिक जिम की मशीनें उपलब्ध करवाई है। इस जिम से स्टेडियम में रोजाना अभ्यास करने वाले 1 हजार से ज्यादा खिलाडि?ों को फायदा मिलेगा। इस सुविधा के लिए खेल प्रशिक्षकों और खिलाडि?ों ने सांसद नवीन जिंदल का आभार व्यक्त किया है। यह जिम सांसद नवीन जिंदल के निजी प्रयासों से स्थापित की गई है। जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने मंगलवार को योग भवन में सांसद नवीन जिंदल की तरफ से भेजी गई आधुनिक जिम की मशीनों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिंदल ने खिलाडि?ों की लम्बी मांग को पूरा करते हुए आधुनिक जिम द्रोणाचार्य स्टेडियम में अभ्यास करने वाले खिलाडि?ों के लिए उपलब्ध करवाई है। इस जिम को स्टेडियम में उचित स्थान पर लगाया जाएगा। इतना ही नहीं सांसद नवीन जिंदल की तरफ से जहां पर जिम स्थापित की जाएगी उस भवन का जीर्णोद्धार भी सांसद नवीन जिंदल के प्रयासों से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस जिम पर सांसद नवीन जिंदल की तरफ से करीब 5 लाख का बजट खर्च किया है। इससे पहले भी सांसद नवीन जिंदल ने अपने पिछले कार्यकाल में लाखों रुपए की लागत से जिम उपलब्ध करवाई थी।डीएसओ ने कहा कि स्टेडियम में जिम की सुविधा मिलने से रोजाना अभ्यास करने वाले खिलाडि?ों का हजारों रुपए की बचत भी होगी, क्योंकि अब खिलाडि?ों को निजी जिम में जिम करने के लिए मासिक हजारों रुपए अपनी जेब से खर्च करने पड़ रहे थे। इस स्टेडियम में अभ्यास करने वाले खिलाडि?ों को सप्ताह में कम से कम 3 बार जिम जरूरी है। अब खिलाड़ी स्टेडियम में ही बिना मासिक राशि खर्च किए जिम कर सकेंगे। यह जिम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुसार है, इस जिम को जल्द ही उचित स्थान पर स्थापित कर दिया जाएगा और खिलाड़ी जिम का फायदा उठा पाएंगे। इस मौके पर जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह, साई के प्रभारी कुलदीप वडैच, सेवानिवृत चीफ हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह,, समाजसेवी विनोद गर्ग, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल, समाजसेवी अजित पाल सिंह, विनित कुमार, कमलकांत, नरेश कुमार सैनी सहित अन्य प्रशिक्षक मौजूद थे। पिहोवा और थानेसर में करीब 20 लाख की लागत से स्थापित की 5 और जिम समाजसेवी विनोद गर्ग ने कहा कि सांसद नवीन जिंदल ने कुरुक्षेत्र जिले के पिहोवा और थानेसर के अलग-अलग जगहों पर 5 जिम उपलब्ध करवा दी है। इन 5 जिम पर करीब 20 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है।

## विश्व हिंदू परिषद ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ज्ञापन सौंपा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने प्रखंड अध्यक्ष** ओमप्रकाश सैनी के नेतृत्व में गन्नौर पुलिस स्टेशन में पहुंचकर होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने बताया कि शुक्रवार को होली का पावन पर्व है, जिसे हिंदू समाज बड़ी ही श्रद्धा से मानता है। परिषद के सदस्य ने बताया कि गन्नौर गांव वार्ड 9 में एक मस्जिद है। जिसके इर्द गिर्द 200 मीटर में कोई भी मुस्लिम समुदाय का घर नहीं है। हर शुक्रवार को वहां पर बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के युवा एकत्रित होते हैं। शुक्रवार के दिन ही होली का पर्व है। उन्होंने पुलिस से मांग की कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए शुक्रवार को मस्जिद में नमाज ना हो व माइक भी बंद रहे। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की मांग है कि पर्व बड़े ही सौहार्द व प्रेम से संपूर्ण हो।

## न्यूज फ्लैश

### मतगणना आज, सुरक्षा के रहेंगे व्यापक प्रबन्ध, पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात: वरुण सिंगला

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : जिला पुलिस ने पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के निर्देशानुसार निकाय चुनाव मतगणना के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये हैं। निकाय मतगणना के दौरान जिला पुलिस के पर्याप्त जवानों की तैनाती की गई है। मतगणना स्थल के अलावा नाकों, गश्त व पैट्रोलिंग पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस जवानों की लगाया गया है। पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को मतगणना डयूटी बारे विस्तार से समझाया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में पहले से ही तैनात पुलिस बल के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार कि 12 मार्च को निकाय चुनाव की मतगणना को देखते हुए मतगणना स्थल अग्रसैन पब्लिक स्कूल सैक्टर-13 कुरुक्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गये हैं। मतगणना स्थल के अस-पास पैदल गस्त पार्टियों की भी नियुक्ति की गई है। इसके साथ ही के सुरक्षा के लिए सिविल ड्रेस में पुलिस कर्मचारियों को तैनात किया गया है जो असमाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश में कहा कि मतगणना केन्द्र पर मोबाईल फोन, पेन, किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक यंत्र, संदिग्ध वस्तु, असला वगैरा ले जाने की मनाही है। बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को मतगणना केन्द्र में प्रवेश करने की इज्जात नहीं दी जाएगी। जिला पुलिस द्वारा सैक्टर-13 के मुख्य मार्गो पर पुलिस के नाके लगाए गए है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 12 मार्च को सैक्टर-13 में मतगणना के लिए पुलिस ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर सैक्टर-13 मार्किट पार्किंग, मंदिर के आस-पास पार्किंग स्थलों को चिन्हित किया है जहां पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक ने अपील है कि अपने वाहनों को सड़को पर ना खड़ा करें तथा प्रशासन द्वारा निर्धारित पार्किंग में ही खड़ा करें। नाको या पार्किंग पर तैनात यातायात पुलिस द्वारा दिए गये निर्देशों की पालना करके प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने वहान चालको से अपील करते हुए कहा कि 12 मार्च को सैक्टर-13 की तरफ वाहन लेकर ना जाएं।

### 2 दिवसीय मॉनिटरिंग के पहले दिन 293 स्कूलों का हुआ निपुण पर्यवेक्षण

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: निपुण अंबाला मिशन के अंतर्गत जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के नेतृत्व में जिले के प्राथमिक स्कूलों में की जा रही दो दिवसीय मेगा मॉनिटरिंग के तहत आज 293 प्राइमरी स्कूलों की मॉनिटरिंग की गई। शेष बचे 185 स्कूलों की मॉनिटरिंग कल होगी। 478 स्कूलों की मॉनिटरिंग के इस कार्य के लिए जिले में कुल 187 मॉनिटरिंग अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमे सभी खंड शिक्षा अधिकारी, खंड संसाधन समन्वयक, संकुल मुखिया, प्रधानाचार्य, पीजीटी, टीजीटी, बीआरपी तथा एबीआरसी शामिल है। इन सभी मॉनिटरिंग अधिकारियों को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा एक ऑनलाइन टूल उपलब्ध करवाया गया जिसके उपयोग से सभी मॉनिटरिंग अधिकारियों ने आज मेगा मोनिटरिंग के कार्य को संपन्न किया। सभी मॉनिटरिंग अधिकारियों ने कक्षा एक से लेकर कक्षा तीसरी तक प्रत्येक कक्षा के 6 बच्चों की भाषा तथा गणित विषयों की दक्षताओं का आकलन इस टूल के माध्यम से किया।उन्होंने यह भी देखा कि इन कक्षाओं के लिए विभाग द्वारा शिक्षकों के लिए प्रदान की गई शिक्षक संदर्शिका और बच्चों के लिए दी गई कार्य-पुस्तिका का प्रयोग नियमित रूप से हो रहा है या नहीं।

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा धंयौडा गांव में बहुत सुंदर कार्यक्रम आयोजित

## चेतना, आध्यात्मिक प्रकाश, मौलिक वास्तविकता, स्वयं, शाश्वत आत्मा है: राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी

**शाश्वत आत्मा**

▶▶ अभी वह समय चल रहा है जब परमात्मा स्वयं अवतरित हो अपना सत्य परिचय देते हैं






टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कोमल दीदी ने कहा अपने सारे दिन की बातचीत में मनुष्य प्रतिदिन न जाने कितनी बार मैं शब्द का प्रयोग करता है। परन्तु यह एक आश्चर्य की बात है कि प्रतिदिन मैं और मेरा शब्द का अनेकानेक बार प्रयोग करने पर भी मनुष्य यथार्थ रूप में यह नहीं जानता कि मैं कहने वाले सत्ता का स्वरूप क्या है। चेतना, आध्यात्मिक प्रकाश, मौलिक वास्तविकता, स्वयं, शाश्वत आत्मा है। इसलिए 'मैं' शब्द आत्मा के लिए है, शरीर के लिए नहीं । ठीक इसी प्रकार जब हम किसी ऐसी वस्तु के बारे में बात करते है जिसके हम मालिक होते है तो, हम कहते हैं कि यह मेरा घर है, यह मेरा मोबाइल है आदि आदि। यहां 'मेरा' का भाव है, मैं उसका मालिक हूं मैं घर नहीं हूं, इसी प्रकार आत्मा कहती है मेरे हाथ मेरे कान मेरी आंखें अर्थात आत्मा इस शरीर की मलिक है। शारीरिक उपस्थिति से परे, आत्मा प्रकाश का एक छोटा सा बिंदु है। यह प्रकाश आत्मा के गुण वा शक्तियो का एक प्रतीक है। आत्मा मन और बुद्धि के संकाय के माध्यम से सोच सकती है और निर्णय ले सकती है। हम एक चैतन्य आत्मा है। जब हम अपने असली स्वरूप को भूल, अपने को शरीर देखते वा समझते है, तो इसे ही देह अभिमान कहा जाता है। वास्तव मे, यह देह का भान ही सभी विकार और दुख का कारण है। उन्होंने परमात्मा का परिचय देते हुए बताया कि परमात्मा हम सर्व आत्माओ के पिता है, जो हमे सुख और शांति का अविनाशी वर्सा देते है। आत्माओं की तरह, भगवान प्रकाश का ही एक सूक्ष्म बिंदु है, लेकिन मानव आत्माओं के विपरीत, वो आत्मा जन्म और मृत्यु के चक्र से परे है, अर्थात चक्र में नही आते और कर्मों के फल - सुख वा दुख की अनुभूति नही करते, अर्थात वो अकर्ता है, सत्य है। भगवान सभी मानव आत्माओं का सर्वोच्च पिता, माता, शिक्षक, सखा और सतगुरु है। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीती दीदी ने कहा अभी वह समय चल रहा है जब परमात्मा स्वयं अवतरित हो अपना सत्य परिचय देते हैं एवं सत्य ज्ञान दे सत्य धर्म की स्थापना करते हैं।

# सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पैंसरी का 5वां स्थापना दिवस मनाया



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**परामर्श शिविर**

▶▶ चैरिटेबल डिस्पैंसरी में एक निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का भी आयोजन किया गया

**कुरुक्षेत्र** : सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पैंसरी एवं संगीत कला केंद्र, महावीर सत्संग सभा शीला नगर के स्टाफ सदस्यों ने मंगलवार को केक काटकर डिस्पैंसरी व संगीत कला केंद्र का 5वां स्थापना दिवस मनाया। स्थापना दिवस के मौके पर डिस्पैंसरी में एक निशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में 48 बीपी व शुगर के मरीजों की निशुल्क जांच की गई। डिस्पैंसरी के सदस्यों ने बताया कि सतयुग दर्शन चैरिटेबल डिस्पैंसरी निरंतर मरीजों की सेवा में तत्पर है। डिस्पैंसरी के पांच वर्ष पूरे होने पर सभी स्टाफ और मेंबर बधाई के पात्र हैं। 11 मार्च 2020 को डिस्पैंसरी का शुभारंभ ट्रस्ट के संचालक सजन जी ने अपने कर कमलों से किया था। सदस्य जितेंद्र अरोड़ा, सतीश कुमार, मनोज गाबा, लक्की मुंजाल व अनिल चावला ने बताया कि यहां पर नेत्र रोग विशेषज्ञ, जनरल ओपीडी, दंत रोग विशेषज्ञ व फिजियोथैरेपी आदि की सुविधा उपलब्ध है। सदस्य मनोज गाबा ने बताया कि ट्रस्ट अब तक देश के विभिन्न भागों में चौदह चैरिटेबल डिस्पैन्सरी एवं लैब का कुशल संचालन कर रहा है तथा इन डिस्पैन्सरियों से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर अब तक लाखों सजन सुखमय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इस डिस्पैंसरी में मरीजों को पंजीकरण के लिए मात्र 30 रुपये का शुल्क देना होगा, जोकि दो दिन तक मान्य होगा।

# बदलते मौसम में सेहत का ख्याल जरूरी: डॉ. आशीष



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र के एडमिनिस्ट्रेटर एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष अनेजा ने कहा है कि बदलते मौसम में सेहत का ख्याल रखना जरूरी है। वर्तमान में सुबह एवं सायं को जहां ठंड महसूस होती है वहीं दिन का तापमान 30 डिग्री तक चला गया है। ऐसे में बदलते मौसम को देखते हुए स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दिन और रात के तापमान में करीब 13 से 14 डिग्री सेल्सियस के अंतर के कारण लोगों में सर्दी जुकाम और बुखार के अलावा गले में दर्द और थकान जैसी बीमारियां सामने आने लगी हैं। ऐसे में व्यक्ति को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। पौष्टिक आहार लें चाहिए, इससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसके साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। मौसमी फलों एवं सब्जियों को खाना चाहिए, विटामिन सी वाले फल जैसे संतरा, नींबू का ज्यादा सेवन करें।

**होली की मस्ती में रहें सतर्क**

होली की मस्ती के दौरान बाजार में होली के रंगों में कई तरह के केमिकल एवं मिलावट मिलती है जिससे त्वचा और स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है।

# बिजली और पीने के पानी के प्रबंधों में किसी प्रकार की कोताही नहीं होगी सहन: नेहा

**दिशा-निर्देश**

▶▶ इस गर्मी के सीजन को जहन में रखकर सभी विभागों के अधिकारी समय रहते प्रबंध पूरे करेंगे



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि गर्मियों के सीजन में बिजली और पीने के पानी के प्रबंधों में किसी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी। इस गर्मी के सीजन को जहन में रखकर सभी विभागों के अधिकारी समय रहते प्रबंध पूरे करेंगे ताकि किसी स्तर पर कोई कमी ना आए। अहम पहलू यह है कि गर्मियों के सीजन में कुरुक्षेत्र के नागरिकों को बिजली, पीने के पानी और सिंचाई से सम्बन्धित समस्या नहीं आने दी जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह मंगलवार को लघु सचिवालय उपायुक्त कार्यालय में गर्मियों के सीजन को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले उपायुक्त नेहा सिंह ने गर्मियों के सीजन को लेकर यूएचबीवीएन के अधीक्षक अभियंता मदन मोहन जिंदल, जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता अरविंद रोहिला, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता सुमित गर्ग, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता मुनीष बब्बर, डीडीपीओ विकास कुमार, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के जेई ईशम सिंह सहित नगर परिषद और अन्य विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग के स्तर पर बिजली,पीने के पानी, सिंचाई सहित अन्य प्रबंधों के बारे में फीडबैक रिपोर्ट देते हुए आश्वासन दिया कि गर्मियों के सीजन में नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शहर के ट्यूबलों को चैक करेंगे कि सीजन के दौरान कोई ट्यूबल खराब ना हो और पर्याप्त मात्रा में लोगों को पीने के लिए पानी उपलब्ध करवाए। इस दौरान जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एरिया अनुसार ट्यूबल आपरेटर और जेई का नम्बर भी सार्वजनिक करे ताकि लोगों को परेशानी आने पर सम्बन्धित क्षेत्र के अधिकारी, कर्मचारी से सीधा सम्पर्क किया जा सके। डीसी ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्मी के सीजन में बिजली के कट नहीं लगने चाहिए।

# भाजपा सरकार महिलाओं के हित में ले रही है अहम निर्णय: अनिल

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिलाओं के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेकर समाज में उनके स्थान और सम्मान में वृद्धि कर रही हैं। यह कहना है भाजपा नेता और कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा का ।अनिल वर्मा ने कहा कि गत दिनों भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बनाकर पूरे देश को संदेश दिया है कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान देने के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी उनके पद प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगी।

इसी दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार ने महिलाओं के हित में बड़ी घोषणाएं करते हुए भाजपा सरकार के नारी,गरीब,युवा और अन्नदाता के हित में अपने चुनावी वायदे को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बजाया।



अनिल वर्मा ने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पक्की महिला सरकारी कर्मचारियों के अवकाश की सीमा बीस अवकाश प्रति वर्ष से बढ़ाकर पच्चीस अवकाश प्रदान करने की महत्वपूर्ण घोषणा की है इसी प्रकार निविदा पर लगी हुई महिला कर्मचारियों को दस दिन की बजाय बाइस दिन के वार्षिक अवकाश घोषित किए गए हैं इन घोषणाओं से महिला कर्मचारियों में खुशी की लहर व्याप्त है और वो मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त करते नहीं थक रही हैं। सरकारी महिला कर्मचारियों के हित में घोषणाएं करने के अतिरिक्त मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपनी मेहनत से जीविका कमाने वाली महिला उद्यमियों को भी एक लाख रुपए तक की ऋण राशि ब्याज मुक्त देने की महत्वपूर्ण घोषणा की।

**अहम निर्णय**

▶▶ नारी, गरीब, युवा और अन्नदाता के हित में चुनावी वायदे को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया

# सम्पर्क फाउंडेशन ने 19 शिक्षकों ओर 5 मुख्य स्कूलों को किया सम्मानित

**बधाई दी**

▶▶ लॉक रिसोर्स पर्सन ,निशा,भावना ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों एवं स्कूल के मुखिया को बधाई दी



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र/बाबैन** : निपुण हरियाणा मिशन के तहत एफ एल एन & फन विथ साइंस कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक और स्कूलों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए सम्पर्क फाउंडेशन के द्वारा 19 शिक्षकों ओर 5 मुख्य स्कूलों को सम्मानित किया गया। खंड संसाधन संयोजक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बेहतरीन शिक्षकों जिनमे अनिल कपूर,राकेश कुमार , सुरेंदर कुमार ,कपिल ,संदीप चौहान ,योदेन्द्र सिंह सुनील, , वरुण,नवीन,राजेश कुमार , नरेश कुमार, सहित 19 शिक्षकों को खंड शिक्षा अधिकारी बाबैन संतोष चौहान के द्वारा मोमेंटो देकर समानित किया गया। सम्पर्क फाउंडेशन के कोऑर्डिनेटर करमजीत सिंह ,सुषमा, नेहा अमरिंदर सिंह अनिल,एवं ब्लॉक रिसोर्स पर्सन ,निशा,भावना ने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों एवं स्कूल के मुखिया को बधाई दी।

# पलटी स्कॉर्पियो, तीन युवकों की मौत

**फतेहाबाद**। जिले के शहर भूना में सोमवार देर रात करीब डेढ़ बजे एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो कार डिवाइडर से टकराकर करीब 50 फुट दूर गिरी और पलट गई। इस हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार टोहाना के गांव डांगरा निवासी 27 वर्षीय विक्रम सोमवार को सिरसा जेल से जमानत पर रिहा हुआ था। उसे लेने के लिए, उसके पांच दोस्त स्कॉर्पियो गाड़ी से सिरसा गए थे। आधी रात को सभी युवक विक्रम को साथ लेकर स्कॉर्पियो से टोहाना लौट रहे थे।

# निराकारी जागृति मिशन की नई कार्यकारिणी गठित

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : खतौली गेट नजदीक भगवान परशुराम गौशाला पर स्थित निराकारी जागृति मिशन आश्रम के प्रांगण में दो दिवसीय विशाल संत सम्मेलन और अटूट भंडारे के सम्पन्न होने के उपरांत परमश्रद्धेय "दिव्य ज्ञान रत्न" श्री.श्री.1008 महामंडलेश्वर सतगुरु स्वामी ज्ञान नाथ जी महाराज, मौजूदा गद्दीनशीन चेयरमैन, निराकारी जागृति मिशन एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, संत सुरक्षा मिशन भारत और चेयरमैन, संत संवारनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट बाहरी, कुरुक्षेत्र की रहनुमाई मे मिशन की समस्त का कार्यकारिणी की विशेष मीटिंग हुई और मिशन के प्रचार-प्रसार करने और गतिविधियों को सुचारु ढंग से चलाने के लिए कुछ संत महापुरुषों की नियुक्ति करके नियुक्ति पत्र दिये गए। सर्वश्री भरत कुमार (विशु) अस्ट्रेलिया सपुत्र गुलशन कुमार माता दर्शना नारायणगढ को मिशन के सिनियर वाइस प्रैसीडेंट की जिम्मेवारी सौंपी गई, इंजि हेमराज सिंह मिशन प्रभारी, जगमाल गोलपुरा उपाध्यक्ष, मेहरचंद व्यवस्थापक, सुरजीत सिंह कोतरखाना उप व्यवस्थापक, दाता राम कैशियर, एडवोकेट विजय कुमार प्रबंधक, विजेंद्र सिंह कार्यकारी प्रबंधक, एडवोकेट नौटरी संजीव कुमार जौली, एडवोकेट श्याम लाल साहा, एडवोकेट जसविन्द जस्सी सुल्लर, कानूनी सलाहकार, सतीश कुमार मददीपुर महासचिव, प्रवीन सुलखनी सह सचिव, प्रवीन मंडीर संगठन सचिव, विजय कुमार कार्यालय सचिव, समाज सेवी मिहा सिंह रंगा कार्यकारिणी सदस्य, श्री मति स्वीटी रंगा मिशन महिला विंग उपाध्यक्ष, महात्मा भरत बैनीवाल मीडिया प्रभारी और कार्यकारिणी सदस्य, डाक्टर जरनैल सिंह रंगा, मुख्य संपादक गजब हरियाणा समाचार पत्र मीडिया प्रभारी, चौं पुर्ण सिंह मीडिया प्रभारी, शुभम, राहुल मीडिया प्रभारी, श्री पवन कुमार गोलपूरा कार्यकारिणी सदस्य, ठेकेदार सतपाल मौजूद रहे।



**भावना**

▶▶ सुचारू ढंग से चलाने के लिए कुछ संत महापुरुषों की नियुक्ति करके नियुक्ति पत्र दिये गए

# अभियान से जुड़कर शिक्षकों ने कहा- नशा मुक्त जीवन नायब जीवन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र**: हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों, पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में हरियाणा में नशे के विरुद्ध नशा मुक्त अभियान चलाया हुआ है जिसका नारा है नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन। इस कार्यक्रम में जन जन की भागीदारी इस बात का साक्ष्य है कि अब नशा और नहीं। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा गाँव गाँव और शहर शहर में नशे के विरुद्ध एक बहुत बड़ा युद्ध छेड़ा गया है। इस कड़ी में आज हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा कुरुक्षेत्र पुलिस लाइन में स्थित




डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल को जोड़ा गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज का कार्यक्रम हुआ। विद्यालय की प्राचार्या मोनिका भाटिया ने सबसे प्रथम इस बकेट चैलेंज को स्वीकार करते हुए कहा कि स्वस्थ और समृद्ध राष्ट्र के लिए नशे से दूरी बहुत अधिक आवश्यक है। तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षकों का तांता जुड़ गया और सभी ने एक स्वर में कहा नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि ब्यूरो नशा तस्करों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई कर रहा है लेकिन केवल एक तरफा कार्रवाई से इस समस्या से छुटकारा नहीं पाया जा सकता। इसीलिए जागरूकता के शस्त्र का सहारा लेकर जन जन को नशा मुक्त अभियान से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि ब्यूरो ने केवल अपराधियों को पकड़ रही है अपितु जागरूकता कार्यक्रमों के अतिरिक्त भी नशे में ग्रस्त हो चुके लोगों को इस दलदल से बाहर निकालने के लिए प्रयास कर रही है। ब्यूरो द्वारा अब तक 574 से अधिक लोगों को नशे से मुक्त करने में सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकता है।

**अभियान**

▶▶ नशा मुक्त अभियान चलाया हुआ है जिसका नारा है नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन। इस बात का साक्ष्य है कि अब नशा और नही

# महिला दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र में रीटा को किया सम्मानित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: अंबाला शहर के कृषि विज्ञान केंद्र में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के सौजन्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अंबाला में बेहतरीन मशरूम उत्पादन के लिए अंबाला शहर के मोहिंदर नगर निवासी रीटा को सम्मानित किया गया। उन्होंने अंबाला शहर कृषि विज्ञान केंद्र से मशरूम उत्पादन की ट्रेनिंग लेकर अपना व्यवसाय शुरू करते हुए आत्म निर्भर बनी है। उन्होंने अन्य महिलाओं से भी कहा कि वे भी यह व्यवसाय अपनाते हुए आत्मनिर्भर बने। आज उन्हें विभागीय अधिकारियों द्वारा सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दी गई , और वहां मौजूद महिलाओं को महिला दिवस का महत्व बताया गया कृषि विज्ञान केंद्र अंबाला की डॉक्टर सुनीता आहूजा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग में महिलाएं हर वर्ग में आगे बढ़ रही हैं महिलाओं को चाहिए कि वह अपनी कला व प्रतिभा से अपने भविष्य को उजागर करें उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से महिलाओं के लिए कई प्रकार के कोर्स भी निशुल्क करवाए जाते हैं।



# इंडियन सिन्थेटिक रबड़ प्राइवेट लिमिटेड ने कौशल विकास शिविर में प्रशिक्षण उपरांत बांटे प्रमाण पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**इंडियन सिन्थैटिक रबड़** प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के तहत गत दिवस गांव सौदापुर एवं आस-पास के 300 दिव्यांजनों व एससी, एसटी और बीपीएल महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत के तहत विभिन्न विषयों मे कौशल विकास प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख एम. एल. डहरिया ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं और दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र वितरित किए। एम.



एल. डहरिया ने उपस्थित महिलाओं और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उदेश्य कमजोर वर्ग के दिव्यांगजनों व महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर समाज की मुख्यधारा में लाने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि आइएसआरपीएल द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए यह एक अच्छी पहल है। जिससे दिव्यांगों और महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। जो समाज को उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाएंगी। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं के सुखद भविष्य की कामना की। आइएसआरपीएल के प्रबंध निदेशक के. जयपाल ने बताया कि इन सभी कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर में 100 -100 दिव्यांगों और महिलाओं को डाटा एंट्री ऑपरेटर का प्रशिक्षण 58 दिनों का, हेंडरोल अगरबत्ती व सुगंधित इसेन्स निर्माण का प्रशिक्षण 36 दिनों का और कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव का प्रशिक्षण 29 दिनों का दिया गया। इस अवसर पर 8 परीक्षार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट किया गया। मुख्य महाप्रबंधक मुकेश शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में कई बैंकों के प्रतिनिधि, स्टार्टअप के अधिकारी एवं कॉरपोरेट के अधिकारियों ने भी शिरकत की और आवश्यक जानकारी जैसे बैंकों से ऋण कैसे प्राप्त करें, स्वंय सहायता समूह कैसे बनायें।
अपने उत्पाद एवं व्यवसाय का प्रबंधन कैसे करें के बारे में विस्तृत जानकारी दी।
मुकेश शर्मा ने बताया कि इंडियन सिन्थैटिक रबड़ प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कोविड के समय से लेकर अन्य भिन्न-भिन्न मौकों पर सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए कार्य किए गए हैं।

# बाबा श्याम के दर्शन के लिए दो बसें डीजे व राधा कृष्ण की झांकी के साथ रवाना की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**बाबा श्याम सेवा समिति** द्वारा आज प्राचीन श्री देवी मन्दिर से चुलकाना धाम के लिए बाबा श्याम के दर्शन के लिए दो बसें डीजे व राधा कृष्ण की झांकी के साथ रवाना की गई। वहीं सभी श्रद्धालुओं व अतिथियों ने फूलों की होली खेली तथा डीजे की धून पर झूमे। जिसमें मुख्य अतिथि श्री खाटू श्याम ट्रस्ट के प्रधान प्रमोद मित्तल, इसू गोयल एवं डा.प्रवेश मलिक, विनोद पांचाल, मोहन लाल पत्रकार व भारती मंगला ने नारियल फोडकर बस रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा हर महीने की चान्दन की द्वादशी को सभी श्याम भक्तों को निःशुल्क दर्शन करवाती है। जिसमें संस्था द्वारा



आना-जाना व खाना निःशुल्क दिया जाता है। मुख्य अतिथि प्रमोद मित्तल ने कहा कि फाल्गुन मास में श्री श्याम बाबा के दर्शन करने मात्र से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। वहीं विनोद पांचाल ने कहा कि समिति श्रद्धालुओं को बाबा श्याम के दर्शन करवाकर बहुत ही पुण्य का कार्य कर रही है। वहीं समिति के अध्यक्ष पवन कंसल ने सभी अतिथियों का पगड़ी पहनाकर,पटका पहनाकर व श्री श्याम बाबा की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सभी का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर मोहन लाल, राकेश मितल, अंकित कंसल, सतीश गोयल, सुभाष जिंदल, संजय जैन, संजय गोयल व पवन पालीवाल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### वरिष्ठ पत्रकार शगुन कैथवास की माता नानकी देवी की श्रद्धांजलि सभा आज

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) वरिष्ठ पत्रकार** शगुन कैथवास की माता की श्रद्धांजलि सभा आज 12 मार्च, बुधवार को ब्रिज धाम,नजदीक राधा कृष्ण मंदिर, आठ मरला चौक, पानीपत में दोपहर 2 से 3 बजें तक होगी। गौरतलब है कि अस्वस्थ होने के कारण 2 मार्च, रविवार को नानकी देवी का निधन हो गया था। वे 70 वर्ष की थी। उनके निधन पर शहर की राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सदस्यों ने भी गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### डीसी ने पुलिस अधीक्षक के साथ किया मतगणना केंद्र का दौरा

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) डीसी एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के साथ आर्य कॉलेज परिसर में मतगणना केंद्र का दौरा किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मतगणना के दौरान किसी भी ऐजेंट को मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, पेन कागज इत्यादि कुछ भी ले जाने की अनुमति नहीं होगी। प्रातः 7 बजे सभी प्रत्याशियों के एजेंट मतगणना केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें। रिजल्ट शीट तैयार करते समय उसको दोबारा चेक भी कर लें। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम ब्रह्मप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना केंद्र के अंदर कोई भी अनधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं कर पाएगा। ड्यूटी देने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के साथ साथ एजेंट के लिए भी परिचय पत्र जारी किए गए हैं जिनके माध्यम से वे निर्धारित स्थान पर जा सकेंगे। इस मौके पर डीएसपी प्रदीप सतीश वत्स, डीएसपी ट्रैफिक सुरेश सैनी, तहसीलदार वीरेंद्र गिल भी उपस्थित रहे।

### गुस्साए परिजनों ने सडक पर शव रखकर किया प्रदर्शन

टीम एक्शन इंडिया
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जि**ले के कुंजपुरा में बीती देर रात को तेज रफ्तार डंपर द्वारा 20 साल के शुभम को कुचलने के मामले में आज पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों के हवाले कर दिया है। वहीं परिजनों की शिकायत पर आरोपी डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद शुभम के परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सडक पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि जब तक आरोपी चालक गिरफ्तार नहीं होता, तब तक शव नहीं उठाया जाएगा। पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। करीब दो घंटे तक चले इस हंगामे के बाद पुलिस ने आश्वासन दिया कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा, तब जाकर मामला शांत हुआ।पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपी के बारे में कोई जानकारी मिल सके। मृतक शुभम मजदूरी करता था और परिवार में छोटा था। उसका एक भाई और बहन भी है। शुभम की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहा है।शुभम सोमवार की रात करीब साढ़े 10 बजे अपने काम से पैदल घर लौट रहा था। गांव में ही सडक किनारे खड़े शुभम को तेज रफ्तार डंफर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि शुभम की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग घटनास्थल पर इक्‍ा हो गए और रोष प्रकट किया। मृतक शुभम मजदूरी करता था और परिवार में सबसे छोटा था। उसका एक बड़ा भाई और एक बहन है। शुभम की मौत के बाद परिवार सदमे में है और मां का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए, ताकि उनके बेटे को न्याय मिल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुंजपुरा क्षेत्र से हर दिन रेत से भरे डंपर गुजरते हैं, जो तेज रफ्तार में होते हैं। कई बार ये डंपर हादसों का कारण बनते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से इस पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाती। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इन तेज रफ्तार डंपरों पर लगाम लगाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। कुंजपुरा थाना प्रभारी महाबीर सिंह ने बताया कि शुभम की मौत के मामले में डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# साइबर क्राइम पर युवाओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**एसडी पीजी कॉलेज** में सात दिवसीय विशेष एनएसएस कैंप के पहले दिन मुख्य अतिथि और वक्ता पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व मैनेजर रोशन लाल सचदेवा ने साइबर क्राइम पर व्याख्यान देते हुए युवा स्वयंसेवकों को आर्थिक लेंन-देन के सही और सुरक्षित तरीके और सलीके सिखाये। वहीं मेहमान का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा कैंप सेक्रेटरी डॉ.राकेश गर्ग और डॉ.संतोष कुमारी ने पौधा रोपित गमले भेंट करके किया। टझ्ज 11 से 17 मार्च तक चलने वाले इस आवासीय कैंप में कॉलेज के 112 स्वयंसेवक हिस्सा ले रहे हैं। सभी स्वयंसेवकों के रहने और भोजन



की पूर्ण व्यवस्था कॉलेज में की गई है । कैंप के दिन की शुरूआत प्रात3 योग और ध्यान शिविर से हुई जिसमें सभी एनएसएस स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। दोपहर के सत्र में स्वयंसेवकों ने कॉलेज और इसके आस.पास के इलाके की साफ-सफाई की। रोशन लाल सचदेवा पूर्व मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक ने कहा कि यदि ओटीपी की मदद से कोई हमारे पैसे निकाल ले तो हमें बिना वक्त गवाएं 1930 साइबर हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करनी चाहिए । हम बलइमतबतपउमण्हवअण्पद साईट पर जाकर भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है । जितनी जल्दी हम अपनी शिकायत दर्ज करवाएंगे उतना ही फायदा हमें होगा। हमें भूल कर भी अपना ओटीपी किसी को नहीं देना चाहिए और अनचाहे लिंक एवं इमेल पर क्लिक नहीं करना चाहिए। हमें आसान संख्या वाले अपना जन्मदिन अपनी गाडी. के नंबर आदि जैसे पासवर्ड नहीं बनाने चाहिए । साइबर फिशिंग के माध्यम से किसी के पास स्पैम ईमेल भेजी जाती है ताकि वह व्यक्ति अपनी निजी जानकारी दे और उस जानकारी से फिर उसका नुकसान कर दिया जाए। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि इस प्रकार के कैंपो से छात्र-छात्राओं के आत्मविश्वास में तो वृद्धि होती ही है साथ ही उनके मन में देश और समाज को समझने और बदलने का जज्बा भी पैदा होता है।

# होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**गीता विद्या** मंदिर पब्लिक स्कूल जौरासी रोड समालखा में मंगलवार को होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इसमें प्री- नर्सरी से लेकर दूसरी कक्षा तक के छोटे- छोटे बच्चों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर व फूलों के साथ होली की खूब मस्ती की। इस कार्यक्रम में नन्हे- मुन्ने बच्चों के प्रस्तुत नृत्य बलम पिचकारी का सभी ने खूब आनंद लिया। बच्चों ने शिक्षक- शिक्षिकाओं के साथ गुलाल उड़ाकर होली का उत्सव मनाया । स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने बताया कि होली आपसी-भाईचारे का प्रतीक है। सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने एवं आपसी गिले-शिकवे भुला कर हमें यह पर्व मनाना चाहिए। प्रधानाचार्या डॉक्टर अभिलाषा कादियान ने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित होली खेलने के बारे में जागरूक कियाऔर बताया कि होली बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है इसलिए हमें होलिका दहन में अपने सभी बुराइयों का दहन कर देना चाहिए। सुषमा त्यागी, रजनी शर्मा, सुषमा रोहिल्ला, सरोज ,अनीता, रिंकी, मोनिका, सविता आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही।

# केयूके के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते प्रथम स्थान प्राप्त किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : लाला लाजपत** राय यूनिवर्सिटी हिसार में वालीबाल के अनौपचारिक टूनार्मेंट में लाला लाजपत राय यूनिवर्सिटी हिसार, हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार और केयूके यूनिवर्सिटी ने भाग लिया। जिसमें केयूके के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-1 से प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं लुवास यूनिवर्सिटी दूसरे और हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार तीसरे नंबर पर रही। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से गैर-शिक्षक कर्मचारियों में खिलाड़ी शमशेर चौहान (कप्तान), वीरेंद्र तंवर, सागर, सुशील यादव, दीपक थापा व अमीर खान ने भाग लिया।

# दलजीत को हर्बल बॉटनिकल गार्डनर स्थापित करने पर प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
आई बी कॉलेज पानीपत की प्रिंसिपल डॉ शशिप्रभा मलिक ने महाविद्यालय में "हर्बल-बॉटनिकल गार्डन" स्थापित करने पर देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ शशिप्रभा ने कहा कि ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार द्वारा आई बी कॉलेज में हर्बल- बॉटनिकल गार्डन" बनाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य किया



इस "हर्बल- बॉटनिकल गार्डन" से जहाँ पर्यावरण में सुधार होगा वहीं आई बी कॉलेज के विद्यार्थियों को जीवन उपयोगी प्राचीन आयुर्वेदिक पौधों की जानकारी मिलने के साथ ही साइंस विषय के विद्यार्थियों को प्रक्टिकल विषयो में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। यह हर्बल ऑक्सीजन गार्डन शुद्ध ऑक्सीजन के एक बड़े स्त्रोत के रूप में वर्तमान व भविष्य में काम आएगा।

# डिबरी में हुआ जागरूकता शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मंगलवार को गांव डिबरी में जागरूकता शिविर का आयोजन किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इरम हसन के जागरूकता शिविर में पहुंचने पर दयाल सिंह कॉलेज की प्रधानाचार्या डा. आशिमा ने उनका भव्य स्वागत व आभार व्यक्त किया। गांव डिबरी में दयाल सिंह कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया।

# दुर्लभ एंडोमेट्रियल कैंसर का हुआ उपचार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( माल हुसैन )** एक दुर्लभ और जटिल मामले में, सीके बिरला अस्पताल, गुरुग्राम के डॉक्टरों ने 28 वर्षीय महिला का सफलतापूर्वक इलाज किया, जो शुरूआती चरण के एंडोमेट्रियल कैंसर से पीड़ित थी। इस उपचार में हार्मोन-रिलीजिंग मिरेना कॉइल का उपयोग किया गया, जिससे महिला की प्रजनन क्षमता बनी रही। युवा महिलाओं में एंडोमेट्रियल कैंसर अत्यंत दुर्लभ होता है, यह 40 वर्ष से कम उम्र की केवल 3-5% महिलाओं को प्रभावित करता है और 20 के दशक में प्रति 1.2 लाख महिलाओं में से केवल एक में पाया जाता है। भारत में कैंसर



उपचार के लिए मिरेना कॉइल का उपयोग और भी दुर्लभ है, क्योंकि सर्जरी को अभी भी मानक उपचार माना जाता है। सीके बिरला अस्पताल, गुरुग्राम के गायनेकोलॉजी एंड आब्सटेट्रिक्स विभाग की डायरेक्टर डॉ. दीपिका अग्रवाल के नेतृत्व में डॉक्टरों की मल्टी डिसिप्लिनरी टीम ने यह सुनिश्चित किया कि नवविवाहित महिला, जिसकी कोई संतान नहीं थी, को सर्वोत्तम संभव उपचार मिले, जिससे उनकी प्रजनन क्षमता सुरक्षित रह सके। यदि समय पर हस्तक्षेप नहीं किया जाता, तो यह बीमारी निःसंतानता या गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकती थी। यह महिला पिछले 3 महीनों से अत्यधिक मासिक धर्म दर्द और अनियमित भारी रक्तस्त्राव से परेशान थी। जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड में 13.4 ७ 14 मिमी का एक बड़ा एंडोमेट्रियल पॉलिप और 14 मिमी की मोटी एंडोमेट्रियल परत दिखाई दी। एंडोमेट्रियल पॉलिप गर्भाशय की अंदरूनी परत पर बनने वाली असामान्य ग्रोथ होती है, जो एंडोमेट्रियल टिशूस की अत्यधिक वृद्धि के कारण बनती है। डॉ. अग्रवाल ने डायग्नोसिस की पुष्टि के लिए हिस्टेरोस्कोपी की, जो एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें एक पतली, रोशनी वाली ट्यूब के माध्यम से गर्भाशय के अंदर की जांच की जाती है और असामान्य वृद्धि को हटाया जाता है।

प्रक्रिया के दौरान, अंगूर के गुच्छों की तरह कई पॉलिप्स पाए गए, जिनका आकार फूलगोभी जैसा था, जिससे कैंसर की आशंका उत्पन्न हुई। इन पॉलिप्स को सावधानीपूर्वक हटाकर उनकी बायोप्सी कराई गई।

# विभाग ने अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसना प्रारंभ कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**खनन एवं भू भाग** हरियाणा के महानिदेशक एम.के. पांडू रंग के निर्देश व जिला उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया के कुशल मार्गदर्शन में अवैध खनन को रोकने के लिए विभाग ने अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसना प्रारंभ कर दिया है।

इस कड़ी में खनन विभाग में इनफार्मेसमेंट ब्यूरो की टीम ने बगैर बिल क्षमता से ज्यादा मंतीरयल ले कर जा रहे अवैध खनन का कार्य कर रहे एक गाड़ी संचालक को चेकिंग के दौरान गलत पाया गया व उसके पास गाड़ी में 30 क्विंटल अधिक भार मिला इस पर उसपर



कार्रवाई करते हुए 4 लाख 25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया व पार्टी ने उसकी गाड़ी को इंपाउंड कर दिया। जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि जीटी रोड पर वाहनों की चेकिंग का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान कई वाहनों की चेकिंग की गई। उन्होंने बताया कि अवैध खनन का कार्य करने वालों को किसी भी तरह से बक्सा नहीं जाएगा।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत बच्चों के चेहरों पर लाई मुस्कान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन )**
ऑपरेशन मुस्कान के तहत पानीपत नए बस स्टैंड सिवाह से दुकानों पर काम कर रहे 8 से 14 साल की उम्र के छह बच्चों और समालखा से भिक्षावृत्ति में लिप्त 5 साल और 8 साल उम्र के 2 बच्चों को मानव तस्करी विरोधी इकाई ने एमडीडी ऑफ इंडिया के सहयोग से रेसक्यू कर बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया गया। जहां इन सभी बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल गृह पानीपत में भेज दिया गया।



इस कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी इकाई से स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज एस आई संदीप कुमार, ए एस आई सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल मुकेश और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से अजय चौहान मौजूद रहे।
स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज ए एस आई संदीप कुमार ने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए भारत सरकार कई तरह के सरकारी कार्यक्रम चलाती है।

# टालमटोल का रैवेया नहीं होगा सहनः उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब** सिंह के मजबूत इरादे प्रदेश में हर वर्ग के नागरिकों में नई ऊर्जा का संचार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा किसी ना किसी क्षेत्र में नि नई नई घोषणाएं की जा रही है जिससे लोगों का जीवन खुशहाल बन रहा है व जन कल्याण की भावना लोगों के लिए प्रेरणादायी साबित हो रही है। उपायुक्त डॉ. विरेंन्द्र कुमार दहिया ने जिला सचिवालय में मंगलवार को 62 लोगों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि अच्छा प्रशासक वही है जो बेस्ट करता है। अधिकारियों को अपनी सही कला को विकसित करके अपनी आंतरिक



शक्तियों का प्रयोग करके जनता समाधान शिविर के लिए कार्य करना चाहिये। क्योंकि इससे आत्म विश्वास में बढ़ोतरी होगी व जनता को इसका लाभ मिलेगा।
उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी जन समस्याओं के समाधान को लेकर अपनी रफ्तार में और तेजी लायें। टालमटोल के रवैये से दूर होकर कार्य करके समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं के निदान को लेकर कार्य करें। टालमटोल का रैवेया किसी भी हाल में सहन नहीं किया जायेगा। नागरिकों की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये की वे कार्यालय के बिजली बिल को तत्काल करें। इसमें किसी भी प्रकार की देरी ना करें। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने कहा कि अधिकारियों को किसी भी तरह के पूर्वाग्रह से दूर होकर जन समस्याओं का समाधान करना है। जिले की जनता प्रशासन द्वारा आयोजित किये जा रहे समाधान शिविर की कार्यशैली को देख रही है। अधिकारियों को चाहिये की वे अपने कार्य को श्रमदान मान कर करें क्योंकि श्रम दान भी विद्यादान और ज्ञान दान की तरह है उसको ध्यान में रख कर जनता की सेवा करें।
समाधान शिविर में निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय व जिला परिषद सीईओं डॉ. किरण ने जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि हमें जनता समाधान शिविर के अस्तित्व को ना केवल जिंदा रखना है बल्कि इसमें कीर्तिमान भी स्थापित करना है। उन्होंने जिन-जिन विभागों से संबंधित समस्याएं समाधान शिविर में पहुंची उनमें रूचि लेकर कार्य करने के निर्देश दिये।

समाधान शिविर में शहर के आटो संचालक नरेश, पुष्पेंद्र, पंकज, नाफिस, अर्जुन , देव ने उपायुक्त से सिटी थाने के सामने जो कटों में जगह दी गई है उसकी एवेज में जो चार्ज किया जा रहा है उसमे कमी लाने की प्रार्थना की। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को जांच के आदेश दिये।


# वरिष्ठ नागरिक संस्था ने किया होली मंगल मिलन समारोह का भव्य आयोजन












**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पूरे देश में होली मंगल मिलन समारोह की धूम मची हुई है। इसी क्रम में आदर्श नगर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आदर्श नगर इलाके की वरिष्ठ नागरिकों की एक पुरानी संस्था वरिष्ठ नागरिक संस्था ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया।

इस मौके पर संस्था के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को तो बधाई दी ही। साथ ही आए मेहमानों का भी भव्य स्वागत-सत्कार किया। इस मौके पर आदर्श नगर के विधायक राज कुमार भाटिया, पूर्व सिविल लाइन जोन चेयरमैन नीलम बुद्धिराजा, एक्शन इंडिया के समूह संपादक रवि भारद्वाज, आदर्श नगर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान विजय तालड़ा, महासचिव राकेश जुनेजा, मजलिस पार्क के प्रधान सुभाष दीक्षित, महासचिव नीरज कपूर, ब्राह्मण सभा के प्रधान अरविंद शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय शर्मा, पूर्व प्रत्याशी अनुभव धीर सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

**वरिष्ठ नागरिकों ने दी सुमधुर प्रस्तुतियां:** इस मौके पर कई वरिष्ठजनों ने बहुत ही उम्दा प्रस्तुति दी। किसी ने भजन सुनाए, किसी ने अपने संस्मरण बताए। कुल मिलाकर हर्ष और उल्लास के इस माहौल में हर कोई होली के रंग में रंगा दिखा। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर होली की मुबारकबाद दी। समारोह का आयोजन बारात घर गली नं. 7 मजलिस पार्क में हुआ।

**संस्था के ये लोग रहे मौजूद :** चेयरमैन गुरदयाल छाबड़ा, संरक्षक देवराज सेठी, महासचिव अशोक कुमार जैन, कैशियर वीपी सिंह, नीरज कपूर के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।







# नरेला में फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली** के नरेला में फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी द्वारा सफियाबाद रोड स्थित दयानंद खत्री कुटीर में होली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सब का मन मोह लिया, वहीं फूलों की होली की स्थानीय समुदाय में सराहना की गई।






कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक राजकरण खत्री व अति विशिष्ट अतिथियों का संस्था पदाधिकारियो द्वारा पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर राधा कृष्ण की झांकी, श्री कृष्ण लीला, बरसाने की होली आदि सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई दी। संस्था के अध्यक्ष जोगेंद्र दहिया ने सभी को होली की बधाई दी और बताया की कार्यक्रम को आयोजित करने का मकसद है कि केमिकल वाले रंगों से होली के दौरान लोगों की त्वचा खराब हो जाती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को फूलों की होली खेलने के लिए प्रेरित किया जाता है। प्रत्येक वर्ष फेडरेशन ऑफ नरेला फूलों की होली का आयोजन पिछले कई वर्षों से करता आ रहा है। वहीं मुख्य अतिथि विधायक राजकरण खत्री ने सभी को होली की बधाई दी और अपने संबोधन में कहा कि फेडरेशन ऑफ नरेला पिछले कई वर्षों से सामाजिक विकास के लिए काम कर रही है।

फेडरेशन के माध्यम से इलाके में विकास कार्यों को गति मिले इसके लिए उनको अनेक प्रकार के सुझाव दिए जा रहे हैं। फेडरेशन के सुझाव को मानते हुए विधायक राजकरण खत्री ने कहा कि नरेला में ट्रैफिक जाम की समस्या बहुत बढ़ गई है इसलिए इलाके में बाईपास का निर्माण जल्दी करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

विशिष्ट अतिथि एसीपी अक्षय कुमार, अधिवक्ता तरुण शौकीन, जोगिंदर राणा, नवीन शर्मा, प्रमुख समाजसेवी डी पी गोयल ने जनता को संबोधन करते हुए फेडरेशन की प्रशंसा की और होली का महत्व समझाया और सभी को अपनी ओर से बधाई दी।

अधिवक्ता नवीन चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि होली पर सभी रंगों का त्योहार सभी मिलकर एक दूसरे से गिला शिकवा दूर करते गले लगाते हुए और भाईचारे के साथ मनाया जाता हैं।

अधिवक्ता तरुण शौकीन ने बताया की यह त्यौहार हम सभी को एक साथ जोड़ने के लिए मनाया जाता है।

इस त्यौहार पर लोग शराब पीकर गाड़ी चलाते हैं या लड़ाई झगड़ा करते हैं हमें ऐसा नहीं करना चाहिए हमें अपने त्यौहार को अपने परिवार और समाज के साथ हंसी-खुशी मनाना चाहिए।

समाजसेवी डी,पी गोयल का कहना है कि इस समय भारतवर्ष में आम आदमी समाज से कटता जा रहा है यह हम सभी के लिए अच्छा संदेश नहीं है। इसीलिए सभी गिले शिकवे भुला कर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए।

इस कार्यक्रम में संस्था महासचिव नरेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष धीरज खत्री, रंजीत पांडे, राजकुमार अरोड़ा, नरेश सैनी, एक्स आर्मी राजेंद्र, मोहित गौतम, दौलत राम भारद्वाज, सरोज वशिष्ठ, कमलेश तुषीर, उषा कश्यप, सुमन, बिन्नी, मोनिका के साथ सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# आदर्श नगर: कांग्रेस कार्यालय में हुआ होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन

- पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने इफ्तार पार्टी और होली मिलन कार्यक्रम करके दिया एकता का संदेश
- बड़ी संख्या में दी स्थानीय लोगों ने उपस्थिति







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: देशभर में होली** मिलन समारोह का आयोजन हो रहा है। लोगों के सिर पर होली का खुमार चढ़ रहा है। जगह-जगह सामाजिक संस्थाएं, आरडब्ल्यूए और मार्केट एसोसिएशनों के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कहीं फूलों की होली तो, कहीं मंदिरों में पारंपरिक होली के गीत गाकर चंदन व गुलाल के साथ होली महोत्सव मनाया जा रहा। इसी बीच दिल्ली के आदर्श नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में भी होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही रमजान का पाक महीना होने के कारण रोजेदारों के लिए इफ्तार पार्टी का भी आयोजन हुआ। इस दौरान स्थानीय लोग होली मनाने कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। इस दौरान सभी ने होली के भजन व गीतों पर झूमते हुए फूलों की होली खेली। साथ ही एक दूसरे को चंदन व गुलाल लगाया।

**पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने किया सभी का स्वागत:** कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने लोगों का भव्य स्वागत और



अभिनंदन किया। अतिथियों का चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया गया और होली की बधाई दी। अपने दादा के साथ आदर्श नगर से कांग्रेस प्रत्याशी रहे शिवांक सिंघल भी कदम से कदम मिलाते दिखाई दिए। इस मौके पर पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने सभी को होली की बधाई दी और कहा कि होली रंगों का त्योहार है। मैं प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि प्रभु सभी के जीवन में खुशियों के रंग भरे और सभी का जीवन खुशहाल हो। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**क्या बोले शिवांक सिंघल:** इस मौके पर शिवांक सिंघल ने कहा कि मैं आए हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों का दिल की गहराइयों से स्वागत करता हूं। मैं क्षेत्र की जनता से वादा करता हूं कि उनके मुद्दों और समस्याओं के लिए सदैव लड़ाई लड़ता रहूँगा। होली के इस अवसर पर सभी ने आकर हमारा मान बढ़ाया है। मैं सभी को दिल की गहराइयों से धन्यवाद देता हूँ।




# बुंदेलखंड भरेगा बीडा से विकास की रफ्तार

## मुख्यमंत्री ने झांसी में युवा योजना के उद्यमियों को किये चेक वितरित, स्मार्ट सिटी से निर्मित पैथोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**झांसी: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने झांसी के एक दिवसीय दौरे में बुंदेलखंड के विकास का विस्तृत खाका खींचा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) 56,000 एकड़ भूमि पर बन रहा है। अभी से ऑफर आने लग गए हैं। फार्मा पार्क के लिए 2,000 एकड़ जमीन ले ली गई है। यहां कन्वेंशन सेंटर बनेगा। इसके साथ ही बुंदेलखंड का विकास रफ्तर भरेगा। युवा उद्यमी अभियान मतलब अपने युवाओं को उद्यमी बनाना है। अब युवा जॉब के पीछे नहीं भागेंगे, बल्कि युवाओं के पीछे जॉब भागेगी। एक-एक युवा आठ से 10 युवाओं को रोजगार देगा। अकेले बुंदेलखंड में 1000 नौजवानों को

**फार्मा पार्क**

**▶▶ बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) 56,000 एकड़ भूमि पर बन रहा है**

युवा उद्यमियों को योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने यह बात मंगलवार को युवा योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में उद्यमियों को रोजगार शुरू करने के लिए पांच-पांच लाख के चेक वितरित करने के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने वीरांगना महालक्ष्मीबाई के शौर्य और वीर भूमि को में नमन करते हुए युवाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि युवा उद्यमी



अभियान मतलब अपने युवाओं को उद्यमी बनाना है। अकेले बुंदेलखंड में 1,000 नौजवानों को युवा उद्यमियों को योजना का लाभ दिया गया है। पांच लाख का लोन ब्याज मुक्त,गारंटी मुक्त है। मार्केट की नब्ज को टटोलकर अपने अनुसार कार्य को ढूंढने की जरूरत है। महाकुंभ में भी युवाओं ने आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ा। आज तकनीकी का युग है। युवा एमएसएमई रजिस्ट्रेशन कराऐं। अगर कोई आपदा भी आती है तो एमएसएमई आपको पांच लाख का सुरक्षा कवर भी देगा।

उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि इसी उत्तर प्रदेश में सूर्यास्त के बाद आवागमन ठप्प हो जाता था। बेटियां स्कूल जाने को डरती थी। व्यापारी व्यापार करने में डरता था। किसान आत्महत्या करने को मजबूर होता था और नौजवान पलायन करने को मजबूर था। जो प्रदेश पहले बीमारू राज्य माना जाता था। आज अग्रणी प्रदेश है। आज प्रदेश देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बन गया है। डबल इंजन की सरकार बुंदेलखंड के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। फार्मा पार्क के लिए 2000 एकड़ जमीन ले ली गई है। यहां कन्वेंशन सेंटर बनेगा।

**सबरी कैंटीन खोली जाएंगी:** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब हर घर नल से जल योजना अपने अंतिम चरण में है। पानी के लिए कभी बुंदेलखंड तरसता था। केन बेतवा लिंक परियोजना भी आगे बढ़ गई है। बुन्देलखण्ड को माफिया राज और दंगाइयों से मुक्त किया गया है, अब किसी दूसरे को पैर मत रखने देना। आने वाले समय में सबरी कैंटीन खुलवाएंगे। आदिवासियों को सरकारी योजना से जोड़ने का लक्ष्य लिया है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने स्मार्ट सिटी के द्वारा निर्मित सिटी पैथोलॉजी हॉस्पिटल ,पैथोलॉजी सेंटर एवं चार स्पोक कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन किया।

# नगर निकायों को 32 करोड़ के विकास को हरी झंडी

**टीम एक्शन इंडिया**

**बागपत: बागपत** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मंगलवार को 15 वें वित्त आयोग की बैठक ली। नगर निकायों द्वारा 32 करोड़ का प्रस्ताव विकास कार्यो के लिए रखा गया। सभी प्रस्ताव पास कर दिए गए हैं। गुणत्ता पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी अस्मिता लाल मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकायों से संबंधित 15वें वित्त आयोग की बैठक ली है। बैठक में नगर निकायों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने,आवश्यक उपकरणों की खरीद को लेकर चर्चा की गई। नगर निकायों ने अपने प्रस्ताव में जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली, ई-रिक्शा ,फागिंग मशीन ,सड़क नाली के निर्माण स्ट्रीट लाइट प्रकाश



व्यवस्था रिबोर आदि के प्रस्ताव रखे जिस पर जिलाधिकारी ने सहमति दी उन्होंने कहा सभी कार्य मानक के अनुरूप किए जाएं । नगर निकायों में विकास कार्य कराए जाने के लिए 32 करोड रुपए के प्रस्ताव पास कर दिए गए है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपकरणों की खरीद मानकों के अनुरूप की जाए, जिससे जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने नगर निकायों को स्वच्छता, पेयजल, सड़क, जल निकासी एवं अन्य आवश्यक सेवाओं में सुधार के लिए प्रभावी योजनाएं लागू करने पर जोर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### रंगपर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई में चटक होता है समरसता का रंग

**गोरखपुर**

**सामाजिक** समरसता के सतत विस्तार के साथ लोक कल्याण ही नाथपंथ का मूल है। आधुनिक कालखंड में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ द्वारा विस्तारित सामाजिक समरसता के अभियान की पताका वर्तमान में गोरक्षपीठाधीश्वर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फहरा रहे हैं। रंगों के प्रतीक रूप में उमंग व उल्लास का पर्व होली भी गोरक्षपीठ के सामाजिक समरसता अभियान का ही एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### अमेजन इंडिया ने यूथ4जॉब्स के साथ की साझेदारी

**नोएडा।** अमेजन इंडिया, भारत में विकलांग युवाओं को गरीबी मुक्त जीवन जीने में मदद करने वाले संगठन, यूथ4जॉब्स फाउंडेशन के साथ गठजोड़ कर रही है। इस भागीदारी का उद्देश्य है, विकलांग महिला विक्रेताओं (सेलर) को अमेजन.इन के जरिये अपने व्यवसाय के ऑनलाइन विस्तार में सहायता प्रदान करना। कंपनी अपने अमेजन सहेली कार्यक्रम के जरिये प्रतिभाशाली विकलांग महिलाओं को व्यापक बाजार के अवसरों से जोड़ेगी ताकि वे डिजिटल अर्थव्यवस्था में अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकें। अमेजन सहेली कार्यक्रम 2017 में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य था भारत में महिला उद्यमियों और महिला-स्वामित्व वाले व्यवसायों द्वारा स्थानीय रूप से बनाए गए उत्पादों के बारे में जागरूकता और पहुंच को बढ़ाना। अमेजन इस साझेदारी के साथ, इन महिला विक्रेताओं के लिए कार्यशालाएं आयोजित करेगी और उन्हें ऑनबोर्डिंग और खाता प्रबंधन में सहायता प्रदान करेगी। उन्हें डिजिटल मार्केटिंग, परफॉरमेंस मार्केटिंग, उत्पाद लिस्टिंग ऑप्टिमाइजेशन और विज्ञापन समाधानों के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि उन्हें एक मजबूत ऑनलाइन व्यवसाय बनाने में मदद मिल सके। इस महिलाओं को डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि और मीट्रिक तक भी पहुंच मिलेगी, जिससे उन्हें ग्राहकों के व्यवहार और अपेक्षाओं के साथ-साथ बाजार से जुड़े प्रमुख रुझानों को समझने में मदद मिलेगी। अमेजन इंडिया के बिक्री निदेशक, श्री गौरव भटनागर ने इस भागीदारी पर अपनी टिप्पणी में कहा, "हम भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महिला उद्यमियों की क्षमता का सम्मान करते हैं। यूथ4जॉब्स के साथ हमारे सहयोग का उद्देश्य है, विकलांग महिलाओं को हमारे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर सफल व्यवसाय तैयार करने के लिए उपकरण और अवसर प्रदान कर उनका समर्थन करना। हमारा मानना है कि यह पहल अपेक्षाकृत अधिक समावेशी डिजिटल बाजार तैयार करने में योगदान देगी।"

### जलियांवाला बाग और उसके पार : नस्लवाद और ब्रिटिश राज पर राम माधवानी की सशक्त टिप्पणी

**चंडीगढ़: आ**ज रिलीज हुई, द वेकिंग ऑफ ए नेशन भारत के इतिहास के सबसे निर्णायक क्षणों में से एक को जीवंत करती है। जलियाँवाला बाग हत्याकांड की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज इस महत्वपूर्ण घटना के इर्द-गिर्द अनकही साजिश को उजागर करती है। तारूक रैना, निकिता दत्ता, साहिल मेहता और भावशील सिंह साहनी जैसे बेहतरीन कलाकारों के साथ, यह शो दमदार अभिनय का वादा करता है जो इस ऐतिहासिक कथा में गहराई और प्रामाणिकता लाता है। प्रशंसित फिल्म निमार्ता राम माधवानी द्वारा निर्देशित और राम माधवानी और अमिता माधवानी द्वारा सह-निर्मित, यह सीरीज उनकी विशिष्ट कहानी कहने की प्रतिभा और भावनात्मक गहराई को दर्शाती है। शो के पीछे की प्रेरणा माधवानी की एक मार्मिक व्यक्तिगत स्मृति से आती है, जब वो अपनी मां के साथ लंदन की अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय यात्रा के दौरान इकोनॉमी क्लास में अलग-अलग बैठे थे। सीटबेल्ट के संकेत बंद होने के बाद, वह अपनी मां को देखने के लिए गलियारे से गए। उन्होंने देखा कि छोटी सी रसोई की जगह से ठीक पहले पहली पंक्ति में एक श्वेत व्यक्ति बैठा था। पर्दा खोलने में हिचकिचाहट के कारण, उसने उस आदमी से पूछा कि क्या वह उस पार जा सकता है।

## अधेड़ की सिर कूच कर निर्मम हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**कानपुर: थाना** घाटमपुर-सजेती बॉर्डर पर मंगलवार को अधेड़ का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। मृतक की शिनाख्त सजेती के जमालपुर गांव निवासी परशुराम यादव (58) के रूप में हुई है। प्रारम्भिक जांच में पाया गया कि मृतक की पहचान छुपाने के उद्देश्य से उसके सिर और चेहरे पर पत्थरों से हमला किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक परशुराम सोमवार की देर शाम खेतों की रखवाली करने गए थे।

# होली पर्व: वाराणसी में सोशल मीडिया की कड़ी निगरानी

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी: आगामी** होली पर्व और वर्तमान में चल रहे रमजान माह को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस कार्यालय बाबतपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता पुलिस उपायुक्त (गोमती जोन) प्रमोद कुमार एवं अपर पुलिस उपायुक्त आकाश पटेल ने की। बैठक में गोमती जोन के सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं हल्का प्रभारियों को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**होली को लेकर विशेष दिशा-निर्देश:** सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में सम्मानित नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठकें



आयोजित करेंगे, जिससे सामुदायिक सहयोग से शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। किसी भी नई प्रथा या परम्परा की शुरूआत न करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि संभावित विवादों से बचा जा सके। प्रत्येक होलिका दहन स्थल का भौतिक निरीक्षण किया जाएगा और वहां वालंटियर्स की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, सभी संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पूर्व की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों व सीसीटीवी के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी जाएगी। पुलिस बल के साथ सक्रिय

**चाक चौबंद**

**▶▶ भौतिक निरीक्षण किया जाएगा और वहां वालंटियर्स की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी**

गश्त की जाएगी, वहीं चिन्हित स्थानों एवं अंतरजनपदीय बॉर्डरों पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच सुनिश्चित की जाएगी। पूर्व में उपद्रव फैलाने वालों एवं अन्य असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें शराब की दुकानों की जांच करेंगी, वहीं सार्वजनिक स्थानों पर मादक पदार्थों का सेवन करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। डी.जे. संचालकों को ध्वनि विस्तारक यंत्रों के लिए शासन द्वारा निर्धारित नियमों की जानकारी दी जाएगी और गाइडलाइंस का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और किसी भी भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा, प्रशिक्षु सहायक पुलिस आयुक्त (थाना कपसेठी) एवं जोन के सभी थाना प्रभारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने महिला बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट नेटवर्क का विस्तार करके उसे 100,000 तक पहुँचाय

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार । एयरटेल पेमेंट्स बैंक भारत में बैंकिंग की** उपलब्धता व समावेशिता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने मिशन को महिलाओं पर केंद्रित रहते हुए एयरटेल पेमेंट्स बैंक पूरे देश में वित्तीय समावेशिता लाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एयरटेल पेमेंट्स बैंक उन महिलाओं को सम्मानित कर रहा है, जो महिला बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट्स के रूप में वित्तीय उपलब्धता बढ़ाने में अमूल्य योगदान दे रही हैं तथा वंचित समुदायों को बैंकिंग के दायरे में ला रही हैं। बैंक अब 1,00,000 से अधिक महिला बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट के साथ काम करता है, जिससे वित्तीय समावेशन और आर्थिक सशक्तीकरण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता मजबूत होती है।पिछले सालों में एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने बैंकिंग सेवाओं को देश के सबसे दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में पहुँचाकर सबसे विशाल बैंकिंग नेटवर्क का निर्माण किया, जिसमें 500,000 से ज्यादा पड़ोसी बैंकिंग पॉइंट शामिल हैं। ये बैंकिंग पॉइंट बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट्स द्वारा चलाए जाते हैं, जो बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित और अधिकृत होते हैं। इस बैंक ने मुख्य बाजारों में तेजी से वृद्धि की है और बैंकिंग सेवाओं से वंचित तथा बैंकिंग सेवाओं की कमी वाले लाखों लोगों तक वित्तीय सेवाएं पहुँचाई हैं। वित्तीय समावेशिता लाने के अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने इस परिवर्तन के लिए महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। महिला बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट डोरस्टेप बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिनमें खाता खुलवाने,

फंड ट्रांसफर करने, बिल का भुगतान करने, तथा माईक्रो लोन की सेवाएं शामिल हैं। बीसी नेटवर्क ये सभी सेवाएं उन लोगों तक पहुँचा रहा है, जिन्हें पहले बुनियादी बैंकिंग सेवाएं या तो बिल्कुल उपलब्ध नहीं थीं, या बहुत कम उपलब्ध थीं।

## होलिका दहन से करोड़ों रुपए से बनी सड़कें हो जाती हैं क्षतिग्रस्त : वीरेन्द्र

**कानपुर,**

**चौक चौराहा** पर होलिका दहन से करोड़ों रुपए से बनी सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाती है और यातायात भी बाधित होता है। इसको लेकर विकलांग एसोसिएशन ने मंगलवार को लोगों को जागरूक करने के लिए जनपद के सेन्ट्रल पार्क से रैली निकालने का प्रयास किया। जिसे पुलिस ने लॉ एंड आर्डर का हवाला देकर रोक दिया। यह जानकारी देते हुए विकलांग एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन काकदेव थाना प्रभारी को सौंपा । उन्होंने बताया कि ज्ञापन में जिला प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि चौक

# रेलवे अपनाएगा महाकुम्भ के क्राउड मैनेजमेंट के तरीके




**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज: भारतीय** रेलवे होली सहित अन्य पर्वों पर महाकुम्भ में भीड़ प्रबंधन में उपयोग की गई तकनीकी का प्रयोग करेगा। यह जानकारी मंगलवार को प्रयागराज रेल मण्डल के एसपीआरओ अमित मालवीय ने दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में विश्व के सबसे बड़े मानवीय समागम, महाकुम्भ 2025 में प्रयागराज में 45 दिन में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। प्रयागराज रेल मण्डल ने रिकार्ड 16780 ट्रेनों का संचालन कर लगभग 5 करोड़ श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य स्टेशन तक पहुंचाने का कार्य किया। महाकुम्भ में प्रयागराज रेल मण्डल के 9 स्टेशनों पर अपनाये गये क्राउड कंट्रोल के तरीकों को अब भारतीय रेल होली व अन्य प्रमुख त्योहारों पर देश के बड़े स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण के लिए उपयोग में लाएगा। होली के त्योहार पर भीड़ नियंत्रण को लेकर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय लिए गया है कि अधिक भीड़ वाले स्टेशनों पर महाकुम्भ की तरह होल्डिंग एरिया, नियंत्रित प्रवेश, सीसीटीवी कैमरों से कंट्रोलिंग और डिजिटल कम्युनिकेशन उपकरणों का उपयोग किया जाएगा।

**महाकुम्भ के सफल भीड़ मैनेजमेंट के तरीकों का होली के त्योहार में होगा उपयोग:** भारतीय रेलवे ने उच्च स्तरीय बैठक में होली व अन्य प्रमुख त्योहारों में देश के अधिक भीड़ वाले 60 रेलवे स्टेशनों पर महाकुम्भ में प्रयागराज रेल मण्डल के सफल क्राउड मैनेजमेंट के तरीकों का उपयोग करने का निर्णय लिया है। प्रयागराज रेल मण्डल के एसपीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्राउड मैनेजमेंट को लेकर कई जरूरी निर्णय लिये गये हैं। उन्होंने बताया कि आनंद विहार, सूरत, उधना, पटना और नई दिल्ली जैसे अधिक भीड़ वाले स्टेशनों पर अतिरिक्त वेटिंग रूम या होल्डिंग एरिया बनाने का निर्णय लिया गया है।

# दहेज प्रथा को बन्द करना होगा: राज्यपाल आनंदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**आजमगढ़: राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के तहत आज हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में आंगनवाड़ी केन्द्रों पर संसाधन किट एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण/स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रगान के साथ किया गया।

**आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताएं:** इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों को और बेहतर करने के लिए आंगनवाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों को हेल्थ किट (रुमाल, सीसा, कंघी, नेल कटर आदि) के उपयोग के बारे में प्रेरित करें। साथ




ही आंगनवाड़ी कार्यकत्री बच्चों को नेल कटर का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें एवं उनको बतायें कि हफ्ते में एक बार अवश्य नाखून काटना चाहिए। उन्होने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों के बच्चों को साफ-सुथरा रखने के लिए केन्द्रों पर बच्चों की हाइट के अनुरूप सीसा अवश्य रखें, जिससे आने वाले बच्चे अपने आपको उसमें देखें कि वे कितने सुन्दर दिखते हैं, और उनको साफ-सुथरा रहने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्राइवेट अस्पतालों से हेल्थ किट उपलब्ध कराने हेतु सहयोग लें। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताएं, ताकि वे बच्चों को भी अच्छी शिक्षा के महत्व को बता सकें।

**बंद होनी चाहिए दहेज प्रथा:** उन्होने कहा कि दहेज प्रथा बन्द होना चाहिए। दहेज प्रथा से घर में लड़की को मारा पीटा जाता है, उसका शोषण किया जाता है। हम सभी को दहेज प्रथा के विरूद्ध खड़ा होकर दहेज प्रथा को बन्द करना होगा,

तभी एक विकसित समाज, विकसित राष्ट्र एवं विकसित प्रदेश का निर्माण होगा।

# भाई की पत्नी की हत्या के बाद फरार जेठ ने की गोली मारकर आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**फिरोजाबाद: थाना** सिरसागंज क्षेत्र अन्तर्गत छोटे भाई की पत्नी की हत्या के बाद जेठ ने भी खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार को उसका शव गांव के बाहर मिला है। पास में तमंचा मिला है और पुलिस घटना की जांच कर रही है।

घटना सिरसागंज थाना क्षेत्र के गांव सराय मुरलीधर की है। यहां रहने वाले सतीश लगभग 10 दिन पूर्व कानपुर देहात के गांव झींझक में आलू खुदाई की मजदूरी करने गए थे। घर पर उनकी पत्नी कुसुम, बेटी विशाखा

**जांच जारी**

**▶▶ शव गांव के बाहर मिला है। पास में तमंचा मिला है और पुलिस घटना की जांच कर रही है**

और दो बेटे सत्यम व शिवा थे। सोमवार को बेटी और एक बेटा काम करने गए थे जबकि एक बेटा स्कूल पढ़ने गया था। बच्चे जब घर लौटे तो उनकी मां मृत अवस्था में पड़ी थी। बच्चों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मौके पर जांच की थी। मृतका के चेहरे पर गंभीर जख्म थे। मृतका के पति सतीश ने अपने ही बड़े भाई आशाराम जो कि पास में ही रहता था पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। आरोपित घटना के बाद से ही फरार था। मंगलवार को आरोपित आशाराम का शव गांव के बाहर मारघटी के पास लोगों ने पड़ा देखा तो मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पास में ही एक तमंचा भी पड़ा था। यह देख ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी।

## पॉलिसी बनाकर साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद: थाना साइबर** क्राइम पुलिस ने मंगलवार को इन्श्योरेन्स कम्पनियों की एप में छेड़छाड़ कर फर्जी इन्श्योरेन्स पॉलिसी बनाकर साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त 04 मोबाइल फोन बरामद किये गए हैं।

एडीसीपी (क्राइम) पीयूष सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में एक इन्श्योरेन्स कम्पनी का एजेंट भी शामिल है। आरोपियों में रिछपाल पुरी थाना कोतवाली निवासी **विकास कश्यप,ग्राम पारपा थाना धौलाना हापुड़ निवासी** आकाश सिसोदिया,सिविल लाइंस, जनपद मुरादाबाद निवासी याकूब तथा आरिम अली है।

उन्होंने बताया कि 8 मार्च को आईसीआईसीआई लोंबार्ड जनरल इन्श्योरेन्स के उपाध्यक्ष संजय ठाकुर ने एफआईआर दर्ज कराई थी कि गाजियाबाद के पालिसी एजेन्ट ने उनकी कम्पनी के इन्श्योरेन्स एप में छेड़छाड़ कर वाणिज्यिक वाहनों, निजी कारों, माल वाहक वाहनों को दोपहिया वाहन दिखाकर फर्जी इन्श्योरेन्स पालिसी तैयार कर कम्पनी को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया है।

विकास कश्यप जो कि कम्पनी में इन्श्योरेन्स पालिसी एजेन्ट है।

# आरपीएफ कॉस्टेबल भर्ती परीक्षा में पकड़े गए साल्वर गैंग के दो सदस्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज:**

**आर.पी.एफ.कॉस्टेबल** भर्ती परीक्षा में मंगलवार को सरायइनायत व एसओजी एवं सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने साल्वर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने गिरोह के सदस्यों के कब्जे से मक्खी ब्लूटूथ व एक सिम डिवाइस और मोबाइल फोन समेत अन्य कूट रचित दस्तावेज बरामद किया है। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त गंगा नगर कुलदीप सिंह गुनावत ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार साल्वर गैंग के सदस्यों में

**शांति**

**▶▶ आफिस, 3 पासबुक, एक उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, एक निवास प्रमाण पत्र बरामद हुआ है**

वाराणसी जनपद के जनसा बाजार थाना क्षेत्र के सरौनी गांव निवासी सुजीत कुमार मौर्य पुत्र लालजी मौर्य और इसका पड़ोसी राजीव कुमार वर्मा उर्फ राजू वर्मा पुत्र सत्य नारायण है। उक्त दोनों आरोपितों को सरायइनायत क्षेत्र में स्थित सुनीता सिंह सीता सिंह महिला महाविद्यालय अन्दावा के पास से गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त अभियुक्तों की निशानदेही पर एक मक्खी ब्लूटूथ व एक सिम डिवाइस में लगा हुआ, एक मोबाइल रियलमी, 9 कूटरचित अंक पत्र, 7 अंक पत्र, 4 चेक बुक सहित 77 चेक एस.बी.आई.,यूनियन बैंक के, 01 डिवाइस वायरलेस बाउफिंग, 04 शपथ पत्र, 02 मोबाइल फोन, 01 पर्स, 01 चेक पोस्ट आफिस, 3 पासबुक, एक उद्यम रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, एक निवास प्रमाण पत्र बरामद हुआ है ।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 12 मार्च 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## जय शाह का फर्जी पीए बनकर होटल में रह रहा गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार से हाई-प्रोफाइल ठगी के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बेटे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) चेयरमैन जय शाह का निजी सचिव बनकर लोगों से ठगी की कोशिश करने के एक शातिर व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से फर्जी आईडी कार्ड व अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। आरोपित का नाम अमरिन्दर सिंह (35) वर्ष पुत्र किक्कर सिंह निवासी नाजूशाह थाना कुलगढी जिला फिरोजपुर, पंजाब बताया गया है। जानकारी के मुताबिक खडखडी हरिद्वार क्षेत्रान्तर्गत एआरटीओ चौक स्थित होटल उदमन आर्चिड के रिसेप्शनिस्ट विशाल पोखरियाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक व्यक्ति केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह जो वर्तमान में आईसीसी चेयरमैन हैं, का फर्जी निजी सचिव बनकर होटल की 5 मार्च से सुविधाएं ले रहा है। लोगों को बुलाकर फर्जी मीटिंग भी कर रहा है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए होटल में छापा मारा और शातिर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का एक फर्जी आईडी कार्ड बरामद किया, जिसमें जय शाह एवं आरोपित अमरिन्दर की फोटो लगी है। आईडी कार्ड पर जय शाह के हस्ताक्षर भी हैं तथा आईडी कार्ड के बीच में अशोक स्तम्भ का चिन्ह और उसके नीचे बीसीसीआई का लोगो भी बना हुआ है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच में जुट गई है। उल्लेखनीय है कि जय शाह वर्तमान में आईसीसी चेयरमैन हैं। इससे पहले वह बीसीसीआई सचिव थे। इस समय बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया हैं।

## केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** इस वर्ष 2 मई से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए रुद्रप्रयाग जिले के प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों, होटल संचालकों और विभिन्न संगठनों के साथ बैठक की। इस मौके पर उन्होंने यात्रा व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के लिए प्रशासन, पुलिस और विभागों को निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने विभागीय अधिकारियों से दो टूक कहा कि केदारनाथ यात्रा मार्ग पर जरूरी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं।

# बुंदेलखंड की ताकत का एहसास अब दुनिया करेगी: सीएम

### एकदिवसीय दौरे पर झांसी पहुंचे सीएम योगी, सीएम युवा उद्यमी विकास योजना के 1070 लाभार्थियों को किया ऋण वितरण

सशक्त

▶▶ आधुनिक स्पेस म्यूजियम का अवलोकन, नए भारत का नया उत्तर प्रदेश भी पूरी सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ रहा



**टीम एक्शन इंडिया**

**झांसी: एक** दिवसीय दौरे पर मंगलवार को झांसी पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा शक्ति को सशक्त करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत झांसी और चित्रकूट मंडल के संयुक्त क्रेडिट कैंप का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने युवा उद्यमी विकास योजना के 1070 लाभार्थियों को ऋण वितरण किया और योजना से संबंधित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने बुंदेलखंड की प्रगति और प्रदेश के बदलते स्वरूप को लेकर सरकरा द्वारा किए गए जा रहे प्रयासों का जिक्र किया। साथ ही सीएम योगी ने महाकुंभ की सफलता पर प्रदेशवासियों को बधाई दी और युवाओं के आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज नए भारत का नया उत्तर प्रदेश भी अपनी पूरी सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ रहा है। आने वाले समय में बुंदेलखंड की ताकत का एहसास अब दुनिया करेगी।

**बिजनेस में नवाचार और टेक्नोलॉजी का उपयोग करें युवा- योगी**

सीएम युवा उद्यमी अभियान पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका मकसद युवाओं को उद्यमी बनाकर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड में 1070 युवाओं को इस योजना के तहत ब्याज और गारंटी मुक्त 5 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया, जिसमें 10% मार्जिन मनी अनुदान के रूप में दी गई। उन्होंने कहा कि कोई भी युवा जो पूंजी के अभाव में कारोबार शुरू नहीं कर पा रहा, उसके लिए यह योजना तैयार है। सीएम योगी ने कहा कि ईमानदारी और धैर्य से काम करने वाले ये युवा अगली बार 10 लाख रुपये के क्रेडिट के साथ आएंगे और कुछ ही वर्षों में लखपति से करोड़पति बन सकते हैं।

### 8 साल पहले बूंद-बूंद पानी को तरसता था बुंदेलखंड- सीएम योगी

**सीएम** योगी ने कहा कि आठ साल पहले बुंदेलखंड पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसता था, लेकिन अब हर घर नल योजना अपने अंतिम चरण में है। शीघ्र ही हर घर में पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। केंन-बेतवा परियोजना के जरिए हर खेत को पानी पहुंचाने की दिशा में भी कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड अपने पुराने गौरव को फिर से हासिल करने के लिए तैयार है। योगी ने माफिया और दंगाइयों से मुक्त बुंदेलखंड की तारीफ की और लोगों से अपील की कि ऐसे तत्वों को दोबारा पनपने न दें, ताकि आने वाली पीढ़ी को कोई शिकायत न हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार गरीबों, व्यापारियों और बेटियों की सुरक्षा के लिए हर कदम पर साथ खड़ी है। किसानों के लिए योगी ने गेहूं की समर्थन मूल्य में 150 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की घोषणा की, जो अब 2400 से 2550 रुपये हो गया है। हर मंडी में माता शबरी के नाम पर सस्ती कैंटीन की व्यवस्था होगी, जहां किसानों को चाय और भोजन मिलेगा। माता अहिल्याबाई के नाम पर कामकाजी महिलाओं के लिए सात छात्रावास बनाए जाएंगे। जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वंचितों को मकान, शौचालय, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड दिए जाएंगे। सीएम ने कहा कि यह सब वीरांगना लक्ष्मीबाई को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने झांसी के स्वाभिमान के लिए बलिदान दिया।

## माफियाराज झेलने वाले प्रयागराज का अब कायाकल्प: मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कॉनक्लेव में पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया और उन पर पुष्पवर्षा भी की। मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों को नींव का पत्थर बताते हुए कहाकि इन्होंने स्वच्छ कुम्भ के संदेश को साकार किया है। सीएम ने कहाकि महाकुम्भ ने आस्था को आर्थिकी के साथ जोड़ने के बड़े अभियान को आगे बढ़ाया है। महाकुम्भ का आयोजन प्रयागराज जैसे शहर के विकास को बढ़ाने में काफी सफल रहा। एक समय प्रयागराज माफियाराज से जकड़ चुका था, दुर्दांत माफिया पूरे प्रयागराज को रौंद रहे थे। आज महाकुम्भ के कारण उसका कायाकल्प हो गया। यहां विकास के अनेक बड़े-बड़े कार्य हुए। महाकुम्भ के कारण यह प्राचीन व पौराणिक नगरी आज नए कलेवर के रूप में दिखाई दे रही है।

**सामूहिक प्रयास का परिणाम होती है सफलता**

सीएम योगी ने सरकार के बाद सफाईकर्मियों के सम्मान के पहले सार्वजनिक आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कार्य संपन्न होने के बाद अक्सर हर व्यक्ति अपनी राह पकड़कर आगे की सोचने लगता है। नींव पर बनी इमारत में सब रहते हैं, लेकिन पत्थ? भुला दिए जाते हैं। उनके महत्व को विस्मृत कर दिया जाता है। 'महाकुम्भ की नींव' को जिन स्वच्छता कर्मियों ने सुदृढ़ करने का प्रयास किया, जिनकी बदौलत यह दिव्य-भव्य महाकुम्भ हो पाया। उनके सम्मान का यह कार्यक्रम अभिभूत करने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी आयोजन सफलता की ऊंचाई पर तब पहुंचता है, जब सब लोग सामूहिक भाव के साथ मिलकर प्रयास करते हैं।

### 'सनातन का भाव ही कृतज्ञता का होता है'

**सीएम** ने कहा कि सनातन धर्म का भाव ही कृतज्ञता का होता है। किसी ने यह नहीं बोला कि यह सरकारी आयोजन है, सबने इसे अपना आयोजन माना। जो भी आया, वह आयोजन को आशीर्वाद देकर ही गया। यह मानवता का अब तक का सबसे बड़ा समागम था, जिसने देश-दुनिया को बहुत कुछ संदेश दे दिया है। इतने बड़े आयोजन भी हो सकते हैं, क्राउड मैनेजमेंट का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया जा सकता है। आस्था को आजीविका के साथ भी बदला जा सकता है और ढेर सारे लोगों के जीवन में परिवर्तन भी लाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आयोजन संपन्न होने के बाद 27 फरवरी को मैं प्रयागराज गया था।

## सीएम ने यमकेश्वर निवासियों से किया मुख्य सेवक संवाद



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्करसिंह धामी ने सोमवार को विकास खंड यमकेश्वर के स्थानीय निवासियों के साथ मुख्य सेवक संवाद किया। इस दौरान उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं पर जोर देते हुए कहा कि सजग नागरिक सुशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिले, इसके लिए सरकारी कार्मिकों को सरकार की मंशा के अनुरूप सेवा व सुशासन को प्राथमिकता देनी होगी। मुख्यमंत्री ने वर्चुअल संवाद के माध्यम से बताया कि सीएम डैशबोर्ड और सीएम हेल्पलाइन की व्यवस्था जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए की गई है। साथ ही, समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए त्वरित समाधान दल (रैपिड सॉल्यूशन टीम) को पहले चरण में पौड़ी जनपद में लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल का लाभ यमकेश्वर के नागरिकों को भी मिलेगा और इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी पौड़ी और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उचित तैयारी की है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि "रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म" के मंत्र के साथ यह कार्यक्रम सुचारू रूप से आगे बढ़ेगा।

सजग

▶▶ जनकल्याणकारी योजनाओं पर जोर देते हुए कहा कि सजग नागरिक सुशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं

## चैम्पियन को फिर कोर्ट से झटका, नहीं मिली जमानत

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार। पूर्व** विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैम्पियन को एक बार फिर से कोर्ट से झटका लगा है। आज भी चैम्पियन को जमानत नहीं मिली। जिस कारण से उनकी होली इस बार जेल में ही मनेगी। कोर्ट ने आज सुनवाई के दौरान उनकी न्यायिक हिरासत को 21 मार्च तक के लिए बढ़ा दिया है। जानकारी के मुताबिक प्रणव सिंह चैम्पियन की मंगलवार को कोर्ट से जमानत नहीं मिली। कुंवर प्रणव सिंह 27 जनवरी को जेल भेजे गए थे।

## जलवायु परिवर्तन एक गंभीर चुनौती: धामी

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन संपूर्ण विश्व के लिए एक गंभीर चुनौती के रूप में सामने है। उन्होंने पिछले वर्ष की गर्मी के अनुभव को याद करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण देहरादून सहित विभिन्न पर्वतीय क्षेत्रों में तापमान पहले की तुलना में बहुत अधिक रहा। ऐसे समय में, जलवायु परिवर्तन को लेकर जागरूकता और समाधानों पर गहनता से चर्चा करनी जरूरी है। वाडिया इंस्टीट्यूट में मंगलवार को जलवायु परिवर्तन एवं नवीकरणीय ऊर्जा 'चुनौतियां और समाधान विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्यमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि संगोष्ठी न केवल जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को समझने का एक अवसर है, बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारे संकल्पों को मजबूती देने का भी एक विशिष्ट मंच है।

गहनता से चर्चा

▶▶ जलवायु परिवर्तन के कारण देहरादून सहित विभिन्न पर्वतीय क्षेत्रों में तापमान पहले की तुलना में बहुत अधिक रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हरियाली मिशन के अंतर्गत लाखों की संख्या में पौधे रोपे जा रहे हैं। जल शक्ति अभियान के माध्यम से 1000 गांवों में तालाबों और पारंपरिक जल स्रोतों को भी पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन ऑथॉरिटी का गठन भी किया है, जिसके अन्तर्गत अभी तक 5500 जलीय स्त्रोतों और 292 सहायक नदियों का चिन्हीकरण कर उनका उपचार किया जा रहा है। वाडिया इंस्टीट्यूट के सहयोग से ग्लेशियर अध्ययन केंद्र भी स्थापित किया है।



मणिपुर के टेंग्नौपाल जिले के छात्रों ने मंगलवार को राष्ट्रीय एकता यात्रा के अंतर्गत राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) से मुलाकात की।

## कई माह में पैट ट्रांसफार्मर को किया चालू

**महेंद्रगढ़।** जिले में खेतों में ढाणी बनाकर रहने वाले लोगों की सुविधा को लेकर बिजली निगम द्वारा गुजरात की तर्ज पर एक फेज वाले ट्रांसफार्मर लगाए गए थे, जिन्हें पैट ट्रांसफार्मर कहते हैं। जिन पर सरकार ने करोड़ों रुपये खर्च किए थे। पिछले एक वर्ष से ये ट्रांसफार्मर शो-पीस बनकर रह गए हैं। ऐसे में सरकार की ग्रामीणों को सविधा देने के लिए बनाई गई करोड़ों रुपये की योजना निगम के अधिकारियों की कार्यप्रणाली के चलते धूल फांक रही है।

जागरुक किया

नमामि गंगे की ओर से महाकुम्भ में 500 गंगा सेवा दूत उतरे मैदान में

## मां गंगा की स्वच्छता के लिए 45 दिनों तक चला अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ/प्रयागराज:** महाकुम्भ में पर्यावरण और मां गंगा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नमामि गंगे के तहत 45 दिनों तक अभियान चलाए गए। जिसमें 500 गंगा सेवादूतों के साथ दो हजार से ज्यादा जिला गंगा समिति, गंगा टास्क फोर्स, भारत स्काउट गाइड, गंगा विचार मंच के लोग अभियान में जुटे। महाकुम्भ में गंगा स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसी के साथ स्वच्छ गंगा मिशन के तहत डिजिटल तरीके से देश-विदेश से आए लोगों को मां गंगा की जानकारी भी दी गई।



जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने बताया कि पर्यावरण और मां गंगा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की रैलियां निकाली गईं। जिनका उद्देश्य देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान स्वच्छता और हरित महाकुम्भ का संदेश दिया गया। नमामि गंगे प्रदर्शनी में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत एक डिजिटल प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें देश-विदेश से आए लोगों को गंगा और पर्यावरण के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा स्लोगन के माध्यम से संगम की रेत पर श्रद्धालुओं को गंगा स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। त्रिवेणी की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को नदी में प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा आदि न फेंकने के लिए प्रोत्साहित किया गया। महाकुम्भ के दौरान घाट और नमामि गंगे प्रदर्शनी में युवाओं ने प्रभावशाली नाट्य विधा के माध्यम से मेले में आने वाले लोगों को गंगा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

